| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 20.0 | 09.0 | 19.0 |
| धनबाद | 22.0 | 09.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 09.0 | 25.0 |
| पलामू | 21.0 | 08.0 | 21.0 |

सेंसेक्स 71,657.71 ▲ +271.50
डॉलर 83.022 ▼ -0.093
तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 11 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 86, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com





संपादकीय | आस्था और आध्यात्म ...8 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | अभिनेत्री नयनतारा समेत फिल्म अन्नपूर्णी स्टार कास्ट...10 | देश/विदेश







## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,390

चांदी (किलो) 72,100

## एक नजर

### नेशनल बॉक्सिंग में झारखंड की अन्नू ने जीता रजत



**उंटारी रोड।** मुक्केबाजी के राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के बॉक्सिंग टीम के पूर्व कप्तान अनुपम तिवारी ने बताया कि दिल्ली में चल रहे 67वीं स्कूल नेशनल गर्ल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड की अन्नू ने रजत पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि स्कूल नेशनल के इतिहास में पहली बार सिल्वर मेडल जीतकर छात्रा ने राज्य का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के शिक्षा सचिव के रवि, एसपीडी किरण कुमार पासी, धीर्सेन ए सोरेंग, बादल कुमार, प्रवीण यादव एवं खेल कोषांग के सभी सदस्यों ने बधाई दी है।

### मधुमक्खियों के हमले में विकलांग की मौत

**ऊंटारी रोड।** विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के सिगसिगी बिचला टोला निवासी विकलांग पारसनाथ चौधरी उम्र (68) की मौत मंगलवार की देर शाम मधुमक्खी के हमले के कारण हो गई। सिगसिगी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अनुज चौधरी ने बताया कि पारसनाथ गांव में ही पीपल के पेड़ के नीचे बैठे थे। इसी दौरान अचानक हजारों मधुमक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी।। बुधवार को स्थानीय कोयल नदी तट पर उनकाअंतिम संस्कार किया गया। इस घटना से क्षेत्रवासी हतप्रभ रह गये।

### पलामू में धीरेंद्र शास्त्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने की बैठक



**मेदिनीनगर।** एमपी के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर सह चर्चित कथा वाचक धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के पलामू में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बुधवार को प्रशासनिक पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें आयोजक हनुमंत कथा आयोजन समिति के लोग भी उपस्थित थे। इस दौरान पलामू की एसपी ने शेष पृष्ठ 11 पर

# स्वाति के राम, सरस्वती के राम, शबनम के राम... सबके राम

**प्रवीण प्रियदर्शी/ विशाल कुमार सिंह**

**रांची।** अद्भुत है ये भूमि... राम और कृष्ण इस धरती की सोच, साहित्य, सृजन, श्रृंगार, श्रद्धा, शौर्य और संसाधन में कुछ इस तरह रचे-बसे हैं कि इसे जनमानस की आम गतिविधि में छलकते-बहते आसानी से देखा और महसूस किया जा सकता है। यही कारण है कि मध्यकाल के प्रारंभ से ही लगातार विदेशी हमलों से सत्ता और समृद्धि की हानी, मान बिन्दुओं और प्रतीक चिन्हों को नष्ट-भ्रष्ट किये जाने, ग्रंथों और ज्ञान केंद्रों को जलाने, जबरन मतांतरण और धर्मांतरण के लिए अमानवीय तरीके अपनाये जाने के बावजूद अपनी मिट्टी की मौलिक सांस्कृतिक प्रवाह बनी रही। यहां तक की आंक्रांताओं के साथी-सहयोगी रहे लोग भी इस रसधारा से सिक्त होने से बच नहीं सके। अलबरूनी ने इस धारा की शक्ति को महसूस किया तो अमीर खुसरो की रुबाईयों व गजलों में इसे वाणी मिली। 15वीं, 16वीं और 17वीं शताब्दि में कई ऐसे नामचीन संत-फकीर और कवि हुए जिन्होंने देश की मिट्टी के सनातनी संदेश को अंगिकार कर लिया। इसका पूजा पद्यति से कोई वास्ता नहीं था....550 वर्ष के बाद भगवान राम के मंदिर बनने का असर इस सनातनी को बयार को और प्रभावी बना रहा है। तभी तो मुंबई से शबनम शेख, दिल्ली की शबनम खान राम लला का दर्शन करने हजार मील की दूरी तय कर 22 जनवरी को अयोध्या पहुंच रही हैं। बिहार के मोतिहारी की चार मुस्लिम बहनें भजन से अपना भव अभिव्यक्त कर रहे हैं तो स्वाति मिश्रा जैसे कई लोग गीत रच रहे हैं। झारखंड धनबाद की सरस्वती देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ अपने तीन दशक का मौन व्रत तोड़ेंगी। अयोध्या के मुस्लिम समुदाय के एक बाबा ने खांटी अवधी में राम और उनकी नगरी की महत्ता का अद्भुत गीत गाया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वास्तव में यही इस धरा की परंपरा है जिसे हम सनातन कहते हैं। राम और कृष्ण के चरित्र और संदेश का आकर्षण था जिससे अभिभूत हो रसखान कहते हैं....

**मानुष हौं तो वही रसखानि बसौ ब्रज गोकुल गांव के ग्वारन।**
**जो पसु हौं तो कहा बसु मेरा चरौं नित** शेष पृष्ठ 11 पर

## राम का आया स्वप्न, पैदल दिल्ली से चल पड़ी शबनम खान



मानवाधिकार कार्यकर्ता शबनम खान दिल्ली से अयोध्या के लिए पैदल यात्रा पर निकल पड़ी हैं। उनका कहना है कि सपने में प्रभु राम आए थे, कहने लगे कि पैदल अयोध्या चली आओ। बस बोरिया विस्तर बांधकर निकल पड़ी। अब तो अयोध्या पहुंचकर ही चैन मिलेगा। हाथ में भगवा ध्वज और जुबां पर जयश्री राम का जयघोष करते हुए शबनम खान सोमवार को जिले में कस्बा नाधा पहुंचीं। यहां हिंदुवादी संगठनों के लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सपने में प्रभु श्रीराम आए थे, उन्होंने कहा कि जब मंदिर नहीं बना था तब आप लड़ती थीं। अब मंदिर बन गया है पैदल अयोध्या चली आओ। इसके बाद बोरिया विस्तर बांधकर अयोध्या के लिए पैदल निकल पड़ी। कहा राजनीति के चलते अब तक मुसलमानों को डराया जाता रहा है। भारत के मुसलमानों का बाबर से क्या लेना-देना।

## जितना हम नबी को रिस्पेक्ट करते हैं उतना ही राम का भी : शबनम शेख



21 वर्षीय शबनम शेख के हौसलों और धार्मिक आस्था को देखकर लोग हैरान हैं। वह मुंबई से अयोध्या तक पैदल जा रही हैं, उनके और साथियों के हाथों में भगवा ध्वज हैं। जिस पर जय श्री राम लिखा हुआ है। रास्ते में वंदे मातरम और जय श्री राम के नारे लगाते हुए एक दिन में उनका सफर 37 किलोमीटर का कब पूरा हो जाता है उन्हें ही नहीं पता चलता। शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में बनी सहमति

# 56 कैदियों की होगी रिहाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 30वीं बैठक में 109 कैदियों की रिहाई के बिंदु पर समीक्षा के बाद राज्य के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदी रिहा किए जाएंगे, यह सहमति बनी। समीक्षा के क्रम में अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों के मंतव्य पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

**अबतक 1831 कैदी हो चुके हैं रिहा :** बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया गया कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक तक 1831 कैदियों की रिहाई हो चुकी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्ष 2019 से लेकर अब तक शेष पृष्ठ 11 पर

## रिहा होने वाले कैदियों के पुनर्वास की व्यवस्था हो : हेमंत




मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जो कैदी जेल से रिहा किए जाते हैं, उनकी लगातार ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इसके अलावा उनके पुनर्वास की दिशा में भी पहल की जाए ताकि वे मुख्य धारा में बने रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्सर देखा गया है की जेल से जो बुजुर्ग कैदी रिहा रहा किए जाते हैं, उन्हें उनका परिवार अपनाने के लिए आगे नहीं आता है। ऐसे में इनको सरकार के यूनिवर्सल पेंशन स्कीम से जोड़ा जाए ताकि उन्हें इस तरह के हालात में उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि रिहा होने वाले कैदियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए, ताकि उन्हें जीविकोपार्जन की दिशा में सहूलियत मिल सके।

## मुख्यमंत्री ने सूखा प्रभावित किसानों को तत्काल अनुग्रह राशि देने का दिया निर्देश

**रांची।** राज्य में इस वर्ष भी कम बारिश की वजह से 17 जिलों के 158 प्रखंडों में सुखाड़ की स्थिति है। झारखंड मंत्रालय में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में कृषि विभाग के प्रतिवेदन के आलोक में इन प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया कि इन सभी 158 प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने संबंधी प्रस्ताव तैयार करें ताकि उसे मंत्रिपरिषद की बैठक में शेष पृष्ठ 11 पर

### पांच वर्षों से योजना स्वीकृति के लिए कर रहे थे प्रयास : सांसद

# भूमिगत पाइप लाइन से भरे जायेंगे पलामू के जलाशय

### चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड होंगे लाभान्वित, दो वर्षों में पूरी होगी योजना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल के लिए पानी की किल्लत का सामना लोगों को करना पड़ता है। पानी के लिए लोग परेशान होते हैं। अल्पवृष्टि के कारण जिले के खेतों की सिंचाई पर्याप्त नहीं हो पाती है। इस समस्या से निजात मिले इसके लिए केंद्र की सरकार प्रयासरत्त है। उक्त बातें पलामू के सांसद वीडी राम ने कही। वे बुधवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों में आवश्यकतानुसार पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए 456.6261 करोड़ रुपए की योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल वृष्टि छाया से प्रभावित है। यहां वार्षिक औसत वर्षापात 1163 एमएम है। पलामू में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत बिहार में जल संसाधन विभाग द्वारा कई योजनाओं पर कार्य शुरू किया गया था, लेकिन अल्पवृष्टि के फलस्वरूप इन योजनाओं द्वारा सृजित जलाशयों मे जल का भंडारण पर्याप्त शेष पृष्ठ 11 पर

### पाइप से जलाशयों में जायेगा पानी

सांसद ने बताया कि प्रति वर्ष जुलाई से अक्टूबर तक देवरी कला के सोन नदी, चैनपुर कल्याणपुर की उत्तरी कोयल नदी व मनिका रांकी कला की औरंगा नदी से निर्धारित मात्रा में जल को पाइप के माध्यम से लिफ्ट कर विभिन्न जलाशयों में पहुंचाया जाएगा। मौके पर भाजपा के पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, शिव कुमार मिश्रा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को कांग्रेस ने किया अस्वीकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यक्रम बताते हुए इसके निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण मिला था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी ससम्मान निमंत्रण अस्वीकार करते हैं जो कि स्पष्ट शेष पृष्ठ 11 पर

## बंध्याकरण के पांच दिन बाद महिला की मौत, सीएचसी में परिजनों का हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 जनवरी को बंध्याकरण कराने वाली महिला की मौत के बाद बुधवार को उसके परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3 जनवरी को मोरवाई पंचायत की मंडल भुइयां टोला की रहने वाली शकुंती देवी (26) का सफल बंध्याकरण किया गया था, लेकिन मंगलवार को ऑपरेशन के बाद महिला की मौत हो गई। इसके बाद बुधवार को उसके पति समेत कई ग्रामीण अस्पताल परिसर पहुंचकर ऑपरेशन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर जयंतलकड़ा मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को शांत कराया। बीडीओ व चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि जांच के उपरांत प्रावधान के तहत मृतका के स्वजनों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि शेष पृष्ठ 11 पर

## पीटीआर में लकड़ी की सिल्ली के साथ तीन धराये, एक फरार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के कुकू जंगल में पेड़ काटकर लकड़ी की सिल्ली बना रहे तीन व्यक्तियों को वन कर्मियों ने धर दबोचा। जबकि मौके का फायदा उठाकर एक फरार हो गया। गारु पूर्वी के रेंजर उमेश दुबे ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की देर शाम टीम बनाकर कुकू जंगल में छापेमारी की गयी। इस दौरान पेड़ काटकर लकड़ी की सिल्ली बना रहे रोशन तिर्की पिता विजय तिर्की, प्रेम तूरी पिता रामखेलावन शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# अंधाधुंध शहरीकरण घातक मायाजाल



सुनील बादल

**शहरों** के ठीक बाहर लगभग पूरे भारत में बहुत तेजी से बिना किसी मापदंड के मनमाने ढंग से तेजी से समानान्तर शहरीकरण भी हो रहा है और यह अपेक्षाकृत कम खर्चे में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक सपने के पूरे होने जैसा भले हो,जिसके मायाजाल में राजनेताओं से लेकर भू माफिया तक शामिल हैं पर आने वाले दशकों में इस में बसने वाले लोगों के साथ-साथ आधुनिक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में यह अंधाधुंध विकास एक घातक मक्कड़जाल साबित होने वाला है। पर्यावरण एवं प्रकृति विनाश को नियंत्रित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, इसके लिये बढ़ते शहरीकरण को रोकना एवं गांव आधारित जीवनशैली पर बल देना होना चाहिए था पर हुआ इसका उल्टा। गांव पिछड़ेपन और भ्रष्टाचार के केंद्र बनते चलते गए क्योंकि विकास के नाम पर या तो अंधांधुंध राजसहायता बांटी गई या बिना अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं का अध्ययन किए योजनाएं चलाई गईं या सस्ते में अनाज बांटे गए। भले ही शहरीकरण को आर्थिक और सामाजिक वृद्धि का सूचक माना जाता है लेकिन अनियंत्रित शहरीकरण बड़ी समस्या बन रहा है। भारत में तो शहरीकरण ने अनेक समस्याएं खड़ी कर दी हैं, आम जनजीवन न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवनमूल्यों की दृष्टि से जटिल होता जा रहा है। आर्थिक विकास भी इसी कारण असंतुलित हो रहा है। ऐसे में जब कोरोना जैसे अभूतपूर्व संकट के दौरान बेतरतीब जीवनशैली से भरे शहर अचानक डराने लगे तब हमारे गांवों ने ही शहरी लोगों को प्रेरणा और राहत दी। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसी योजनाएं बनाई जाएं जिससे गांवों में मानक के अनुरूप शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों को होने वाले पलायन की रफ्तार कुछ थम सके। अनियोजित शहरीकरण की प्रवृत्ति बीते दो दशकों के दौरान पूरे देश में बढ़ी है। लोगों ने छोटे कस्बों से दिल्ली एवं ऐसे ही महानगरों की सीमा से सटे खेतों पर अवैध कॉलोनियां बना लीं हैं । इसके बाद जहां कहीं सड़क बनी, उसके आसपास के खेत, जंगल, तालाब को वैध या अवैध तरीके से कंक्रीट के जंगल में बदल दिया गया। देश के अधिकांश उभरते शहर अब सड़कों के दोनों ओर बेतरतीब बढ़ते जा रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद भारत के



विकास के लिए हमने जिस बिना नक्शे के विकास शुरू किया उसमें अपवादों को छोडकर बड़े-बड़े शहर पूंजी केन्द्रित होते चले गये और रोजगार के स्रोत भी। शहरों में सतत एवं तीव्र विकास और धन का केन्द्रीकरण होने की वजह से इनका बेतरतीब विकास स्वाभाविक रूप से इस प्रकार हुआ कि यह राजनीतिक दलों के अस्तित्व और प्रभाव से जुड़ता चला गया, लेकिन पर्यावरण एवं प्रकृति से कटता गया जिस कारण गांव आधारित अर्थ-व्यवस्थाएं लडखड़ाने लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार वर्तमान में दुनिया की आधी आबादी शहरों में रह रही है और 2050 तक भारत में भी यही होने वाला है। ऑक्सफोर्ड इकॉनोमिक की रिपोर्ट के अनुसार 2019 से लेकर वर्ष 2035 के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाले सभी शीर्ष दस शहर भारत के ही होंगे। विश्व बैंक इसे भारत का अघोषित एवं अस्त-व्यस्त शहरीकरण मानता है।शहरीकरण से संबंधित समस्याओं में बेंगलुरु की प्रदूषित झीलें,गुरुग्राम का ट्रैफिक जाम,मुंबई की बारिश,दिल्ली के वायु प्रदूषण से लेकर छोटे शहरों और आसपास के बेतरतीब कस्बों तक की अनेक समस्याएं हैं जो आज संकेत हैं और कल सिरदर्द साबित होने वाली हैं। नौकरी से लेकर बेहतर चिकित्सा और अधिक पैसे कमाने के लिए गांवों की कट्टर जातीय,सामाजिक बंधनों को तोड़कर युवा चमकते शहरों की तरफ भागते हैं। कृषि मंत्रालय के अनुसार खेती पर निर्भर लोगों में से 40 फीसदी लोग ऐसे हैं जिनको अगर विकल्प मिले तो वे तुरंत खेती छोड़ देंगे क्योंकि खेती करने में धन की लागत बढ़ती जा रही है और बिक्री और उत्पादन दोनों जुए की तरह हैं ।ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में भारत के आर्थिक विकास के लिये शहरीकरण को लक्ष्य बनाया गया था पर भारत के अधिकांश शहर अति शहरीकरण के कारण अपने निवासियों को अच्छा जीवनशैली देने में असफल हो गए हैं। आवास और गंदी बस्तियों की समस्या शहरी जनसंख्या में हो रही वृद्धि ने अनेक समस्याओं को जन्म दिया है जिसमें आवास की समस्या प्रमुख है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों में आने वाले लोग अधिकतर गरीब होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का अभाव होता है, जिस कारण वे आसपास के इलाकों में बसने का प्रयास कर समस्या को और भी गंभीर बना देते हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो भविष्य में शहरों के इर्द-गिर्द ऐसी मलीन बस्तियों में कभी आग लग जाए तो आग बुझाने वाली गाड़ियां तक नहीं पहुंच पाएंगी क्योंकि बिना किसी मापदंड के विकसित हो रही इन कॉलोनियों में न तो इसके लिए जगह छोड़ी जा रही है और न ही कोई नक्शा पास कराया जा रहा है जिसमें विद्युत व्यवस्था, जल निकास, पार्क, दुकानों के लिए कोई जगह छोड़ी नहीं जा रही है, जो कल होकर एक बड़ी मुसीबत खड़ी कर सकते हैं।

## एक नजर

### विधायक पर हमले की भुईयां समाज ने की निंदा

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार भुईयां, योगेंद्र भुइयां, राकेश भुईयां, अनिता देवी, सूरत राम, ओम प्रकाश भुईयां आदि भुईयां समाज के लोगों ने पूर्व सांसद मनोज कुमार एवं पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी के आवास पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। सभी ने समवेत स्वर में हमले की घटना की तीखी निंदा की। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिये।

### भाजपा नेता को मातृशोक, अंतिम यात्रा में कई लोग शामिल

**विश्रामपुर।** भाजपा के पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मेहता की 70 वर्षीय माता सुंदरी कुंवर का निधन बुधवार को हृदयगति रुक जाने के कारण हो गया। उन्होंने अंतिम सांस विश्रामपुर नप के बरसईता स्थित आवास पर ली। बुधवार को ही भेलवा नदी तट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े बेटे भाजपा नेता रामप्रवेश मेहता ने दी। अंतिम यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, वरीय राजद नेता ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, शिववंश मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, संजय ठाकुर, संतोष राम, रजनीश कुमार, अखिलेश शर्मा, सत्यनारायण सोनी सहित कई लोग शामिल हुये। इधर उनके निधन पर सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, मनीष कुमार गुप्ता आदि ने शोक व्यक्त किया है।

एसडीएम के नेतृत्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, मचा हड़कंप

# सामान जब्त, वाहन चालकों से जुर्माना वसूल

**मुख्य बाजार व जेपी चौक समेत कई अन्य चौक-चौराहों पर जिन दुकानदारों व सब्जी विक्रेताओं ने अतिक्रमण किया है, वह यथाशीघ्र अतिक्रमण हटा ले : एसडीओ**


कार्रवाई करते एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीएम आशीष गंगवार के नेतृत्व में बुधवार को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी व थाना प्रभारी समीर तिर्की द्वारा बुधवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने शहर के दिनेश चौक,जेपी चौक व मुख्य बाजार में सड़क पर अतिक्रमण करने वाले कई दुकानदारों के सामानों को भी जब्त किया। वहीं सड़क पर यत्र-तत्र वाहन खड़ा करने वाले दर्जनों लोगों से 34 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। मौके पर एसडीओ ने कहा कि शहर के मुख्य बाजार व जेपी चौक समेत कई अन्य चौक-चौराहों पर जिन दुकानदारों व सब्जी विक्रेताओं ने अतिक्रमण किया है। वह यथाशीघ्र अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि गुरुवार से ध्वनि विस्तारक यंत्र से चेतावनी दी जाएगी। इसके उपरांत शहर में क्रमबद्ध तरीके से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। मौके पर नगर प्रबंधक राकेश सिंह, अनुमंडल के प्रधान सहायक भीम रमन,नगर पंचायत के नाजिर रविकांत पटेल मौजूद थे।

ईवीएम-वीवीपैट के प्रदर्शन केंद्र का डीडीसी ने किया उद्घाटन

# मोबाईल डेमांस्ट्रेशन वैन समाहरणालय से रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिये मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट के उपयोग के बारे में जागरूक करने सहित अधिकाधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टरेट परिसर में बुधवार को उप विकास आयुक्त रवि आनंद,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन सह डेमोस्ट्रेशन केंद्र का उद्घाटन किया। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों व अपने कार्य को लेकर आये कई आमजनों ने मौके पर वोट कर किसे वोट दिया। इसकी जानकारी वीवीपैट में देखा। समाहरणालय परिसर के अलावे पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिये जिला आपूर्ति कार्यालय के समीप, डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिये सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए अपर समाहर्ता पलामू का कार्यालय, छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिये छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर व हुसैनाबाद के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के परिसर में ईवीएम-वीवीपैट डेमोस्ट्रेशन केंद्र का अधिष्ठापन किया गया है।


उद्घाटन करते अधिकारी

**1596 मतदान केंद्र के लोगों को किया जायेगा जागरूक**

जिले के मतदाताओं को अधिकाधिक ईवीएम-वीवीपैट के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के पांचों विधानसभा अंतर्गत सभी 1596 मतदान केंद्र के क्षेत्रों में पांच मोबाइल वैन के माध्यम से मतदाताओं ईवीएम-वीवीपैट के प्रति जागरूक किया जायेगा।

### गुरी में ज्ञान महायज्ञ 16 से, तैयारी जोरों पर

**विश्रामपुर।** प्रखंड के गुरी ग्राम में आगामी 16 जनवरी से ज्ञान यज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा शुरू होगा जो 24 जनवरी तक चलेगा। ज्ञान यज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा किया जा रहा है। यज्ञ सह कथा की तैयारी जोरों पर चल रही है। आयोजन समिति के प्रमुख मिथलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मुक्तिधाम श्रीमद् भागवत कथा का वाचन गौरव कृष्ण पाठक के द्वारा किया जायेगा। गुरी में पहली बार इस तरह का व्यापक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया है। जिसे अब प्रत्येक वर्ष कराया जायेगा। श्री मिश्रा ने आम लोगों से यज्ञ में शामिल होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक रामलखन पांडेय, विनोद पांडेय, यज्ञ समिति उपाध्यक्ष शिवराज मिश्रा, महासचिव विनोद पाठक, मौजूद थे।

# सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ के तहत निकली रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम के तहत बुधवार को नगर परिषद क्षेत्र में स्थित राजकीय बालक मध्य विद्यालय सहित कई सरकारी स्कूलों के बच्चों ने सामूहिक रूप से शहर में जागरूकता रैली निकाली। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दयाशंकर वाजपेयी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि जब भी कहीं पर सीटी की आवाज सुनाई दे तो बच्चे समझ जायें कि स्कूल खुला है। सीटी की आवाज सुनते ही अभिभावक अपने बच्चों को समय से तैयार कर स्कूल भेजें। जागरूकता रैली में शिक्षक अशोक कुमार तिवारी, राजीव कुमार चौबे, जगनारायण गुप्ता, प्रेमशिला कुमारी, विजय कुमार पाल,मोहमद अकरम रजा खां, चंदन कुमार, धनंजय कुमार यादव मौजूद रहे। इस दौरान सीटी बजाते बच्चों को देख नागरिक भी कुछ देर के लिये हैरत में पड़ गये।


लुलूस निकालते छात्र

# सीटी बजाकर छात्रों ने किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने हेतु शुरू किये गये सीटी बजाओ -उपस्थिति बढ़ाओ अभियान की शुरूआत की गयी है। इसके तहत स्थानीय मिडिल स्कूल के बच्चों द्वारा बुधवार को सीटी बजाकर अभिभावकों को जागरूक किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने गगनभेदी नारे लगाये। पंक्तिबद्ध बच्चों का जुलुस शहर के पटेल चौक,कुर्मी टोला, मधुशाला रोड, गांधी चौक, अंबेडकर चौक, जेपी चौक से गुजरते हुए विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुआ। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक पोषक क्षेत्रों में चुनिंदा छात्रों को विद्यालय के द्वारा सीटी उपलब्ध कराना है। विद्यालय आने से पहले सीटी बजाते हुए छात्र विद्यालय आएंगे और सीटी बजाने का वीडियो एवं फोटो सोशल मीडिया (व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर ) पर ट्रेंड करना है।

### गरीब-असहायों में गर्म वस्त्र का वितरण

**सतबरवा।** वंदे मातरम निष्काम कर्म योग की साधना नारायण सेवा समिति के द्वारा बुधवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए रबदा पंचायत के सगही गांव में गरीब, लाचार,वृद्ध भुइयां समाज के लोगों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा विगत तीन वर्षों से लगातार गरीब व असहाय व्यक्तियों के बीच वस्त्र का वितरण किया जा रहा है। जब तक नारायण की इच्छा होगी।

धान अधिप्राप्ति केन्द्र खुलने से राहत, किसानों में हर्ष

# बिचौलियों से किसानों को मिलेगी निजात

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय व्यापार मंडल में बुधवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र खोला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह,जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह,सासंद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, क्रय पदाधिकारी अखिलेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अजीत सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में धान क्रय केंद्र खुलने से किसानों को अब औने-पौने दामों में धान नहीं बेचना पड़ेगा। उचित मूल्य पर किसानों का धान क्रय केंद्र पर लिया जायेगा। जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केन्द्र खुलने से किसानों को बिचौलियों की समस्याओं से निजात मिलेगी। मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव ,सुजीत मेहता, बलराम मेहता, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, विमलेश पासवान आदि मौजूद थे।


उद्घाटन करते अतिथि

## नुक्कड़ नाटक से बताया पेयजल स्वच्छता का महत्व, किया गया जागरुक

**पाटन।** प्रखंड के किशनपुर पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मेदिनीनगर के तत्वावधान में समन्वय संस्थान द्वारा ग्रामीणों के बीच नुक्कड़ नाटक व लोक संगीत के माध्यम से सभी को पेयजल स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। पंचायत सचिवालय एवं मध्य विद्यालय किशुनपुर में मुखिया सुमन गुप्ता के संयोजन में लोगों को जल एवं स्वच्छता मिशन को जन अभियान बनाने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही लोगों को जल स्वच्छता, स्वास्थ्य सम्मान, सही स्वभाव, स्वशासन के प्रति प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से वॉटर रिसोर्स मैपिंग, वाटर बजटिंग एवं वोटर सेफ्टी प्लानिंग तैयार किया गया। ग्राम जल स्वच्छता समिति के माध्यम से संचालन एवं रखरखाव के लिए मासिक सेवा शुल्क 62 के स्थान पर 60 रुपया तय कर फील्ड निरीक्षण किट से शुद्ध पेयजल के प्रबंधन की जानकारी दी गयी। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा प्रबंधन को लेकर भी जागरूक किया गया। मुखिया ने सिंगल यूज प्लास्टिक को इस्तेमाल में नहीं लाने के लिए लोगों को शपथ दिलायी। संचालन कृष्णा राज व धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने किया। नागरिकों ने इस पहल की सराहना की है।

# अतिक्रमण का विरोध करने पर व्यवसायी को मिली धमकी


लामबंद व्यापारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** महाराजगंज निवासी सह व्यवसायी पंकज जायसवाल को मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर अपमानित करते हुए झूठे केस में फंसाने का धमकी दी है। उक्त मामले को लेकर मंगलवार को व्यवसायी पंकज जायसवाल तथा मोहल्ले के विशाल जायसवाल, संजय जायसवाल, रामकुमार साव, उत्कर्ष जायसवाल, संजय प्रसाद साव, राजेश गुप्ता, रवि जायसवाल, श्याम बिहारी प्रसाद, अनिल प्रसाद साव आदि ने सामूहिक रूप से बताया कि महाराजगंज निवासी विजय पाठक द्वारा मुख्य सड़क पर अतिक्रमण करते हुए अवैध मार्केट का निर्माण किया गया है। साथ ही सड़क के किनारे गड़े दो-दो सरकारी पोल को अपने कब्जे में कर लिया गया है। इसकी शिकायत करने पर अतिक्रमणकारी द्वारा धमकी दी जा रही है। व्यवसायी ने बिहार के कुटुंबा थाने में आवेदन देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से सड़क को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

### भाजयुमो ने शुरू की नव मतदाता सम्मेलन की तैयारी

**हरिहरगंज।** भारतीय जनता युवा मोर्चा हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा की बैठक बीजेपी प्रखंड कार्यालय हरिहरगंज में संपन्न हुई। अध्यक्षता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंदन जायसवाल तथा संचालन महामंत्री पवन कुमार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि युवा मोर्चा बिहार प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व झारखंड प्रभारी दुर्गेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हुसैनाबाद प्रभारी राजीव रंजन रहे। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बैठक में हुसैनाबाद प्रभारी ने बताया कि आगामी 24 जनवरी को हुसैनाबाद में नव मतदाताओं का सम्मेलन प्रस्तावित है। इसको लेकर कई स्तर की तैयारी की जा रही है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि मोर्चा कार्यकर्ता नव मतदाता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों सहित डोर टू डोर संपर्क करें। बैठक में मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, राजीव रंजन मिश्रा, महामंत्री अंबुज सिंह, उपाध्यक्ष छोटू सिंह, करण राजवीर, शशि कुमार, कन्हाई कुमार, गौरव शौंडिक, सोनू सिंह, मुखदर्शी कुमार, संजीव कुमार, सीताराम उपस्थित रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस ने चलाया जागरूकता अभियान

**पाटन।** कांग्रेस पार्टी के दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशोक पासवान व मजदूर कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल सिंह के द्वारा छतरपुर विधानसभा अंतर्गत हर गांव में घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को बताया जा रहा है कि बीजेपी से आम जनता पूरी तरह से नाउम्मीद हो चुकी है। क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा है। मौके पर संजय पासवान, लव सिंह, परेश जायसवाल, जमींदार उरांव, राकेश दुबे, शहजाद अली मौजूद थे।

### हड़ताल पर रहे कालेज के वित्तरहित शिक्षक

**सतबरवा।** झारखंड प्रदेश के वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को स्थानीय बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज के सभी शिक्षण व शिक्षणेत्तर कर्मचारी हड़ताल पर रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अजय प्रसाद ने बताया कि संघ की मांग कॉलेज का अधिग्रहण या घाटा अनुदान, अनुदान की राशि चार गुना करने एवं सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष करना है। मौके पर प्रोफेसर उपेंद्र कुमार सिंह, प्रतिमा कुमारी, निकिता कुमारी, मनु देव, किरण कुमारी, अंजना कुमारी, रिशाल सिंह, प्रधान सहायक भोला महतो, सुदामा प्रसाद, मनु महतो, मिथिलेश सिंह उपस्थित थे।


**कार्यालय- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा।**
**(कृषि प्रभाग)**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सुचना।**

गढ़वा जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023-24 में PM-KUSUM Component-C योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु गढ़वा जिले ग्रिड आधारित पम्पसेटों के सोलराईजेशन कार्य हेतु इच्छुक किसानों के आवेदन विहित प्रपत्र में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में 20-01-2024 तक आवेदन पत्र जमा करना है।

उक्त योजना के तहत पम्पसेट के सोलराईजेशन हेतु लागत राशि का 30 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार 30 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा 40 प्रतिशत राशि लाभुका किसानों के द्वारा लाभुक अंशदान के रूप में जमा किया जाएगा। लाभुक अपने पम्पसेट का क्षमता के दुगुनी क्षमता तक के सोलर पावर प्लांट का अधिष्ठापन करा सकते हैं।

पम्प की क्षमता के आधार पर निम्नवत् व्यय अनुमानित है–

| क्र0 | उपलब्ध पम्प का प्रकार (क्षमता) | अधिकत्तम सोलर पावर प्लांट की क्षमता (एच.पी. में) | सेलर पावर प्लांट की क्षमता (कि0वा0 में) | ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट का दर (GST सहित) | ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट का कुल राशि (GST सहित) | राज्यांश (30 प्रतिशत) | केन्द्राश (30 प्रतिशत) | लाभुक अंशदान (40 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 HP | 2 HP | 1.50 | 85009.00 | 127513.50 | 38254.05 | 38254.05 | 51005.40 |
| 2 | 2 Hp | 4 HP | 3.00 | 85009.00 | 255027.00 | 76508.10 | 76508.10 | 102010.80 |
| 3 | 3 HP | 6 HP | 4.50 | 85009.00 | 382540.50 | 114762.15 | 114762.15 | 153016.20 |
| 4 | 5 HP | 10 HP | 7.50 | 85009.00 | 637567.50 | 191270.25 | 191270.25 | 255027.00 |
| 5 | 7.5 HP | 15 HP | 11.00 | 85009.00 | 935099.00 | 280529.70 | 280529.70 | 374039.60 |

इच्छुक किसान बन्धु अपना आवेदन–पत्र एवं विवरणी जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा एवं संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक / सहायक तकनीकी प्रबंधक आत्मा से प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
नोडल पदाधिकारी,
पी0एम0–कुसुम गढ़वा।

PR 315593 (Agriculture) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-05/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:–

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड नीलाम्बर – पीताम्बरपुर के पंचायत जुरू के ग्राम–जैतुखाड़ से जमुने पथ में कुन्दरिया नाला पर पुल निर्माण। | 2,29,83,120.00 | 460000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 2 | पलामू जिला के मनातू प्रखण्ड अन्तर्गत चक पंचायत में एकहारा और करमाही के बीच करमाही नदी पर पुल निर्माण। | 2,52,35,468.00 | 506000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 19.01.2024 से दिनांक 06.02.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –08.02.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।

PR 315621 (Rural Development) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 26/2023–24**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.01.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 25.01.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.01.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Block Public Health Unit Block at Manika Block District Latehar | 49 14906 /- | 100000/ - | 5000/ - | 06 (six ) Months |
| 2 | Construction of Block Public Health Unit Block at Balumath Block District Latehar | 4914906/ | 100000/ - | 5000/ - | 06 (six ) Months |
| 3 | Construction of Block Public Health Unit Block at Bariyatu Block District Latehar | 4914906/ | 100000/ - | 5000/ - | 06 (six ) Months |
| 4 | Construction of Block Public Health Unit Block at Herhanj Block District Latehar | 4914906/ | 100000/ - | 5000/ - | 06 (six ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 315607Building(23-24)#D



**कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा**

Phone no – 06561.222785 (खेल शाखा)
Email Id – sportsdsogarhwa@gmail.com

**प्रेष विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सवसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड रांची के पत्रांक 1381 दिनांक 05.01.2024 के आलोक में राज्य में विभागान्तर्गत संचालित क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रखण्डल स्तर पर प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता, 2023–24 का आयोजन किया जाना है। उक्त प्रतिभा चयन का कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित है:–

| क्र0 सं0 | प्रमण्डल का नाम | आयोजनकर्त्ता जिला | प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु आयोजन स्थल | प्रतिभाग चयन ट्रायल की आयोजन की तिथि | खेल विधा का नाम, जिसमें वर्ष 2024–25 हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल किया जाना है | आयोजनकर्त्ता नोडल पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल | रांची | बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, रांची | 10 एवं 11 जनवरी, 2024 | एथलेटिक्स (बालक), हॉकी (बालक एवं बालिका), तीरंदाजी (बालक एवं बालिका), फुटबॉल (बालक एवं बालिका), बैडमिन्टन (बालक) | श्री शिवेन्द्र कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी, रांची मो0–7428346594 |
| 2 | उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल | हजारीबाग | कर्जन स्टेडियम, हजारीबाग | 12 एवं 13 जनवरी, 2024 | एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका), हॉकी (बालक एवं बालिका), तीरंदाजी (बालक एवं बालिका), फुटबॉल (बालक एवं बालिका), | श्री कैलाश राम, जिला खेल पदाधिकारी, हजारीबाग मो0–7004253486 |
| 3 | कोल्हान प्रमण्डल | प0 सिंहभूम, चाईबासा | सिंहभूम स्पोर्टस एसोसिएशन ग्राउण्ड, चाईबासा | 16 एवं 17 जनवरी, 2024 | तीरंदाजी (बालक एवं बालिका) फुटबॉल (बालक एवं बालिका) | श्रीमति रूपा रानी तिर्की, जिला खेल पदाधिकारी, प0 सिंहभूम, चाईबासा मो0–9955823983 |
| 4 | पलामू प्रखण्डल | पलामू | जी0एल0एल0 कॉलेज, पलामू | 18 एवं 19 जनवरी, 2024 | एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका), हॉकी (बालक) | श्री उमेश लोहरा, जिला खेल पदाधिकारी, पलामू। मो0–9546337728 |
| 5 | संथाल परगना प्रमण्डल | दुमका | कुमारदुधानी स्पोर्टस कॉम्पलेक्स, दुमका | 20 एवं 21 जनवरी, 2024 | एथलेटिक्स (बालक), तीरंदाजी (बालक एवं बालिका), फुटबॉल (बालक एवं बालिका), बॉलीबॉल (बालिका) | श्री तुफान कुमार पौदार, जिला खेल पदाधिकारी, दुमका मो0–7091502556 |

नोट:– विस्तृत जानकारी हेतु मो0– 9546337728 अथवा जिला खेल कार्यालय, गढ़वा में सपंर्क किया जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी,
गढ़वा

PR315596 (Art Culture Sports and Youth Affairs)23-24*D

## एक नजर

### श्रम नियोजन मंत्री भोक्ता का पलामू आगमन कल

**मेदिनीनगर।** झारखंड के श्रम नियोजन व कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता का शुक्रवार 12 जनवरी को पलामू आगमन हो रहा है। राजद के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि मंत्री श्री भोक्ता हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पथरा शिवपुर मैदान पर भाईचारा एकता कमेटी के तत्वावधान में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि इमामगंज-नौडीहा-छतरपुर-हुसैनबाद मार्ग पर जगह-जगह राजद कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री का भव्य स्वागत किया जायेगा।

### जयंती पर शहीद नीलांबर-पीतांबर को किया नमन

**मेदिनीनगर।** शहीद नीलांबर-पीतांबर की जयंती पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने नावा टोली तालाब परिसर में स्थित पार्क मे स्थापित नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका नमन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर जन क्रान्ति के सच्चे नायक थे। उनका जन्म 10 जनवरी 1823 को चेमो सान्या भंडरीया में हुआ था। अंग्रेजों के शोषण, दमन व अन्याय के खिलाफ दोनों सहोदर भाईयों ने व्यापक आंदोलन छेड़ा था। लाख दमन के बाद भी उन्होंने अन्याय के समक्ष झुकना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि अन्याय के खिलाफ एक और आंदोलन की जरूरत है। संजीत कुमार ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर 1857 क्रांति के महान योद्धा व आजादी के पहले क्रांतिकारी थे। इस अवसर पर शनि कुमार, उमेश पासवान, राजू राम, कृष्णा राम, संजय चौराशिया, संजय मिस्त्री, मनोज सिंह, अजीत कुमार उपस्थित थे।

### आकस्मिक निधन से शोक

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड के कुम्भी कला पंचायत स्थित ग्राम आरापुर टोला टिकुलियाटांड़ निवासी 65 वर्षीय द्वारिक भुइयां की गंभीर बीमारी के कारण बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। सुचना मिलते ही कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। मौके पर पूर्व प्रधान चतुर्गुण सिंह उर्फ गुणा सिंह,ललन भुइयां, डा. सुधीर कुमार मेहता, प्रमेंद्र सिंह,लखन महतो, संजय भुइयां, सुरेश भुइयां,विरन सिंह, प्रमोद भुइयां, महेन्द्र भुइयां, जितेंद्र सिंह, जवाहरलाल पासवान के साथ सैकड़ों लोग अंतिम संस्कार में शामिल रहे।

### कोयल नदी से अवैध बालू ढुलाई कर रहा ट्रैक्टर जब्त

**मेदिनीनगर।** शहर में अवैध बालू खनन पर रोक लगाने को लेकर पुलिस ने सख्त रवैया अपना लिया है। इस पर रोकथाम को लेकर लगातार पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के आदेश पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के निर्देशन में शहर थाने की पुलिस कड़ी चौकसी बरत रही है। इसी क्रम में टीओपी-तीन प्रभारी इंद्रदेव पासवान ने टाइगर मोबाइल के जवान बंटी सिंह व अनिल पासवान के साथ अघोर आश्रम स्थित कोयल नदी से बुधवार की सुबह 3:30 बजे अवैध बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर को धर दबोचा। पकड़ा गया ट्रैक्टर हीरालाल यादव का बताया जा रहा है। शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि अवैध बालू का परिवहन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जायेगा। यदि कोई भी व्यक्ति नदी से अवैध रूप से बालू उठाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### मुखिया ने स्कूली बच्चों के बीच किया ड्रेस वितरण

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार सोहदाग खुर्द पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय सोहदागखुर्द में वर्ग प्रथम और द्वितीय के छात्र-छात्राओं के बीच मुखिया कमला देवी ने पैंट-शर्ट, जूता-मोजा एवं स्वेटर का वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि ड्रेस से छात्र-छात्राओं में एकरूपता आती है।

### डीएसई ने लिया सिटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

# अब सीटी बजने का इंतजार, नौनिहाल स्कूल आने को होंगे तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीटी बजने का इंतजार, नौनिहाल स्कूल आने को रहेंगे तैयार। जी हां! झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना के निर्देशानुसार पूरे राज्य में 11 जनवरी को

**स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों को कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दी**

प्रस्तावित सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम का सभी को बेसब्री से इंतजार है। यह कार्यक्रम राज्य ,जिला ,प्रखंड, संकुल और विद्यालय स्तर पर आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने के लिए पलामू के जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार बुधवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय लादी पहुंचे। उन्होंने प्रार्थना सभा में भाग लिया और विद्यालय की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों को कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दी। कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही प्रभावशाली है। इसके माध्यम से समाज की सहभागिता बढ़ेगी और विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बच्चे अपने टोलों से सीटी बजाते हुए अपने इलाके के बच्चों को लेते हुए विद्यालय पहुंचेंगे। इसके बाद डीएसई विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ लादी गांव के विभिन्न टोलों में गए। बच्चों ने सीटी बजाते हुए समाज को जागरूक किया। उन्होंने अभिभावकों से मिलकर इस कार्यक्रम की चर्चा की और उनसे सहयोग की अपील की। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी, बीआरजी अजय पाण्डेय, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों के अलावे बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।


रैली निकालते बच्चे


बैठक में उपस्थित शिक्षक

### सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ को लेकर सीआरसी में बैठक

**चैनपुर।** शिक्षा विभाग के सिटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम को लेकर बुधवार को प्रखंड अंतर्गत बसरिया कला संकुल में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संकुल साधन सेवी रविंद्र प्रसाद एवं राजेश प्रसाद तथा संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों को सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम की जानकारी दी गई। बताया गया कि 11 जनवरी को सुबह 8:30 से 9:30 के पहले इंस्टाग्राम, फेसबुक,व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया ग्रुप पर सिटी बजाओ लिखकर पोस्ट करना अनिवार्य है। यह भी बताया गया कि बच्चों की स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने के लिए सीटी बजाने से बच्चों में जागरूकता बढ़ेगी और विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी। सिटी बजाने से बच्चों में जिज्ञासा बढ़ेगी तो वे स्कूल की ओर आना शुरू कर देंगे। विद्यालय के पोषक क्षेत्र में बच्चों की टोली व मॉनीटर बनाकर सीटी बजाने की जानकारी दी गई। मौके पर दशरथ सिंह, त्रिलोकी उरांव, चिंता उरांव, संगीता कुमारी,सनी कुमार, गुप्ता सिंह,नवल किशोर, संतोष कुमार, अश्विनी चौबे, अश्विनी कुमार,सतीश तिवारी, पंकज चौबे, विनय कुमार, अर्जुन सिंह, रघुवीर सिंह, शिवकुमार सुमन समेत विभिन्न विद्यालय के सचिव, प्रबंधन समिति के सदस्य, अध्यक्ष सरस्वती वाहिनी व माता समिति के अलावे अभिभावक व अन्य लोग उपस्थित थे।

### एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पलामू एसपी के आदेश व शहर थाना प्रभारी के निर्देश पर टीओपी वन प्रभारी अशोक कुमार दुबे के नेतृत्व में शहर थाना क्षेत्र के महिला कॉलेज के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट पहने बाइक चालकों को रोक कर कागजात व लाइसेंस की जांच की गयी। जिन वाहन चालकों के पास लाइसेंस व वाहन से संबंधित कागजात नहीं पाया गया उन्हे जब्त कर शहर थाना भेज दिया गया। शहर थाना में कागजी प्रक्रिया के बाद सभी वाहनों को फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा जाएगा। वाहन चेकिंग के दौरान मौके पर टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह, शारिक इरशाद,रोहित कुमार,सहायक पुलिस प्रफुल्ल कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्टेडियम में ,सुबह 9:05 बजे होगा झंडोत्तोलन

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई



**परेड और झांकियों के प्रदर्शन की सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये गये**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह मनाने को लेकर बुधवार को प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस स्टेडियम में आयोजित होगा। यहां मुख्य अतिथि सुबह 9:05 बजे झंडोतोलन करेंगे। इस अवसर पर आयोजित होने वाले परेड और झांकियों के प्रदर्शन की सभी आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। कहा गया कि आकर्षक झाँकियां निकाली जायेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह के बाद प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में पूर्वाह्न 10:00 बजे, पलामू समाहरणालय में पूर्वाहन 10:20 बजे,पलामू क्लब में पूर्वाह्न 10:45 बजे और रेड क्रॉस भवन में पूर्वाह्न 11:00 बजे झंडोत्तोलन होगा। इसके बाद सभी संबंधित कार्यालय प्रधान अपने-अपने कार्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों यथा खेल, सामाजिक गतिविधि व विकास सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। गणतंत्र दिवस परेड में आईआरबी,जिला बल,गृह रक्षा वाहिनी व एनसीसी आदि की टुकड़ियां भाग लेंगी। गणतंत्र दिवस के दिन पूरे जिले में मांस-मदिरा की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। बैठक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता, समान्य शाखा प्रभारी, उप निदेशक सह सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।



बैठक करते अधिकारी

**विशेष साफ-सफाई के प्रबंध**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा शहर की विशेष साफ-सफाई की जायेगी। विशेषकर सार्वजनिक स्थलों व पार्कों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की भी सफाई की जायेगी।

# महिला वर्ग में गोड्डा व धनबाद की टीम फाइनल में


प्रदर्शन करते खिलाड़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 23वें जेसी बोस सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता (पुरुष) और महावीर उरांव सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता (महिला) के चौथे दिन बुधवार को महिला वर्ग में गोड्डा व वेस्ट सिंहभूम ने फाइनल में जगह बनायी। पहले सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले के बीच गोड्डा ने धनबाद को 5 सेट में 26-24, 10-25, 23-25, 25-12, 25-8 से हराया। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में वेस्ट सिंहभूम ने ईस्ट सिंहभूम को 25-12,25-17,25-20 से मात दी। फाइनल मुकाबला गुरुवार को दोपहर एक बजे से वेस्ट सिंहभूम और गोड्डा के बीच खेला जाएगा। वहीं पुरुष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल में रांची ने धनबाद को 27-25, 25-21, 35-33 से हराया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका संजय गुप्ता, बसंत कुमार नायक, सतीश चौधरी, राहुल कुमार, धनुरंजन शर्मा, सुनील राय व हरेराम के द्वारा निभाई जा रही है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी, मीडिया प्रभारी नवीन तिवारी, राजीव रंजन पाण्डेय, सुधीर दुबे, इम्तयाज अहमद नजमी, रुपा सिंह, मनोज जैन, ललन सिन्हा, सनत चटर्जी, हरि शंकर सिंह, महेश तिवारी जुटे रहे। सेलेक्टर अमरजीत खड़े, नवीन कुमार शर्मा, विश्वजीत नंदी, आशीष आनंद, ऑर्गनाइजिंग कंट्रोल कमिटी चेयरमैन उत्तम राज मौजूद रहे।

# विधायक के काफिले पर हमला मामले में 13 गिरफ्तार


गिरफ्तार आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन-छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी के काफिले पर हमला के मामले में पुलिस 13 लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मंगलवार को छतरपुर थाना के एनएच-98 पर बाईपास के उदयगढ़ मोड़ एवं सड़मा के समीप वाहन चालकों एवं ग्रामीणों के द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ इकट्ठा कर राष्ट्रीय राजपथ में वाहनों की आवाजाही अवरूद्ध करने, आगजनी कर राष्ट्रीय राजपथ को क्षति पहुंचाने, सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त करने तथा पुलिस बल पर जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से जख्मी करने की घटना को लेकर 38 नामित एवं 100-150 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध छतरपुर थाना प्रभारी के द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह जानकारी पलामू एसपी की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर दी गई है। बताया गया है तत्काल घटनास्थल से चार नामजद आरोपी प्रदीप कुमार यादव उम्र करीब 26 वर्ष पिता स्व० रामदास यादव, विजेन्द्र यादव उम्र करीब 22 वर्ष पिता उदय यादव, लालबाबू यादव उम्र करीब 24 वर्ष पिता स्व० सुरेश यादव तीनों निवासी चपरवार पीपरा एवं प्रदीप कुमार सिंह उम्र करीब 51 वर्ष पिता स्व० बिरजू प्रसाद सिंह निवासी उदयगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एक बाइक तथा एक मोबाईल फोन भी जब्त किया गया है। बताया गया है कि अनुसंधान के क्रम में घटना में शामिल 9 अन्य आरोपियों को सघन छापेमारी कर न्यायिक अभिरक्षा में उत्प्रेषित किया गया है।

### पूर्व सांसद ने कहा काफिले पर हमला पुलिस की नाकामी, सोची -समझी साजिश

# विधायक असुरक्षित तो आम जनता कैसे सुरक्षित होगी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन-छतरपुर विधानसभा की भाजपा विधायक पुष्पा देवी ने मंगलवार को छतरपुर में उनके

**विधायक ने कहा कि वे एके-47 से लैस बॉडीगार्ड की मांग लगातार करती रहीं हैं, लेकिन उन्हें बॉडीगार्ड नहीं दिया जा रहा है**

वाहन पर हुए हमले को साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस राज्य में जब विधायक सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता कैसे सुरक्षित होगी। आरोप लगाया कि पुलिस सरकार के दबाव में है। विधायक ने कहा कि वे एके-47 से लैस बॉडीगार्ड की मांग लगातार करती रहीं हैं, लेकिन उन्हें बॉडीगार्ड नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक हथियारों से लैस जवानों को जंगल क्षेत्र के पिकेट से हटाकर वहां लाठीधारी बल दे दिया गया है। यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके काफिले पर हमला करने वालों की मंशा उनकी जान लेने की थी। वह और पूर्व सांसद लगातार क्षेत्र में हैं और आम जनता की समस्याओं के समाधान में लगे हैं। विरोधी साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमला सामने से नहीं बल्कि बगल से हुआ। जिससे पता चलता है कि यह पूरी तरह से योजनाबद्ध था। विधायक पुष्पा देवी बुधवार को स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर रहीं थीं। इस दौरान वह काफी भावुक नजर आयीं। रुंधे गले से उन्होंने कहा कि आज वह जीवित हैं तो यह जनता की दुआ और आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र से निकलने के पहले उन्होंने जिले के एसपी व डीएसपी समेत स्थानीय थाने को सूचना दी थी। सबके सिग्नल के बाद जब वह एनएच पर पहुंची तब अचानक उनके काफिले पर पथराव कर हमला किया गया। इसमें उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और दो सुरक्षा गार्ड घायल हुए हैं। चालक की सूझबूझ से वह वहां से निकल पाई। उन्होंने कहा कि पूर्व की रघुवर सरकार के कार्यकाल में राज्य से नक्सलियों का खात्मा हो गया था, लेकिन फिर से नक्सली सक्रिय होने लगे हैं। मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि हमले में शामिल लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। यह हमला एक सोची समझी साजिश के तहत किया गया है। कार्यक्रम के बाद उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से इलाके की स्थिति के बारे में बात की थी। पुलिस के आश्वासन के बाद वे मुख्य सड़क पर पहुंचे थे। यह हमला पुलिस की नाकामी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्होंने छतरपुर डीएसपी से चर्चा की है। उन्हें बताया गया है कि हमले में शामिल लोगों की पहचान कर ली गयी है और कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

### पूजित अक्षत-कलश के साथ आमंत्रण पत्र का वितरण



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम किन्नी खुटार स्थित महावीर मंदिर में श्रीराम भक्तों के द्वारा अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत-कलश और आमंत्रण पत्र वितरण हेतु भव्य जनजागरण शोभायात्रा निकाली गयी। इस दौरान सनातन धर्मावलंबियों से आग्रह किया गया कि आने वाले 22 जनवरी के दिन श्रीराम प्रभु के अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दिन अपने घर में एक बार फिर से दिवाली उत्सव मनायें। इस दिन घरों में पांच दीपक अवश्य जलायें। इससे पूर्व शोभायात्रा के दौरान भक्तों द्वारा लगाये जा रहे जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा में विशाल दुबे, पंकज दुबे, नवल दुबे, शिवकुमार दुबे, छोटू दुबे, सूरज दुबे, निलेश पांडे, प्रिंस पांडे,अमित पांडे, चिंटू तिवारी,अजय तिवारी, शिवपूजन सिंह, बीरबल रामआदि शामिल हुये।

### वन व पर्यावरण जीने का आधार

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल के नेतृत्व में मंगलवार को शहर के आकाश बाग में प्रख्यात पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा की 97वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण धर्म व प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा रोपित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में स्व. बहुगुणा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डाली बाजार ग्राम पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने अपने आंदोलन के दौरान अपनी धर्मपत्नी विमला बहुगुणा के साथ दो बार पलामू स्थित पर्यावरण भवन आगमन का संस्मरण सुनाया। छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि स्व. बहुगुणा का कहना था कि वन और पर्यावरण जीने का आधार है। संस्था के सचिव अरविंद कुमार जायसवाल , प्रोपराइटर अरुण कुमार आदि ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

**तैयारी**

## भाजयुमो ने बैठक कर बनायी रणनीति, तैयारियों की समीक्षा

# युवा दिवस के रूप में मनेगी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा डालटनगंज विधानसभा की बैठक स्थानीय भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने की। इस दौरान तय किया गया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती भाजयुमो युवा दिवस के रूप में मनायेगी। बैठक में मुख्य अतिथि युवा मोर्चा बिहार प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व झारखंड प्रभारी दुर्गेश कुमार ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा ही भारतीय जनता पार्टी की ब्रांड एंबेसडर है। मोर्चा कार्यकर्ता आगामी नव मतदाता सम्मेलन को सफल करने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ डोर टू डोर संपर्क करते हुए नव मतदाता सूची बनाकर सम्मेलन को सफल बनायें। युवा मोर्चा 24 जनवरी को देश भर में एक साथ सभी विधानसभाओं में मंडल स्तर नव मतदाता सम्मेलन आयोजित कर रही है। मोर्चा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता युवाओं के बीच जाकर केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं खासकर युवा हितों में हो रहे कार्यों को बतलाने का काम करें। विधानसभा स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन को मोर्चा कार्यकर्ता भव्यता के साथ संपन्न करें। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा महामंत्री श्वेतांक गर्ग एवं धन्यवाद ज्ञापन विपुल गुप्ता ने किया। बैठक में प्रशांत तिवारी, सौरभ पांडेय, सुदेश्वर चौधरी, ज्योति सिंह, पप्पू, सतीश कुमार, प्रभात सिंह, आनंद, शिवकुमार, अमन, अनुराग, गोलू सिंह, प्रदीप, अशोक राम, अभिमन्यु सिंह ,हरेंद्र कुमार, शशांक रंजन, विक्की कुमार उपस्थित रहे।


बैठक में उपस्थित भाजपा नेता

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### एक वृद्ध 20 दिन से एक ही स्थान पर



**चिनिया।** ग्राम पंचायत रणपुरा शिव मंदिर के समीप 20 दिनों से एक अज्ञात वृद्ध पड़ा हुआ है। वृद्ध ना तो अपने बारे में कुछ बता पाता है और न ही कुछ सुन पाता है। इसकी सूचना मुखिया पति उदय भूइयां वह बीडीसी प्रतिनिधि दयानंद राम को दी गई तो बीडीसी पति व मुखिया प्रतिनिधि ने वृद्ध के लिए कंबल की व्यवस्था की। वहीं खाने पीने की व्यवस्था भी जनप्रतिनिधि व आस-पड़ोस के लोगों द्वारा की जा रही है।

**सुनील कुमार ने बीडीओ नंदजी राम से सीओ का प्रभार लिया**

केतार। अंचल कार्यालय केतार में गुरुवार को खरौंधी सीओ सुनील कुमार ने बीडीओ नंदजी राम से सीओ का प्रभार लिया। इसके पश्चात उन्होंने अंचल कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर सीआई नागेन्द्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार, आपरेटर रघुनाथ पाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कंबल का वितरण

**भवनाथपुर।** पंचायत सचिवालय में बुधवार को जरूरतमंदों बीच कंबल का वितरण किया। झारखंड सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए कंबल का वितरण मुखिया बेबी देवी एवं उप मुखिया समलेश रावत ने 100 गरीबों के बीच किया। मौके पर पंचायत सेवक अजीत सिंह, ब्रजेश चन्द्रवंशी, अनिल राम, रानी वारी, सुन्दर देवी, उर्मिला देवी, तेतरी देवी, रानी कुमारी उपस्थित थे।

### ओम प्रकाश आर्य को बनाया गया अध्यक्ष

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों की बैठक भवनाथपुर शिव मंदिर के प्रांगण में किया गया, जिसमें संघ के पूर्व अध्यक्ष निरंजन पाठक ने कुछ कारणों से अपने पद का त्याग किया। तत्पश्चात भवनाथपुर प्रखंड के सभी स्वयं सेवकों की सहमति से ओम प्रकाश आर्य को अध्यक्ष चुना गया, सचिव संजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता को बनाया गया। मौके पर उपेंद्र कुमार, गुड्डू कुमार, अजीत कुमार निरंजन पाठक, नितेश राही, अभिषेक गुप्ता, विवेक गुप्ता, संजय ठाकुर, उपेंद्र पाल संतोष गुप्ता, विजय यादव, अनुज कुमार आदि स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### शिलान्यास आज

**केतार।** केतार बाजार स्थित मध्य विद्यालय का चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास गुरुवार को 11 बजे जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद करेंगे। उक्त चारदीवारी का निर्माण लगभग दो लाख रुपए की लागत से होगा। इसकी जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने दी।

### जन्मदिन समारोह आज

**श्री बंशीधर नगर।** डॉ लोहिया, कपूरी विचार मंच के तत्वावधान में नगर पंचायत क्षेत्र के जंगीपुर स्थित कपूरी चौपाल में 11 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का 66 वां जन्म दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुये सलीम अंसारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता कन्हैया चौबे, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मथुरा पासवान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेन्द्र यादव तथा भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य विजय कुमार केशरी होंगे।

---

अंबेडकर चौक के समीप से 200 फीट तक मल-मूत्र से बजबजा रही सड़क

# मां चतुभुर्जी मंदिर जाने वाले रोड पर गंदा पानी

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर पिछले कई महीनों से कई घरों के मल-मूत्र एवं नाली का पानी बह रहा है। इस कारण बाजार स्थित अंबेडकर चौक के समीप से 200 फीट तक की सड़क नाली के बदबूदार पानी से बजबजा रही है। पहले इसी रोड से बहने वाला नाली का गंदी पानी 200 फीट के बाद आसपास के रैयतों के खेतों में गिर रहा था, लेकिन अब रैयतों ने नाली के पानी को खेत में गिरने से रोक दिया और सड़क पर दोनों ओर से मिट्टी डाल बंद कर दिया है। इस कारण सड़क पर 200 फीट तक नाली का पानी जमा रहता है। इससे परेशान होकर अब श्रद्धालु बजार स्थिति मुख्य रास्ते को छोड़कर दूसरे रास्ते से मंदिर जाने को विवश हैं।



श्रद्धालुओं के दूसरे रास्ते से मंदिर जाने के कारण यहां के व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। सड़क के एक ओर वार्ड 8 तो एक ओर वार्ड 9 है। यहां के निवासी संजय कुमार, अवधेश साह, राम गोबिंद कुमार, फेकन बैठा, राम नाथ मेहता, संजय मेहता, बालमुकुंद पाठक, निलम देवी, संगीता देवी, काजल देवी सहित अन्य लोगों ने कहा कि नाली के गंदे पानी की वजह से हम सबका जीवन नारकीय हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से यह स्थिति बनी हुई है। किसी जनप्रतिनिधि या प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। इधर इस संबंध में मुखिया प्रमोद ने बताया कि सड़क के दोनों ओर रैयती जमीन है।

जमीन मालिक सोख्ता या नाली बनवाने को तैयार नहीं है। ऐसे में सड़क पर नाली का पानी बहाने वालों की शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी से की गयी है। जल्द ही इसका निराकरण किया जायेगा।

---

# गढ़वा के बेटे ने हरियाणा में रच डाला इतिहास

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

डीएवी नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गढ़वा के विश्वजीत सिंह ने 50 किग्रा भार वर्ग में ब्रांज मेडल जीतकर इतिहास रचा है। वहीं डीएवी राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पदक जीतने वाला झारखंड का पहला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। विदित हो कि 4 से 6 जनवरी तक हरियाणा पुलिस अकादमी हरियाणा में डीएवी राष्ट्रीय मुकेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। विश्वजीत सिंह की इस जीत पर संघ के संरक्षक मोहम्मद मुमताज राही, अध्यक्ष शिव शंकर पांडे, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष लव कुमार दुबे, सचिव रामप्रवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन

**डीएवी नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में विश्वजीत ने 50 किग्रा भार वर्ग में जीता ब्रांज मेडल**

तिवारी, सहसचिव महती, पुनीत जायसवाल, खेलकूद प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता धीरज दुबे, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक के साथ-साथ बॉक्सिंग खिलाड़ी मुस्कान कुमारी, विजेता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पवल कुमार, अजय बाल्मीकि, दिव्या तिवारी, आराध्या कुमारी, अनन्या कुमारी, गौतम तिवारी, राजुला अंसारी, विकास कुमार, सूर्य कुमार, नौशाद आलम ऋषि बाबू, अभिजीत कुमार, आदि खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।



---

# दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**श्री बंशीधर नगर।** मगरदह ग्राम निवासी पुरनचंद राम की पत्नी सावरी देवी का निधन इलाज के दौरान रांची रिम्स में 9 जनवरी की रात्रि में हो गया। सावरी देवी का शव बुधवार की सुबह पहुंचा। ज्ञात हो कि विगत 3 जनवरी को बभनी पेट्रोल पंप के निकट बाइक दुर्घटना में सावरी देवी घायल हो गई थी। जिपस बाला, झामुमो कार्य समिति सदस्य सूर्यदेव मेहता, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, जिपस पति प्रमोद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, सूर्य देव राम, रत्नेश आदि ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।

---

# मेराल थाना क्षेत्र में हाथियों का उत्पात घरों और फसलों को पहुंचाया नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

थाना क्षेत्र के बना जांघ एवं बहेरवा गांव में मंगलवार रात्रि हाथियों ने उत्पात मचाते हुए कई घरों को तोड़ डाला और फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। हाथियों द्वारा तोड़े गए घरों में बाना जांघ के रामगति विश्वकर्मा और बहेरवा गांव के सुरेश परहीया, राजेंद्र परहीया, रमेश परहीया जगदीश परहीया, नारायन परहीया, सुनील परहीया, विनोद परहीया, नंदू पुरहीया व बिरजू परहीया शामिल हैं। बना जांघ गांव में रात्रि 8:00 बजे से 2:00 बजे रात्रि तक हाथियों ने उत्पात मचाया। घर का अनाज



एवं अन्य सामान के साथ खेत में लगी फसलों को भी नुकसान किया। इसके बाद हाथियों का झुंड बाहेरवा गांव पहुंच गया और वहां भी घर के साथ-साथ अनाज और फसल को नुकसान किया। फिलहाल बहेरवा गांव के सभी आदिम जनजाति परिवार के लोग सरकारी स्कूल भवन में शरण लिए हुए हैं, जबकि कई लोग अपने रिश्तेदारों के यहां भेज दिये गये हैं। सुबह वन विभाग के पदाधिकारी एवं मुखिया पति जगजीवन राम ने बाना जांघ और बहेरवा गांव पहुंचे और हाथियों द्वारा नुकसान का जायजा लिया। वन विभाग के पदाधिकारी ने सभी लोगों को आवेदन भरकर विभाग में पहुंचाने का निर्देश दिया ताकि सभी पीड़ित परिवारों को नुकसान का मुआवजा मिल सके।

---

# ईवीएम केंद्र व मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन का शुभारंभ

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर निर्वाचन से जुड़ी जानकारी दी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त निर्देश के आलोक में ईवीएम एवं वीवीपीएटी के जागरूकता हेतु डिजिटल ऑउटरीच एवं इनोवेशन फिजिकल ऑउटरीच कार्यक्रम संचालित करने के प्राप्त निर्देश के आलोक में ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र एवं मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन का शुभारंभ किया गया। जिले के मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से जागरूक करने हेतु बुधवार से समाहरणालय गढ़वा परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा ईवीएम प्रदर्शनी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से अपर



समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ईवीएम प्रदर्शनी वैन जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में जाकर मतदाताओं को ईवीएम का लाइव प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

वहीं समाहरणालय के सभागार में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर निर्वाचन से जुड़े विषय पर मीडिया को जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव के लिए आम मतदाताओं को ईवीएम मशीन का उपयोग एवं प्रणाली से जागरूक करने के उद्देश्य से 10 जनवरी से मतदाता जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आमजनों तक यह जानकारी पहुंचाने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-गोपनीय शाखा प्रभारी धीरज प्रकाश, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केशरी समेत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

---

# सेविका, सहायिका के चयन की तिथि की गई निर्धारित

**केतार/खरौंधी।** केतार प्रखंड के हुरका और ताली आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका व सहायिका के चयन को लेकर समाज कल्याण विभाग ने तिथि निर्धारित कर दी है। आंगनबाड़ी केंद्र हुरका-1 में सहायिका (एससी) का चयन 17 जनवरी को और ताली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका का चयन 18 जनवरी को ग्रामसभा के माध्यम से होगा। **वहीं खरौंधी** प्रखंड के पिपरा आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका का चयन 17 जनवरी को पिपरा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर ग्रामसभा के माध्यम से होगा। योग्य महिलाएं उक्त तिथि को आंगनबाड़ी पहुंच कर अपना आवेदन दे सकती हैं।

---

# ग्रामीणों ने की तार व पोल की मरम्मत कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

पूर्वी पंचायत के वार्ड नंबर 10 एवं 11 के ग्रामीणों ने बुधवार को विद्युत विभाग सहायक अभियंता को लिखित आवेदन देकर विगत कई वर्षों से जर्जर हो चुके बिजली के तार व पोल की मरम्मत करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल चौक के पीछे चांदनी चौक से लेकर नट टोला तक का तार एवं पोल पूर्णरूप से जर्जर हो चुका है। बास के पोल के सहारे तार लटक रहा है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पूर्व भी बिजली विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया है था लेकिन अभी तक इस पर कोई



कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने विद्युत अभियंता से जर्जर हो चुके तार एवं पोल को ठीक करने की मांग की है। मौके पर मुद्रीका चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, शिवकुमार चंद्रवंशी, अकबर अंसारी, रुखसाना बीबी, जावेद अंसारी, संजय राम, अयूब अंसारी, सूरज कुमार, देव कुमार, विनोद कुमार, सूरज कुमार, संगीता देवी, रीना देवी, दिलीप राम, दिनेश राम आदि शामिल हैं।

---

# 'उत्तरदायित्व से दूर हो गए हैं जनप्रतिनिधि'

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

चुनाव लड़कर विधायक बनना मेरा उद्देश्य नहीं है। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करना एक मात्र मेरा उद्देश्य है। उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध युवा समाजसेवी विकास दुबे ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं विगत दो वर्षों से दौरा कर विश्रामपुर विधानसभा की समस्याओं से रूबरू होने का प्रयास कर रहे हैं। आज भी गांव के लोग मूलभूत समस्याओं को लेकर जूझ रहे हैं। शिक्षा, भ्रष्टाचार, रोजगार की समस्या सुरसा की मुंह की तरह यथावत है। प्रखंड के पदाधिकारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि आज अपने उत्तरदायित्व से दूर हो गए हैं। विधानसभा क्षेत्र के सभी सात प्रखंड व अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है। प्रमाणपत्र बनवाने, मनरेगा, अबुआ आवास, जनवितरण प्रणाली सहित सभी योजनाओं में बिना पैसा लिए गरीबों का काम नहीं हो रहा है। आज शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क, सिंचाई सहित सभी बुनियादी सुविधाएं शून्य की स्थिति में हैं।



आज सरकारी अस्पतालों में कोई सुविधा लोगों के इलाज के लिए उपलब्ध नहीं है। लाचार होकर इस क्षेत्र के लोग अपने इलाज के लिए निजी अस्पतालों की ओर जाने को विवश हैं। जहां पर उनका आर्थिक दोहन किया जा रहा है। 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर यहां के लोगों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं को जानने सुनने का काम कर रहे हैं। वर्तमान विधायक विश्रामपुर विधानसभा का चार बार प्रतिनिधित्व किए हैं। लेकिन वर्तमान राजनीति का व्यवसायीकरण कर अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। आज बालू के अवैध खनन में पुलिस व पदाधिकारी लगे हुए हैं।कांडी प्रखण्ड का हेठार इलाका जो कभी कृषि के मामले में प्रथम स्थान रखता था आज सूखा तो कभी बाढ़ से लगातार ग्रसित है। पिछले कुछ वर्षों से प्रखण्ड के किसान नीलगायों की समस्या से जूझ रहे हैं। इनसभी समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला कोई नहीं है। यहां के किसानों को समय पर खाद्द बीज भी सरकार की ओर से नहीं मिलता। आज विधानसभा क्षेत्र के युवा 15-20 हजार कर रोजी रोजगार के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में पलायन को मजबूर हैं। युवा समाजसेवी ने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग अपनी बुद्धि विवेक का इस्तेमालते करते हुए चुनाव की समर में आगे आएं। समस्या को ध्यान में रखते हुए जाति व पार्टी से ऊपर उठकर मत प्रयोग करें। मीडिया द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मेरा संकल्प है कि किसी भी क्षेत्र में रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं किया जाएगा। केंद्र व राज्य की योजनाएं भ्रष्टाचार मुक्त होकर धरातल पर उतरेगी। 15 जनवरी को मैं अपनी पार्टी का गठन कर उसकी घोषणा करूंगा।

---

# मनरेगा जॉब कार्ड बनाने के नाम पर उगाही का आरोप

**भवनाथपुर।** प्रखंड परिसर स्थित नेहा आजीविका सखी मंडल के संचालिका द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड बनाने के नाम पर दो सौ रुपये अवैध उगाही करने का मामला प्रकाश में आया है। पत्रकारों के पहुचने पर पैसे किया वापस। भुक्तभोगी कैलान पंचायत के जोगिंद्र भुइयां ने बताया कि मैं सोमवार को भवनाथपुर ब्लॉक पहुच कर मुख्य गेट के सामने संचालित हो रहे दुकान में जा कर पूछा जॉब कार्ड कहा बनता है तो संचालिका के द्वारा बोला गया कि तीन सौ रुपये लगेगा यहीं बन जाएगा। मैंने बोला कि दो सौ रुपये है तो उसके द्वारा दो सौ रुपये लेते हुए बोला कि ऑपरेटर आरहा है तो बन जाएगा। इसके बाद हम कहीं दूसरे जगह काम से चला गया और आज बुधवार को आकर पूछा तो मंजू देवी द्वारा बताया गया कि ऑपरेटर नही है अभी नहीं बना है। वहां एक गांव के ही व्यक्ति से मुलाकात हुई तो उनके द्वारा बताया गया कि यहां नहीं बनता है, तो हमने पैसा मांगा तो वो देने से इनकार करने लगी, जिसकी जानकारी पत्रकारों को दी गई तो पैसा वापस किया।

---

# 'भौतिक सत्यापन के बाद पात्र लाभुकों को अवश्य मिलेगा अबुआ आवास का लाभ'

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

अबुआ आवास की सूची से नाम हटाए जाने के मामले को बीडीओ राहुल कुमार सानू ने गंभीरता से लिया है। उसको लेकर कर्मी और पदाधिकारियों के साथ-साथ संबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधियों की आनन फानन में बुधवार को बैठक बुलाई ली। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने मामले पर कर्मी और पदाधिकारियों से जानकारी हासिल की। साथ ही पोर्टल से नाम हटाने का कारण भी उनसे जाना। पदाधिकारियों व कर्मियों ने अबुआ आवास के पोर्टल से किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं हटाने की जानकारी उन्हें दी। बताया गया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जितने भी आवेदकों के द्वारा आवेदन दिये गये थे उन सभी को अबुआ आवास के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। इसकी सूची पंचायत सचिवालय की दीवारों पर चिपका दी गई है। हालांकि बैठक के दौरान पोर्टल से नाम हटाने के आरोप पर विचार करते हुए भौतिक सत्यापन के बाद पुनः उनका नाम अबुआ आवास के



पोर्टल पर चढ़ाने पर सहमति बनाई गई। मामले को लेकर एक टीम का भी गठन किया गया, जिसकी देखरेख में ही लाभुकों का भौतिक सत्यापन करने का काम किया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि ग्राम सभा होने के बाद 1013 लाभुकों की सूची पंचायत सचिवालय की दीवार पर चिपकाने का काम किया गया था, जबकि उन्हें 1980 लाभुकों के नामों की सूची को चिपकाना चाहिए था। बीडीओ ने कहा कि जितने भी आवेदकों के द्वारा आवेदन जमा किया गया है उन सभी का नाम अबुआ आवास के पोर्टल पर अपलोड हो चुका है। उसके बाद सभी लोगों का भौतिक सत्यापन होगा, जिसके बाद जो उसके योग्य होंगे उन्हें अबुवा आवास योजना का लाभ अवश्य दिया जाएगा।

### आदिम जनजाति परिवारों के घरों का भौतिक सत्यापन

वहीं बीडीओ राहुल कुमार शानू ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के डंडाई गांव में निवास कर रहे परिया जाति के घरों का भौतिक सत्यापन किया। अधिकांश लोगों को बीडीओ ने उक्त योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनमन योजना को लेकर लाभुकों का चयन करने के लिए सरकार की ओर से निर्देश प्राप्त हुआ था। उसी के आलोक में आज प्रखंड क्षेत्र के डंडई गांव में रह रहे परिया जाति के घरों का भौतिक सत्यापन करने का काम किया गया है। मौके पर मुखिया पति महेश्वर राम, विजय राम, गुड्डू परिया, विजय परहिया उपस्थित थे।

---

**पहल** प्रधानाध्यापकों की बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने की अपील

# 'सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ' को बनाएं जनांदोलन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड मध्य, उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक व नवप्रथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीइओ ने कहा कि 11 जनवरी को सुबह 8.30बजे से 9.30 बजे तक सभी विद्यालयों में सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ अभियान चलाना है। इस अभियान में समाज के हर वर्ग को जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि एसएमसी सदस्य, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को भी इस अभियान में शामिल करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में घंटी से पहले 'सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में बच्चों



की उपस्थिति बढ़ाने के साथ साथ शिक्षा के प्रति माता पिता व बच्चों में जिम्मेवारी की भावना उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिये इस अनोखी पहल का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप स्थापित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का फोटो, वीडियो आदि सोशल मीडिया पर अपलोड करें। उन्होंने सभी सीआरपी व बीआरपी को अपने अपने संकुलाधिन सभी विद्यालयों में सिटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम की निगरानी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि समन्वय बनाकर कार्य करें, परिणाम सकारात्मक होगा। बैठक में बीपीओ तहमीना प्रवीण, बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शक्तिदास सिन्हा, अजय कुमार, शोभा पांडेय, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, सुधीर चौबे, अखिलेश प्रसाद, राजनाथ राम, संजय कुमार मेहता, रूबी कुमारी, संध्या कुमारी, नीलम पांडेय, रागनी रवानी, अलीम अंसारी, विनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, मदन राम, मुनेश्वर मेहता आदि प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

---

# रक्सी में विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**धुरकी।** अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने धुरकी प्रखंड क्षेत्र के खाला व रक्सी पंचायत सचिवालय मे बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणो को भारत सरकार की चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी। सर्वप्रथम खाला पंचायत सचिवालय में मुखिया अजरून नेशा की उपस्थिति में कार्यक्रम चलाया गया। वहीं रक्सी पंचायत सचिवालय में मुखिया अंजु देवी की उपस्थित में कार्यक्रम हुआ। मौके उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, बीडीसी अशोक राम, पूर्व प्रमुख विनोद कोरवा, विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव आदि मौजूद थे।

---

# अनुकूलचंद्र के अनुयायियों ने मनाया वनभोज दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में शनिवार को वनभोज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ऋत्विक धृतिसुंदर लाल ने कहा कि यह कार्यक्रम श्री श्री ठाकुर जी द्वारा विगत 9 जनवरी 1969 को प्रारंभ किया गया था। उसी समय से प्रत्येक वर्ष सत्संगियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में वनभोज दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में लिलावती देवी, अनिता सिन्हा, चंचला गुप्ता, सतवंती देवी, वृंदा देवी, गौरी देवी, पूजा देवी, बबिता सिंह आदि ने भक्ति मूलक



भजन प्रस्तुत किया। इस मौक पर ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा, ब्रजेश तिवारी, प्रमोद चौबे, राहुल दा, शक्तिदास सिन्हा, संजय, पप्पू जायसवाल, राज कुमार, विकास कुमार, जयसिंह दास, राहुल कुमार, गोविंद रजक, शेषमन प्रसाद, धृतिदीप्त, लक्ष्य, विजय, श्रवण शर्मा, प्रभा देवी, मधु, अरुण बिहारी, निर्मला जायसवाल, प्रमिला देवी, दुर्गा देवी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### दो सहायिका का चयन

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत शेरेगड़ा ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद में सपना देवी, पति पुलिस राणा एवं बालूमाथ दिवाकर नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के लिए आरती देवी, पति विष्णु प्रजापति का बीडीओ सोमा उरांव की उपस्थिति में चयन किया गया। बता दें कि उपरोक्त आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका का पद रिक्त था। कामिनी कुमारी, मुखिया नीलिमा तिर्की, नरेश लोहरा मौजूद रहे।

### टॉर्च का वितरण

**बालूमाथ।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष शंकर उरांव ने ग्रामीणों के बीच टॉर्च का वितरण किया। उरांव ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में बीते दिनों कई गांवों में हाथियों ने तांडव और उत्पात मचा रखा है। मौके पर मंगलदेव उरांव, राजेन्द्र उरांव, बीरेन्द्र यादव, किशोर उरांव, प्रदीप भुइयां, कमलेश उरांव, कामेश्वर उरांव, महेश उरांव, सावन उरांव मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री ने की प्रेसवार्ता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित परिसदन भवन में पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गिरिनाथ सिंह ने प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही वर्तमान राज्य सरकार हेमंत सोरेन कि कार्यप्रणाली को गलत बताया। वहीं गांडेय विधानसभा जेएमएम सरफराज अहमद के इस्तीफे पर उन्होंने कहा कि अहमद ने को इस्तीफा देने लिए मजबूर किया गया है।

### फसल राहत योजना का वेरिफिकेशन जल्द

**टंडवा।** सहायक निबंधक सहयोग समितियां बुधवार को चतरा अंचल के नियर होरो टंडवा प्रखंड पहुंचे। इस दौरान व्यापार मंडल कार्यालय का निरीक्षण किया तथा प्रखंड के पैक्स अध्यक्षों संग बैठक कर मुख्यमंत्री फसल राहत योजना से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर बीसीओ विकास रंजन, विजय गिरी, विजय पांडेय, मंगलदेव सिंह, जितेंद्र नायक, बिरेंद्र साहू, नागेश्वर साहू, प्रशुराम चौधरी, सकेंद्र महतो, श्यामसुंदर लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित

**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र के सोकी व करमा पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। सोकी में मुखिया मीना देवी, भाजपा नेता सुजित भारती व पंचायत सचिव अर्जुन पासवान, करमा में मुखिया रामनाथ यादव व पंचायत के वृद्धजनों द्वारा किया गया। मौके पर समाजसेवी इश्वरी मेहता, कनिय अभियंता उमेश उरांव, मुकेश राणा उपस्थित थे।

### एघारा व चंद्रीगोविंदपुर पहुंचा संकल्प यात्रा रथ

**प्रतापपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को प्रतापपुर प्रखंड के एघारा व चंद्रीगोविंदपुर पंचायत क्रमवार पहुंचा। मौके भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सह जिप सदस्य चतरा निशा कुमारी, मुखिया सुनीता देवी, कंचन कुमारी, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र पासवान, जिप सदस्य प्रतिनिधि संतोष राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार शौण्डिक मौजूद थे।

### वनभोज का आयोजन

**मयूरहंड।** एकतारा जंगल में बुधवार को आजसू का प्रखंड स्तरीय सार्वजनिक रूप से पिकनिक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आजसू नेता सत्येंद्र प्रसाद भगत द्वारा किया गया। मौके पर पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, शिवकुमार सिंह, इंटक नेता प्रदीप सिंह आदि मौजूद थे।

# मां बागेश्वरी मंदिर से पूजा कर लौट रहे थे, बाइक हादसे में दो युवक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर** थाना क्षेत्र के गांगपुर मचनिया पुल के समीप बुधवार को बाइक दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक का हाथ व पैर टूट गया है, जबकि दूसरे को गंभीर चोट आई है। वहीं बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जाता है कि सदर थाना क्षेत्र के रामटुंडा गांव निवासी महेंद्र साव के पुत्र शुभम कुमार व दारीयातु के आकाश कुमार मां बागेश्वरी मंदिर बलबल से पूजा अर्चना कर घर लौट रहे थे। इसी क्रम में युवक को गस्ती आ जाने के कारण बाइक नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अवर निरीक्षक अशोक पांडेय घटना स्थल पहुंचकर क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त किया। दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए सुभम कुमार को रेफर कर दिया गया।

### बांग्ला ईट भट्ठा में काम कर रहे मजदूर की मौत

**गिद्धौर।** प्रखंड के पहरा गांव में निजी बांग्ला ईट भट्ठा में कार्य कर रहे मजदूर की मौत मंगलवार को हो गई। बताया जाता है कि मृतक थाना क्षेत्र के डगडगवा गांव निवासी सेवा भुइयां 60 वर्ष है। मंगलवार को मजदूर को ठंड लग गई व अचानक पैरालिसिस मार दिया। आनन फानन में मजदूर को एंबुलेंस से इलाज के लिए चतरा ले जाया जा रहा था, परंतु रास्ते में ही मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार उक्त ईट भट्ठे में काम करने वाले कई मजदूर आस्था आवास बनाकर रह रहे हैं।

# 20 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र, परिवारों को मिला भूमि पट्टा




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** प्रशासन की ओर से बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कुल 20 चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। जबकि आत्मसमर्पित नक्सलियों के परिवारों को भूमि पट्टा स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य देखभाल योजना के लाभार्थियों के बीच चेक का वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता थे। ज्ञात हो कि झारखंड आवासीय विद्यालय कान्हाचट्टी एवं मयूरहंड में 22 रिक्त सीटों के विरुद्ध 19 नवचयनित टीचर्स एंव कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 14 रिक्त सीटों के विरुद्ध 01 नवचयनित टीचर्स, कुल 20 चयनित टीचर्स को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके बाद आत्मसमर्पित नक्सलियों के परिवारों को भूमि पट्टा स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य देखभाल योजना के लाभार्थियों को चेक आदि दिया गया। मुख्य अतिथि मंत्री श्री भोक्ता ने नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी को जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन ईमानदारी से करेंगे। देश के भविष्य को आकार देने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षक राष्ट्र निमार्ता हैं। सम्मेलन परिसर में पहुंचने पर उपायुक्त अबू इमरान ने मुख्य अतिथि मंत्री श्री भोक्ता को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। समारोह में पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक बड़ाईक, एसडीपीओ अविनाश उपस्थित थे।

### टोरी बॉक्साइट साइडिंग पर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त

# बॉक्साइट ट्रक मालिकों के साथ नहीं होने देंगे अन्याय : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एशोसिएशन की टोरी बॉक्साइट साइडिंग पर चल रही अनिश्चितकाली हड़ताल बुधवार छठे दिन लातेहार विधायक बैधनाथ राम की पहल के बाद समाप्त हो गई। छह दिन चली इस हड़ताल के कारण हिंडालको टोरी साइडिंग में काम करने वाले डब्बा लोडर, ट्रक अनलोडर मजदूरों के भरण पोषण पर भी आफत आ गई थी। इसको लेकर गत 9 जनवरी को हिंडालको टोरी साइडिंग के मालगाड़ी लोडर और ट्रक ऑनरो में हल्की झड़प भी हुई थी, जिसको लेकर तनाव बना हुआ था। हड़ताल पर हिंडाल्को कंपनी और जिले के वरीय अधिकारियों की ओर से पहल होती हुई नहीं देख ट्रक ऑनरों ने गुरुवार को साइडिंग परिसर में सामूहिक आत्मदाह करने का निर्णय लिया था। इसकी सूचना ट्रक ऑनरो ने लिखित रूप से स्थानीय विधायक समेत जिले के वरीय अधिकारियों को दी थी। इसकी सूचना मिलते ही राम बुधवार को हिंडालको टोरी साइडिंग पहुंचे और ट्रक ऑनर एसोसिएशन के साथ-साथ डब्बा लोडरों से भी बात की। उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। ट्रक ऑनरो ने बताया कि हिंडालको बॉक्साइट का प्रबंधक ट्रक ऑनर एसोसिएशन की मांगों पर कोई ठोस पहल करने के लिए तैयार नहीं है। प्रबंधन के उदासीन रवैये के कारण सेरेनदाग माइंस से चलने वाले लगभग एक सौ ट्रक बेकार खड़े हैं, जिसके कारण ट्रक मालिकों, चालकों के सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है। ट्रक ऑनरों की समस्या सुनने के बाद विधायक द्वारा हिंडालको टोरी के प्रबंधक को बुलाकर कहा गया कि आप अपने आला अधिकारी से बात कर समस्या का निदान करें। इस पर टोरी के प्रबंधक रविंद्र नाथ पांडेय लोहरदगा के सीनियर अधिकारी से दूरभाष पर बात करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों से बात नहीं हो पाई। हड़ताली ट्रक ऑनरों और मजदूरों को संबोधित करते हुए राम ने कहा कि हिंडालको अगर ट्रक ऑनर एसोसिएशन की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करती है तो हम सभी मिलकर हिंडाल्को प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन चलाएंगे और ट्रक अनलोडिंग समेत यहां पर रैक लोडिंग को भी पूरी तरह से ठप कर देंगे। विधायक के आश्वासन के बाद ट्रक ऑनरों ने छअपने आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा की। मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, सचिव संजीव कुमार, समाजसेवी राजकुमार साहू, मंटू केसरी, अर्जुन वर्मा, लाल अमित नाथ शाहदेव, संतोष साहू, मिंजु मिंया, राजकिशोर सिंह, मो. एकराम, जयराम भारती, शिवनाथ यादव, मो. इरफान आदि मौजूद थे।

### सरकार के आश्वासन पर बारियातु के पीडीएस डीलरों की हड़ताल समाप्त

**बारियातु।** प्रखंड के पीडीएस डीलर्स की हड़ताल मंगलवार को खत्म हो गई। खाद्य प्रशंस्करण और उपभोक्ता मामले के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के साथ वार्ता के बाद फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया। प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद व सचिव नार्सीघ प्रसाद सिंह ने बताया कि हम सभी दुकानदार मांगों को लेकर 1 जनवरी से हड़ताल पर थे। प्रदेश कमेटी ने राज्य सरकार के साथ वार्ता कर अपनी मांगों को रखा जिस पर राज्य सरकार ने अधिकांश जायज मांगों को अविलंब बहाल करने की बात कही। इसके बाद हम 10 जनवरी को नियमित कार्य पर वापस लौट गए। मौके पर उदय प्रसाद, महेश पासवान, कुंवर प्रसाद, मो शोएब आलम, उमेश प्रसाद, गणेश राणा, दिवाकर सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# बारियातु में हाथियों का उत्पात जारी



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। आए दिनों प्रखंड क्षेत्र के किसी न किसी गांव में फसलों, मकानों व घरेलू उपयोग की वस्तुओं को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पीड़ितों की ओर से बार-बार आग्रह किए जाने के बावजूद वन विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है। हाथियों के आतंक से ग्रामीणों को रात भर जागना पड़ रहा है। मंगलवार रात साल्वे पंचायत के बारिखाप निवासी मजदूर किसान रघुनाथ यादव, पिता स्व. पुरन यादव की 15 डिसमिल जमीन पर लगी आलू की फसल को हाथियों ने पूरी तरह बर्बाद कर दिया। वहीं मनीता मसोमात, पति स्व. संतोष ठाकुर के घर में घुसकर हाथियों ने दो क्विंटल धान व एक क्विंटल मक्का चट कर गया। रमेश साव, पिता प्रभु साव का आंगनबाड़ी में रखा लगभग डेढ क्विंटल धान भी हाथियों ने खा लिया। उन्होंने बताया कि उसने धान खरीद कर धान लाया था, जिसे चावल निकालने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र में सुखने के लिए रखा था। वहीं गोर्वधन महतो, पिता पुरन महतो के आम बागवानी में लगे जाली को हाथियों ने रौंद कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा साल्वे निवासी मिटका मियांकी की गेहूं की फसल को रौंदकर क्षतिग्रस्त कर दिया एवं एक पानी मोटर के सेक्सन तोड़ दिया। इसके आलावा कई किसानों की चना, टमाटर, गेहूं और सरसों की फसल को भी नुकसान पहुंचाया गया है। ग्रामीण मनोज ठाकुर, भवानी गंझू, धरमदेव गंझू, छोटेलाल गंझू, रघुनाथ यादव, रामदेव यादव, बहादुर गंझू ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जंगली हाथियों का झुंड मध्य रात्रि मे आकर फसलों को लगतार नुकसान पहुंचा रहा है। वन विभाग मांग के बावजूद हमारी जान-माल की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं कर रहा है। शाम होते ही ग्रामीणों में हाथी के आने के भय सताने लगता है। ग्रामीणों ने क्षेत्र से हाथी को अविलंब हटाने की मांग की है।

## विद्युत विभाग ने सात बकायेदारों का कटा बिजली कनेक्शन

**गिद्धौर।** प्रखंड के गांगपुर गांव में बुधवार को विद्युत विभाग ने छापेमारी अभियान कनीय अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व में चलाया। इस क्रम में सात बकायदाओं का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। साथ ही सभी बकाएदारों को बिजली बिल जल्द जमा करने की हिदायत दी गई। बिल जमा किये बिना बिजली जलाते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई के साथ प्राथमिकी दर्ज कराने की भी चेतावनी दी गई। मौके पर सहायक कर्मी पंकज, महावीर दागी, विकास, संतोष, रमेश तिर्की, छोटेलाल मौजूद थे।

# जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** जमीरा पंचायत अंतर्गत और रोल महुआमिलान स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय में बुधवार को एलपीएन शाहदेव की 12वीं पुण्यतिथि मनाई गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि शाहदेव ने अलग झारखंड राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी। वह ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति से हमेशा जुड़े रहे। वह एकीकृत बिहार में झारखंड क्षेत्र के आदिवासी मूलनिवासी समुदाय के पहले व्यक्ति थे, जिन्हें उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। प्रधानाध्यापक चंद्रमणी राम, शिक्षक प्रशांत शाहदेव, लाल उदित नाथ शाहदेव, प्रतीक कुमार, संतोष पासवान, विनीत कुमार, प्रमोद कुमार, रंदन मुंडा, पौलुस केरकेट्टा, कविता कुमारी, अभिषेक केरकेट्टा, शिवनारायण महतो उपस्थित थे।

## आईजी व एसपी ने कहा जल्द बनेगी बूढ़ा पहाड़ के इलाके में पक्की सड़क



**लातेहार।** पलामू के जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा और लातेहार एसपी अंजनी अंजन मंगलवार को बूढ़ापहाड़ के सबसे नजदीक कैंप नावटोली और तिसिया का जायजा लिया है। दोनों अधिकारी इलाके में करीब छह घंटे तक रहे और एक-एक बिंदुओं पर समीक्षा की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने बूढ़ापहाड़ इलाके में तैनात सीआरपीएफ एवं पुलिस के जवानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को भी सुना। अधिकारियों ने स्थानीय ग्रामीणों से भी बातचीत की। स्थानीय ग्रामीणों ने रोड समेत कई समस्याओं को लेकर अधिकारियों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में रोड की समस्या है। स्थानीय ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि इलाके को जोड़ने वाले रोड की मंजूरी मिल गई है और टेंडर भी जारी हुआ है। जल्दी इलाके में रोड व पूल का निर्माण कार्य शुरू होगा। अधिकारी करीब दो घंटे का सफर कर बाइक से ही इलाके में पहुंचे थे। दरअसल अभियान ऑक्टोपस में तिसिया और नावाटोली पुलिस कैंप की सबसे बड़ी भूमिका रही है। दोनों कैंप लातेहार के इलाके मौजूद हैं। दोनों कैंपों की दूरी बारेसाढ़ थाना से करीब 30 किलोमीटर की है। पूरा रास्ता पथरीला है और कई जगह नदियों को पार करना पड़ता है।

## रहम पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

**टंडवा।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के राहम पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का खोला गया। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, पसस विकास पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस दौरान तीन किसानों से धान की खरीदारी की गई। पैक्स अध्यक्ष विजय पांडेय ने बताया की प्रखंड के किसानों को बोनस सहित दो हजार तीन सौ रुपए प्रति क्विंटल भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा की पॉश मशीन खराब होने के कारण अन्य किसानों से धान की खरीदारी नही हो सकी है। मौके पर अक्ष्वट पांडेय, अरविंद पांडेय, इदरीश अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी लदा पिकअप वैन पकड़ा, एक तस्कर गिरफ्तार



**बरवाडीह।** वन विभाग ने एक बार फिर लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लकड़ी लदा एक पिकअप वैन पकड़ा है। साथ ही एक तस्कर बिरेन्द्र प्रसाद, पिता रामजी प्रसाद, ग्राम अमडिहा (बरवाडीह) को गिरफ्तार किया है। रेंजर अजय टोप्पो को गुप्त सूचना मिली कि सैदुप के जंगलों से अवैध लकड़ी तस्कर द्वारा ले जाई जा रही है। इस पर वनों के क्षेत्र पदाधिकारी अजय तोपों के नेतृत्व में गठित टीम वनपाल रजनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार रात सैदुप से बढ़निया रोड में छापामारी कर सैदुप जंगल से आते हुए संदिग्ध पिकअप वैन को जांच हेतु रोका। वाहन में सखुआ व गम्हार के 9 बोटा पाये गये। इस संबंध में वनपाल रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि तस्कर द्वारा अवैध रूप से लकड़ी की तस्करी का कार्य किया जा रहा था। वनपाल रजनीश ने बताया कि जब्त की गई लकड़ी की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख रुपये है। लकड़ी व पिकअप वाहन को बरवाडीह वन विभाग परिसर में रखा गया है। गिरफ्तार किए गए तस्कर को लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी टीम में वनपाल रजनीश कुमार सिंह के अलावे शशिभूषण कुमार, इमरान अहमद, मुकेश यादव, ट्रैकर इलियस टोप्पो, रविन्द्र सिंह, कमलेश सिंह, लुकश सुरीन शामिल रहे।


झारखण्ड–सरकार श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, गढ़वा
प्राचार्य का कार्यालय

Skill India

रोजगार भर्ती कैम्प संबंधी सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में दिनांक– 18 जनवरी 2024 को **"Suzuki Motor" Gujrat Pvt. Ltd.** के तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया है। इस कैम्प में I.T.I पास युवक भाग लेकर अपने भविष्य को उज्जवल एवं सुनहरा बना सकते हैं। जो युवक इस भर्ती कैम्पस में भाग लेना चाहते हैं वे सारी कागजात/प्रमाण पत्र लेकर उक्त तिथि को I.T.I गढ़वा में प्रातः 10:00 बजे उपस्थित हो जाएँ। नियोजक/कंपनी का दिया गया प्रोपोजल इस प्रकार है–

**TEST VENUE- ITI HANSKER, GARHWA**
**TEST DATE- 18-01-2024**
**AGE LIMIT- 18 TO 24 YEARS**
**Education Criteria- 10th Pass with 40% & ITI Pass with 50% Marks**
**Year of ITI Passout- 2016, 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022 & 2023**
**Trade- Fitter, MD, MMV, Turner, Machanist, Welder, Electrician, Tool Die Maker, Plastic Processing Operator, Tractor Machanic & Painter General etc**
**Category In Insititute- Govt/ Semi Govt./Pvt**
**ITI- NCVT & SCVT**
**Gender- Only Male Candidates Can Participate**
**SALERY ITI PASS- Monthly (CTC) in Rs. 21,500/- Monthly in hand- Rs. 15,300/-**
**Documents Required- 10th Marksheet, ITI Marks, Adhar Card, Pan Card, 2 Passport Size Photo etc**
नोटः– आने –जाने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
**Helpline No. 6207501651**

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा।

PR 315684 Labour Employment and Traning(23-24)D



कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, लोहरदगा

आम सूचना

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम अन्तर्गत अबुआ आवास योजना के आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का पंजीकरण एवं सत्यापन के उपरांत ग्राम सभा से पारित सूची का प्रकाशन सभी ग्राम पंचायत के पंचायत भवनों में किया गया है। जिन आवेदकों को ग्राम सभा से पारित सूची के विरूद्ध आपत्ति दर्ज करना है, वैसे लाभुक दिनांक 18.01.2024 तक कार्यालय अवधि में पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक संबंधित प्रखण्ड कार्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के नाम से हाथों–हाथ या ईमेल के माध्यम से आपत्ति आवेदन के रूप में दर्ज कर सकते हैः–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | ईमेल |
|---|---|---|
| 1 | भण्डरा | bdobhandra1@gmail.com |
| 2 | कैरो | bdokairo@gmail.com |
| 3 | किस्को | kiskobdo@gmail.com |
| 4 | कुडू | bdokuru@gmail.com |
| 5 | लोहरदगा | bdo_lohardaga2010@rediffmail.com |
| 6 | पेशरार | bdopeshrar@gmail.com |
| 7 | सेन्हा | bdosenha2@gmail.com |

उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 315665 (Lohardaga) 23-24 (D)


## धर्म-कर्म

### बारियातु खेल स्टेडियम में विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन

# 'शिष्य के रूप में एक ही धर्म है स्वयं को जानना'






**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड के खेल स्टेडियम परिसर में बुधवार को विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित शिव शिष्यों को जानकारी देते हुए भाई धनंजय ने कहा कि परमात्मा का कोई नियम है ना जमात है, ना कोई जात है ना कोई पात है, ना कोई बुरा है ना कोई वेद है। सूर्य सबको रोशनी देता है, पानी सबकी प्यास बुझाता है। हम और आप कितने टुकड़ों में बटे हैं। सबको राम और कृष्णा शास्त्रों और धर्म का ज्ञान है। सभी मंदिरों में जाते हैं लेकिन उनके व्यवहारिक ज्ञान को नजर से देखेंगे तो विरोध होगा। शिष्य के रूप में आपका एक ही धर्म है स्वयं को जानना और स्वयं में डूबना। परमात्मा में सबसे गरिमा और सबसे महान मानव है। मंदिर को आदमी ने बनाया और आदमी को परमात्मा ने बनाया है। जिसको आदमी ने बनाया वह श्रेष्ठ होगा कि जिसको परमात्मा ने बनाया वह श्रेष्ठ होगा? आदमी आदमी के सामने झुकने के लिए तैयार नहीं है। आदमी पत्थर के सामने झुकने के लिए तैयार है। इसलिए तैयार है कि पत्थर से कोई एक्शन और ना कोई रिएक्शन देता है। आदमी क्रियाओं की प्रतिक्रियाओं की एक्शन देता है रिएक्शन देता है। आप सर्वश्रेष्ठ हो तो सर्वश्रेष्ठ चुनो नहीं चुन सकते हो तो जैसा गुरु वैसा चेला। शिव आपका गुरु होंगे तो वह आपको अपने जैसा बनाएंगे। जीवन का दो पक्ष है- एक लौकिक और एक परलौकिक। संसार में एक संन्यासी ईश्वर को पाने के लिए घर छोड़कर चला गया, हजारों वर्ष तक तपस्या की। इसकी कोई जरूरत नहीं है। संसार में रहें तो ख्याल रखें कि शिव मेरा गुरु है। मौके पर भाई कमलदेव, बॉलीवुड सिंगर मेघा, जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी, बहन सुनीता वाराणसी, भाई अमोद लेस्लीगंज, आयोजक भाई अजित, अनिल, सकेंद्र, टीमा, पिंटू, नागेंद्र, बहन कमला सहित चतरा, प्रतापपुर, लावालौंग, चंदवा, लातेहार, बालूमाथ, हेरहंज, पलामू प्रमंडल के शिव शिष्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### बीपीओ ने की शिक्षकों के साथ बैठक, दी गई आवश्यक जानकारी

**प्रतापपुर (चतरा)।** स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित अनूठी पहल सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ की व्यापक एवं सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य को लेकर बुधवार को प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय के सीआरसी भवन में सीआरसी के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य के साथ बीपीओ अजय कुमार एवं सीआरपी नेहाल अख्तर ने बैठक की। बैठक में उपस्थित शिक्षकों को बताया गया कि विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को सिटी देकर उन्हें निर्देशित करें कि कल 11 तारीख दिन गुरुवार को सुबह जब विद्यालय आए तो घर से निकले और सीटी बजाते हुए बच्चों की टोली को विद्यालय तक आने के लिए प्रेरित करते हुए विद्यालय खुद आए और अन्य बच्चों को भी विद्यालय तक लाएं। साथ ही प्रातः सभी बच्चों का स्कूल आते व सीटी बजाते तस्वीर या वीडियो को हैस टैग करते हुए पोस्ट कर सोशल मीडिया महा अभियान में फेसबुक इंस्टाग्राम इत्यादि सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की विस्तृत जानकारी दी।

### बरवाडीह मंडल भाजपा की बैठक में सम्मेलन पर की गई चर्चा

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर भाजपा मंडल की बैठक भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसमें 24 जनवरी को लातेहार बनवारी साहू कॉलेज में प्रस्तावित नए मतदाता सम्मेलन पर चर्चा हुई। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता, मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह, बृजमोहन सिंह, चंद्रदीप सिंह, पवन गुप्ता, आयुष कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, पुटुन दयाल सिंह, अनिल सिंह, दिलीप सिंह, सुरेश सिंह, राजेंद्र सिंह, गुड्डू सोनी, जयप्रकाश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, राजू सिंह, चंद्रदेव सिंह, ललिता देवी, प्रियांशु कुमार, मनमतीया देवी आदि उपस्थित थे।

### आम चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार एवं अनुमंडल कार्यालय के सभागार में असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनर (एएलएमटी) को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. परवेज एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार ने पोलिंग पार्टी के कार्यों एवं दायित्वों तथा मतदान के दिन पोलिंग बूथ में आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे एएलएमटी को प्रशिक्षण दिया। अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे ने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। अंचल अधिकारी बालूमाथ तृप्ति विजया कुजूर ने निर्वाचन व्यय के मॉनिटरिंग, मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी के कार्य, पेड न्यूज इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

## गिरफ्तार युवक हत्या के मामले में जा चुका है जेल

# डेढ़ लाख के ब्राउन शुगर के साथ धरा

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

सदर थाना क्षेत्र के खोरा पतराटोली गांव से पुलिस ने 14 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ उत्तम साहू नामक युवक को गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है। बुधवार को एसपी हरविंदर सिंह ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया।

एसपी ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी की खोरा में एक युवक अवैध रूप से नशीले पदार्थ की बिक्री करता है। एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा छापेमारी कर युवक को गिरफ्तार किया गया। उसके निशान देही पर 14 ग्राम ब्राउन शुगर, मोबाइल व एक तौलने की इलेक्ट्रॉनिक मशीन भी बरामद की गई। एसपी ने यह भी बताया कि गिरफ्तार युवक हत्या के मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है। छापामारी दल में एसडीपीओ मनीषचंद्र लाल, थाना प्रभारी बिनोद व सशस्त्र बल शामिल थे।



### मध्य विद्यालय कैंपस में अज्ञात ने की चोरी

**चैनपुर /गुमला।** चैनपुर प्रखंड के बरवे नगर पंचायत के फुलवार टोली आरसी मध्य विद्यालय कैंपस में लगे जल मीनार के सबमर्सिबल व पाइप को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। विद्यालय के अध्यापक ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से विद्यालय में शीतकालीन की छुट्टी चल रही थी। बुधवार कोजब स्कूल पहुंचे तो पाया कि चापाकल में लगे सबमर्सिबल व पाइप की किसी के द्वारा चोरी कर ली गई है। इसकी सूचना को प्रमुख प्रमोद खालको को दी गई। सबमर्सिबल व पाइप के चोरी हो जाने से विद्यालय में पेयजल के लिए परेशानी हो रही है। मध्यान भोजन के बाद पानी के लिए दूर जाना पड़ रहा है।



### सांसद ने तीन सड़कों के लिए मंत्री को लिखा पत्र

**गुमला।** स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत ने विगत माह 22 दिसंबर को गुमला जिले की तीन महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के निर्माण एवं मरम्मतिकरण कराने के लिए एक मांग - पत्र सड़क परिवहन एवं राजमार्ग भारत सरकार के मंत्री नितिन गडकरी लिखा था।

उन्होंने लिखा था कि इन सड़कों स्थिती खराब होने के कारण स्थानीय जनता बहुत परेशान हैं इसके बावजूद राज्य सरकार बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है। सांसद ने जिन सड़कों को बनाने की मांग की है उसमें एरोड्राम से कसीरा भाया ओलमुंडा से ओकबा तक लगभग 30 किमी, घाघरा प्रखण्ड के जलका मोड़ से रुकी होते हुए तुसगांव तक 25 कि.मी. सड़क निर्माण तथा घाघरा प्रखंड के सेरेंगदाग से जालिम तक 26 कि.मी. तक सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। उन्होंने लिखा है कि उपरोक्त सड़क मार्ग उनके संसदीय क्षेत्र के प्रमुख सड़क मार्ग हैं, इनकी जर्जर अवस्था से जिले की बहुत बड़ी जनसंख्या प्रभावित हो रही है। सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी ने बताया कि बडे.हर्ष कि बात है कि उपरोक्त मांग पत्र को लेकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की ओर से जवाब मिला कि उपर्युक्त पत्र को संबंधित अधिकारी को प्रेषित कर दिया गया है।

## जय श्री राम समिति ने किया दही चूड़ा तिलकुट कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जय श्री राम समिति के द्वारा पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव की अध्यक्षता में दही चूड़ा तिलकुट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में समिति के महिला पुरुष शामिल हुए ' आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री रांची मेयर व समिति संरक्षक आशा लकड़ा उपस्थित होकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन घर घर मे दीप जलाने और भगवा ध्वज लगाने की बात कही गई। हर घर मे दीपावली जैसा उत्सव मनाने की बात कही गई। मौके पर संरक्षक आशा लकड़ा ने जय श्री राम समिति के द्वारा चूड़ा तिलकुट दही का आयोजन की सराहना करते किया। उन्होंने 22 जनवरी को घर-घर में दीप जले और भगवा लगे ऐसा संदेश देते हुए अपनी आवाज में गीत गाई। आंगन में तुलसी अयोध्या में राम पर सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कहा कि लगभग 500 सालो की कठोर तपस्या का आज परिणाम स्वरूप राम मंदिर निर्माण की परिकल्पना पूरी हो रही है। हमे त्रेतायुग की तरह इस युग मे भी राम के आगमन पर घर घर मे दीप जलाकर उनका स्वागत करना चाहिए। मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने कहा युग युग में राम हर धड़कन में राम, राम के बिना ना हो कोई काम ऐसा संदेश समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों को देने का प्रयास किया। सुषमा सिंह ने कहा घर-घर अलख जगाना है हमारे प्रभु राम आ रहे हैं खुशियों में झूम जाना है। आयोजित बैठक में आए हुए सभी महिला पुरुष एक दूसरे को चूड़ा तिलकुट खिलाकर बधाई दी समिति ने सभी सनातनियो से दीपक जलाने एवं भगवा झंडा लगाने का आग्रह किया मंच संचालन ओम महतो के द्वारा एवं विधि व्यवस्था नगर अध्यक्ष दीपक साहू के द्वारा किया गया। बैठक को परमेश्वर साहू,विनोद राय, रोहित साहू,राजीव रंजन, उमेश कास्यकार, गुप्तेश्वर प्रसाद, अजय सोनी, अनिल उरांव ने संबोधित किया। मौके पर जिला संरक्षक, जिला संचालन समिति, नगर कमेटी, महिला समिति,प्रखंड कमेटी व पंचायत समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।




## अयोध्या से आये पूजित अक्षत, पत्रिका वितरण के लिए निकाली गई शोभा यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सेरेंगहातु ग्राम में बुधवार को राजू साहु के नेतृत्व में राम लक्ष्मण व माता सीता का स्वरूप बना कर ढोल नगाड़ा व बाजा गाजा के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाल कर अयोध्या से आया पूजित अक्षत व पत्रिका का वितरण किया गया। वही अक्षत व पत्रिका वितरण से पूर्व मंदिर व सरना स्थल में पूजन आरती किया गया।

वही आदित्य साहु ने बताते हुए कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होना है, जिसके निमित सेरेंगहातु ग्राम घर घर सभी को पूजित अक्षत व चावल का वितरण किया जा रहा है, जिसे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हो कर क्षेत्र के लोग साक्षी बनें। वही पूजित अक्षत चावल व पत्रिका वितरण के मौके पर मुखिया शोभा देवी, सतीश पाण्डेय, जागेश्वर साहू, मनोज साहू, प्रदीप साहू, जितेंद्र कुमार साहू, आदित्य कुमार साहू, महेश साहू, श्याम साहू, काली साहू, राम यादव, संजय साहू, नीरज साहू पवन साहू, आदश साहू, बिट्टू साहू, अरुण साहू, अंजय साहू संजू साहू, सुमन यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।



## अयोध्या जाने के लिए पैदल निकले युवाओं का किया गया भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

बेड़ो प्रखण्ड के खुखरा चन्कोपा गांव के पांच लोग लाल आकाश नाथ शहदेव,लाल कर्ण नाथ शहदेव,बीरेंद्र यादव,संजीत उरांव,पंकज महतो बुधवार को पैदल ही अपने गांव से भक्ति की नगरी अयोध्या में प्रस्तावित 22 जनवरी को अयोध्या में बने भव्य राम लला मन्दिर उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए निकल पड़े। बुधवार दोपहर बाद कैरो पहुंचने पर प्रखण्ड भा ज पा कमिटी के द्वारा अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया और सभी राम भक्तों को राम लाला दर्शन के लिए शुभकामना देते हुए कैरो से भाजपा कार्यकताओं ने विदाई किए।मौके पर मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि खुखरा गांव से कैरो होते हुए ये लड़के बड़े ही श्रद्धा के साथ राम लला मन्दिर के उद्घाटन सह प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए पैदल निकल चुके है ये काम बड़े ही प्रेरणादायक है।जिला उपाध्यक्ष सह प्रखण्ड प्रभारी नवीन कुमार टिंकू ने कहा कि आज भी सच्चे श्रद्धालुओ की कमी नही है लगभग 2000 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर 22 जनवरी तक अयोध्या पहुंचना बड़ी हिम्मत और श्रद्धा का काम है। मौके पर विशेश्वर प्रदान दीन, कैलाश महतो, बजरंग उरांव, नसीर आलम, राधे साहू, अनिल कुमार महतो आदि शामिल थे।



### जायरीनों का जत्था अजमेर शरीफ हुआ रवाना

**लोहरदगा।** शहर के बड़ा तालाब के समीप से बस के द्वारा ख्वाजा गरीब नवाज के दरगाह अजमेर शरीफ के लिए जायरीनो का जत्था रवाना हुआ।हिरही, कुज्जी हेसल सहित अन्य गांव से इस जत्थे में लोग शामिल है। आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत के द्वारा सभी जायरीनो का स्वागत करते हुए रवाना किया गया। नीरू शांति भगत ने कहा कि गांव, जिला, राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए आप लोग दुआ करें ताकि हमारा राज्य अमन चैन और खुशहाली के साथ आगे बढ़े। मौके पर आजसू पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शमीम अंसारी नगर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष मीर आरिफ छोटू, उपाध्यक्ष तोहिद कुरैशी आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता इकरामुल अंसारी आदि मौजूद थे।

### नोडल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**गुमला।** लोकसभा चुनाव के निमित विकास भवन सभागार में अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारियों को चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, एक्सपेंडिचर मोनिटरिंग, मीडिया कंप्लेंट,एमसीएमसी पेड न्यूज, ईवीएम एंड वीवीपैट, इलेक्शन मैटेरियल, पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस काउंटिंग व डिक्लेरेशन आफ रिजल्ट आदि विषय पर जानकारी दी गई। डीसी एलआर द्वारा पेड न्यूज एवं मीडिया कोषांग अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं के संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। चुनाव के दौरान नियमित मॉनिटर किये जाने वाले एप के संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

## चैनपुर प्रखंड में वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड में वार्ड सदस्यों का प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले बैच में पंचायत चैनपुर, कटिंग, बेंडोरा, बरवनगर एवं जनवाल पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, मास्टर प्रशिक्षक राकेश कुमार तथा प्रखण्ड समन्वयक संजय ओहदार उपस्थित थे। मास्टर प्रशिक्षक राकेश द्वारा सभी वार्ड सदस्यों को 73 वें संविधान संशोधन द्वारा ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्तियों एवं उनका उपयोग, अधिकारों, कर्तव्यों से अवगत कराते हुए ग्राम सभा से संबंधित सभी आवश्यक नियम जैसे - ग्राम सभा की सूचना, ग्राम सभा कोरम, ग्राम सभा की अध्यक्षता, विशेष ग्राम सभा, पंचायत कार्यकारिणी, ग्राम स्तर की स्थाई समितियों, पंचायत स्तर की स्थाई समितियों के बारे में, समाज में महिला की स्थिति, वार्ड सदस्य का मानदेय, यात्रा भत्ता आदि से संबंधित विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके अलावा आसानी से समझ बनाने हेतु प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी आवश्यक विषय टॉपिक पर शार्ट वीडियो प्रदर्शित किया गया। प्रखंड समन्वयक पंचायती राज के द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों को उनके अधिकारों, दायित्व/ कर्तव्यों के प्रति सजग रहने, नियम कानून की एवं 15वें वित्त योजना प्रविष्टि, योजना प्रारंभ करने की प्रक्रिया, जियो टैग, कार्यकारिणी एवं भुगतान संबंधित जानकारी दी गई। साथ तीन दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन में सभी वार्ड सदस्य को स्टेट मेनू के अनुसार भोजन नाश्ता चाय आदि कराया गया। साथ ही जुट का थैला दिया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन सभी वार्ड सदस्य खुश नजर आए।




उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, पलामू।
(जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू)

-: अल्पकालीन निविदा सूचना :-

पलामू जिला में जिला आपदा प्रबंधन योजना को नये सिरे से पुनर्गठित करते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार (NDMA) द्वारा तैयार Model Framework for Disaster Management Plan एवं Explanatory notes for Preparation of District Disaster Management Plan के आधार पर District Disaster Management Plan तैयार किया जाना है। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक कम्पनी/फर्म से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रकाशन की तिथि 16.01.2024 है तथा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31.01.2024 है।

निविदा के नियम, शर्तें तथा विस्तृत विवरणी पलामू जिला के वेबसाईट http://palamu.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

उपायुक्त,
पलामू।

PR 315644 (Palamu) 23-24 (D)



झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा

ई – अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन पुर्ननिविदा संख्या :– 06/2023-24/RWD/LOHARDAGA दिनांक 09.01.2024
कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथ के रूप में पुर्ननिविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि ( रूपये में ) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अक में | अक्षर में | | |
| 1 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 02/2023-24 | ऐने पतराटोली से ग्राम घघरीटोली तक पथ निर्माण कार्य। ( लम्बाई – 1.700 कि0 मी0 ) | 16129800.00 | एक करोड़ एकसठ लाख उनतीस हजार आठ सौ रू0 मात्र | बारह माह | द्वितीय |
| 2 | EE RWD/ LOHARDAGA/ 11/2023-24 | अरकोसा आर0 ई0 ओ0 मुख्य पथ से अरकोसा नावाटोली तक पथ निर्माण कार्य। ( लम्बाई – 1.010 कि0 मी0 ) | 7109700.00 | एकहत्तर लाख नौ हजार सात सौ रू0 मात्र | छः माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.01.2024 ।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.01.2024 अपराहन् 5.00 बजे ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 31.01.2024 अपराह्न 3.30 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग , कार्य प्रमण्डल ,लोहरदगा पुराना डी0 आर0 डी0 ए0 भवन, लोहरदगा, पिन कोड– 835302
6. ई– निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 06526316381
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 (अनु0 ) दिनांक 09.10.2023 के निदेशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी ।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा ,उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी ।अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबावदेही निविदादाता की होगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0 का वि0 ,
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR315648 (Lohardaga)23-24*D


## पहल बंदियों के विभिन्न जांचों के लिए रक्त सैंपल लिए गए

# सभी बंदियों की होगी स्वास्थ्य जांच

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झालसा, रांची एवं झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, रांची से प्राप्त पत्र के आलोक में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार 03 जनवरी से 03 फरवरी 2024 के बीच राज्य के सभी जेलों, नारी निकेतन, स्वधार गृह, बाल गृह में एसटीआई, एचआईबी, टीबी और हेपेटाइटिस के जांच के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में दिनांक 10 एवं 11 जनवरी को लोहरदगा मंडल कारा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में जांच कैंप का आयोजन किया जा रहा है। लोहरदगा सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो एवं डालसा द्वारा संयुक्त रुप से मंडल कारा लोहरदगा में 10 एवं 11 जनवरी को जांच शिविर लगाया जा रहा है, जिसमें अर्चना प्रसाद आईसीटीसी काउन्सेलर सदर अस्पताल, मो आबिद प्रयोगशाला प्रावैधिज्ञ आईसीटीसी सदर अस्पताल, अखिलेश कुमार प्रजापति प्रशिक्षु प्रयोगशाला प्रावैधिज्ञ सदर अस्पताल, सबीर अंसारी टीबी निक्षय ऑपरेटर जिला यक्ष्मा केंद्र, जेवियर ( अहाना), पूनम वर्मा झारखंड सेवा मंडल, संदीप सानंद ( पीपीएम, वाईआरजी, केयर) ने बंदियों के विभिन्न जांच हेतु रक्त सैंपल लिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने इस अवसर पर बताया कि झालसा रांची एवं एड्स कंट्रोल सोसायटी, झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में कैदियों एवं कारा में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य जांच की जा रही है। सदर अस्पताल लोहारदगा की टीम स्पॉट पर ही जांच मशीन लगाई है जिससे तुरंत जांच के परिणाम प्राप्त हो जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय कैंप में कुल 300 बंदियों की जांच की जाएगी। डालसा सचिव ने कैंप का जायजा लेते हुए कैदियों में विश्वास बहाली के लिए खुद भी रक्त सैंपल दिए। उनके साथ जेलर सुबोध एवं रोहित तमेरा उपस्थित थे।




### पीवीटीजी ग्रामों के विकास प्रस्तावों की हुई समीक्षा

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को जिला के तीन प्रखण्डों किस्को, पेशरार और सेन्हा प्रखण्ड के अंतर्गत पीवीटीजी ग्रामों के संपूर्ण विकास एवं उत्थान हेतु प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। तीन प्रखंडों में से पेशरार प्रखंड के 29 गांव, किस्को प्रखंड के 17 गांव और सेन्हा प्रखण्ड के एक गांव में पेयजल, बिजली, सड़क, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, चिकित्सा केंद्र, नेटवर्क सुविधा व वन पट्टा वितरण से संबंधित आवेदन व प्रस्ताव की समीक्षा की गई। बीडीओ को दो दिनों के अंदर उक्त गांवों में पेयजल, सड़क व वनपट्टा वितरण के स्थिति का सत्यापन कर जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

### राम मंदिर उद्घाटन वाले दिन कालीघाट में पूजा की इजाजत नहीं दे रही पुलिस

# राम पूजा के लिए हाईकोर्ट में याचिका

**एजेंसी। कोलकाता**

राम मंदिर के उद्घाटन के दिन कोलकाता के कालीघाट में भगवान राम की पूजा की इजाजत नहीं मिली है। कोलकाता पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया जिसके बाद बुधवार को कलकत्ता हाई याचिका दायर की गई है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। उस दिन देशभर में कई जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कालीघाट बहुमुखी सेवा समिति उसी दिन कालीघाट में 66 पल्ली क्लब के पास भगवान राम की पूजा का आयोजन करना चाहती है। आरोप है कि पुलिस उस पूजा में बाधा डाल रही है। एसोसिएशन की योजना 22 जनवरी की सुबह से अयोध्या कार्यक्रम को एलईडी स्क्रीन पर दिखाने की है। इसके साथ ही राम पूजा, प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। एक माह पहले उन्होंने पुलिस को आवेदन दिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस जय सेनगुप्ता ने बुधवार को मामले की अनुमति दे दी। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह सोमवार को होगी। उल्लेखनीय है कि बंगाल भाजपा खेमे ने राम मंदिर उद्घाटन के दिन कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन देश भर में दीप जलाने का आह्वान किया है।



## लाड़ली बहनों के खातों में सीएम ने ट्रांसफर किए 1576 करोड़

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना की पहली किस्त बुधवार को सिंगल क्लिक से जारी की। उन्होंने योजना की पात्र हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के जरिए 1576.61 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए।

करीब 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1250-1250 रुपये की राशि अंतरित की गई है। साथ ही मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय विभाग की 12 पेंशन स्कीम के 56 लाख हितग्राहियों को 341 करोड़ रुपये भी ट्रांसफर किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर करीब 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे और कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही महिला सशक्तीकरण सप्ताह प्रारंभ हो गया, जो 15 जनवरी तक चलेगा।

## उमर की जमानत पर सुनवाई 24 तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित करने की माँग अपनी आपत्ति व्यक्त की, जिसमें पूर्व जेएनयू छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद द्वारा दायर जमानत याचिका भी शामिल है। सबसे पहले खालिद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ से निर्धारित सुनवाई को अगले सप्ताह के लिए टालने का अनुरोध किया।


## कार्यालय नगर परिषद,चतरा
### पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड), पिन– 825401

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 39 होल्डिंग धारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया है। वैसे होल्डिंगधारी सात (07) दिनों के अन्दर नगर परिषद्, चतरा के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान कर दें, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के धारा–184 के क्रम संख्या–16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| S. No. | Ward No. | Holding No. | Owner Name | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 0010000484000A1 | ANAND KUMAR MATHUR | 538920 |
| 2 | 1 | 0010000432000M0 | LAXMAN LAL GUPTA | 50553 |
| 3 | 1 | 0010000506000M0 | VISHUN KUMHAR | 35105 |
| 4 | 2 | 0020000454000M0 | YASHODA DEVI | 34411 |
| 5 | 2 | 0020000161000F2 | RAJNI KANT SINHA | 22929 |
| 6 | 3 | 0030000234000A4 | SHOBHA JAISWAL | 52066 |
| 7 | 3 | 0030000058000A3 | RAGINI GUPTA | 27960 |
| 8 | 3 | 0030000296000M0 | MOHIUDDIN AND OTHERS | 21579 |
| 9 | 4 | 0040000546000M0 | MEHRUN MASOMAT | 31336 |
| 10 | 5 | 0050000250000X1 | VINAY KUMAR VERMA, SANJAY KUMAR VERMA, SANTOSH KUMAR VERMA, VIKASH KUMAR VERMA, ARVIND KUMAR VERMA | 109075 |
| 11 | 6 | 0060000260000C1 | MD WAHAJUL HAQUE | 52323 |
| 12 | 6 | 0060000122000X1 | MD MISHABAHUL HAQUE | 20164 |
| 13 | 7 | 0070000151000D1 | JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F | 83662 |
| 14 | 7 | 0070000150000D1 | JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F | 72289 |
| 15 | 7 | 0070000119000X3 | RAJESH KUMAR JAISWAL & OTHERS | 58638 |
| 16 | 7 | 0070000187000A3 | MD GULAM SARWAR | 37206 |
| 17 | 8 | 0080000282000M0 | LT. BANARASI PANDA | 23396 |
| 18 | 12 | 0120000389000M0 | KISHUN SINGH OTHERS | 67155 |
| 19 | 12 | 0120000387000M0 | MULCHAND SAW | 112235 |
| 20 | 12 | 0120000410000M0 | PACHO DEVI & DROUPADI DEVI | 58889 |
| 21 | 12 | 0120000360000A1 | MOHAMMAD FAKHAR ALAM | 23979 |
| 22 | 15 | 0150000351000M0 | BASUDEO RAM | 40870 |
| 23 | 15 | 0150000493000M0 | FULIYA KUMHAIN | 30033 |
| 24 | 15 | 0150000489000M0 | MASOMAT SITWA | 25640 |
| 25 | 17 | 0170000367000X4 | SHIV DEVI | 46557 |
| 26 | 17 | 0170000252000X1 | PURUSHOTTAM LAL AGRAWAL, PRAMOD KUMAR AGRAWAL & BROTHERS | 26463 |
| 27 | 18 | 0180000178000D1 | PRAYAG SAW,PARMESHWAR SAHU,SHAMBHU PRASAD,SHIV SAHU | 40340 |
| 28 | 18 | 0180000010000X4 | RAJIV JAIN & OTHERS | 39249 |
| 29 | 19 | 0190000118000X1 | PRADIP KUMAR | 314040 |
| 30 | 19 | 0190000433000X4 | GOPAL RAM | 89423 |
| 31 | 19 | 0190000412000X1 | SRI RAJENDRA PRASAD KESHRI | 41374 |
| 32 | 19 | 0190000361000M0 | SAIBAL KUMAR DATTA | 29742 |
| 33 | 19 | 0190000291000A4 | MANOJ KUMAR AND OTHERS | 25165 |
| 34 | 19 | 0190000370000X1 | SRIMATI. LALITA DEVI | 14283 |
| 35 | 20 | 0200000538000M0 | AJAY KUMAR AGRAWAL | 53463 |
| 36 | 20 | 0200000767000I1 | VIKASH BHAWAN D R D A PRASHIKSHAN BHAWAN | 41628 |
| 37 | 21 | 0210000326000X1 | JILA PARISHAD KARYALAY CHATRA | 501619 |
| 38 | 21 | 0210000318000A1 | HIRA DEVI | 25632 |
| 39 | 21 | 0210000105000A1 | KHIRU YADAV | 23913 |

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 315617 Urban Development(23-24).D


## अंडमान द्वीप समूह में 4.1 तीव्रता का भूकंप

**चेन्नई।** अंडमान द्वीप समूह में बुधवार सुबह 4.1 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया। इस भूकंप से कोई नुकसान होने की खबर नही है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार अंडमान द्वीप समूह में बुधवार सुबह सुबह करीब 7:53 बजे 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप का केंद्र 12.66 के अक्षांश और 93.02 के देशांतर पर 10 किमी की गहराई पर स्थित था।

## सीआईएल को बंद करने की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारी

**चेन्नई।** एन्नोर गैस रिसाव का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। प्रदर्शनकारी सीआईएल को स्थायी रूप से बंद करने की अपनी मांग पर अड़े हैं। कंपनी के संयंत्र को बंद करने के लिए लगभग 30 गांव के लोग एक साथ विरोध कर रहे हैं। विदुथलाई चिरुथिगल काची के संस्थापक थोल थिरुमावलवन ने कहा कि कंपनी के खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का स्वतः संज्ञान मामला निवासियों को स्थायी समाधान खोजने में मदद नहीं कर रहा है। कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएल) कंपनी के संयंत्र से अमोनिया गैस रिसाव हुए 15 दिन हो गए हैं, जब एन्नोर के कई गांवों के निवासियों ने कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएल) कंपनी के खिलाफ अपना विरोध जता रहे हैं। गैस रिसाव के बाद निवासियों में दहशत फैल गई थी। गैस रिसाव के बाद एन्नोर और उसके आसपास के लगभग 30 गांव एक साथ विरोध कर रहे हैं।

## अब विस के पटल पर दिखेगी राज्यपाल और मुख्यमंत्री की तकरार

**तिरुवनंतपुरम।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के बीच चल रहा वाकयुद्ध अब 25 जनवरी को केरल विधानसभा के पटल पर देखा जाएगा। परंपरा के अनुसार नए साल में विधानसभा सत्र का पहला दिन राज्य के राज्यपाल का होता है जब वह अपनी सरकार के साल भर के कार्यक्रमों और परियोजनाओं के साथ-साथ पिछले साल की उपलब्धियों के बारे में भी पढ़ते हैं। केरल सरकार ने राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि वह अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभा रहे हैं। ऐसे में सभी की निगाहें विधानसभा में खान के संबोधन पर टिकी हैं। शीर्ष अदालत में मामले के अलावा विजयन सरकार ने राष्ट्रपति को भी पत्र लिखकर कहा कि खान अपना काम ठीक से नहीं कर रहे हैं और इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार के लिए समस्याएं पैदा हो गई हैं। अब विजयन कैबिनेट ने बुधवार को केरल विधानसभा का बजट सत्र बुलाने का निर्णय लिया है और परंपरा के अनुसार आधिकारिक नोट राज्यपाल को भेज दिया गया है। अब सभी की निगाहें राज्यपाल के अभिभाषण पर होंगी जिसे विजयन सरकार तैयार करेगी और इस पर पहली प्रतिक्रिया तब पता चलेगी जब यह खान के हाथों तक पहुंचेगा।

## बिहार में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस 'इत्मीनान', जदयू सख्त

**पटना।** बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में लोकसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे का मामला सुलझ नहीं सका है। जदयू जहां जल्दी सीट बंटवारे को लेकर सख्त नजर आ रही है, वहीं, कांग्रेस इत्मीनान है। जदयू के प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से लेकर कई नेता जल्दी सीट बंटवारे को लेकर आगे बढ़ने की बात कह चुके हैं। जदयू की ओर से यहां तक कहा जा चुका है कि अगर नीतीश कुमार का सुझाव माना जाता तो कभी का सीट बंटवारा हो जाता। जदयू के नेता और बिहार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अगर जल्द सीट बंटवारा नहीं हुआ तो गठबंधन को नुकसान उठाना पड़ सकता है। बिहार कांग्रेस सीट बंटवारे को लेकर जल्दबाजी में नहीं दिख रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह कहते हैं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है, ऐसे में हड़बड़ी की जरूरत नहीं है। सब कुछ आराम से हो जाएगा। इसी बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के बयान के बाद बिहार के मंत्री और जदयू के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि विलंब हो रहा है, लेकिन, ठीक से हो जाए, ऐसी कोशिश सब लोगों को करनी चाहिए। जो विलंब हो रहा है, उसमें थोड़ी दिक्कत हो रही है, इसका हल निकालना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े नेताओं का इंगेजमेंट रहता है, लेकिन, सीट शेयरिंग के मसले को प्राथमिकता से करना चाहिए। मंत्री ने साफ कहा कि जिसको जिस दल से बैठकर बात करनी है करे। विलंब हो रहा है, लेकिन, इसका कारण कौन है, ये कहना मुश्किल है।

## कोलकाता मेडिकल कॉलेज में रैगिंग की शिकायत

**कोलकाता।** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के बाद, कोलकाता के प्रतिष्ठित कलकत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रैगिंग की शिकायतें सामने आई हैं, जहां दो स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं (जूनियर रेजिडेंट्स) ने अपने वरिष्ठों द्वारा शारीरिक उत्पीड़न की शिकायत की है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि दो पीड़ितों में से एक ने यह भी आरोप लगाया है कि पिछले चार महीनों से उसे अत्यधिक शारीरिक और मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप उसे एक मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेना पड़ा। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज अधिकारियों को भी शिकायत दी गई है। मामले की जांच के लिए अधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई है। सूत्रों ने कहा कि जूनियर स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं को इस संबंध में मेडिकल कॉलेज अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। इस घटनाक्रम ने राज्य के शैक्षणिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है - खासकर पिछले साल अगस्त में जादवपुर विश्वविद्यालय के एक नए छात्र की रैगिंग से संबंधित आत्महत्या की पृष्ठभूमि में।

## फरार पीएफआई कार्यकर्ता को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**कोच्चि।** केरल के कुख्यात हाथ काटने के मामले में मुख्य आरोपी सवाद को एनआईए ने बुधवार को कन्नूर से हिरासत में लिया। एनआईए ने उसके बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। सवाद पिछले 13 सालों से फरार था। सवाद को आज एनआईए अदालत में पेश किया जाएगा। सवाद एनार्कुलम जिले का रहने वाला है और उसने ही जुलाई 2010 में अपने साथियों के साथ मिलकर प्रोफेसर टी.जे. जोसेफ का दाहिना हाथ काटा था। ये सभी प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यकताओं से संबंधित थे। यह घटना तब हुई जब जोसेफ अपनी मां और बहन के साथ चर्च से घर लौट रहे थे। मामले की जांच एनआईए ने की और 2015 में विशेष एनआईए अदालत ने पीएफआई के संबंध रखने वाले 13 लोगों को दोषी ठहराया था। पिछले साल पूरक आरोप पत्र के हिस्से के रूप में, एनआईए अदालत ने पांच को छोड़ दिया और छह को आरोपी पाया गया। सवाद की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, जोसेफ ने कहाः एक व्यक्ति के रूप में जिसने इसे झेला है, मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं है, लेकिन एक नागरिक के रूप में, यह अच्छा है कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने मुख्य अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।

## संघ और भाजपा बनाएगी मप्र के लोस चुनाव का रोड मैप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसको लेकर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सीहोर में एकजुट होने वाले हैं। इस बैठक में राज्य सरकार के कामकाज के साथ लोकसभा चुनाव पर मंथन होगा। राज्य में लोस की 29 सीटें हैं। भाजपा सभी स्थानों पर जीत दर्ज करने की तैयारी में है। पिछले चुनाव में भाजपा 29 में से 28 स्थान पर ही जीत दर्ज कर सकी थी, छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र पर कांग्रेस के नकुलनाथ जीतने में सफल रहे थे। आगामी लोकसभा चुनाव में सभी स्थानों पर जीत कैसे दर्ज की जाए।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

E-Mail – nrepgumla@gmail.com

**संशोधित प्रेष विज्ञप्ति (शुद्धि–पत्र)**

इस कार्यालय के निर्गत NIT संख्या 18/2023-24 (PR No. 315225 (NREP) 23-24(D) द्वारा निर्गत निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 15.01.2024 को अपराह्न 03.00 बजे एवं निविदा खोलने की तिथि क्रमशः दिनांक 15.01.2024 को अपराह्न 03.30 बजे के स्थान पर निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 16.01.2024 को अपराह्न 03.00 बजे एवं निविदा खोलने की तिथि क्रमशः दिनांक 16.01.2024 को अपराह्न 03.30 बजे बजे पढ़ा जाय।

NIT में शेष कंडिका यथावत् रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला।

PR 315689 NREP (23-24)D



## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

61वीं औपबंधिक सूची
जिला–चतरा (पार्ट–01)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–खलारी थाना काण्ड संख्या–39/89 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी प्रभुदयाल पासवान एवं फुलचन्द टाना भगत द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात 200–250 की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सोहन भगत, एवं प्रभुदयाल पासवान द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा की गई अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–945/23 2. आवेदक–सच्चिदानन्द राणा , पिता–टुकल राणा<br>3. ग्राम–हेसालोंग , पोस्ट–हेसालोंग , थाना–गिद्दी ए , प्रखण्ड–डाडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष पहचान चिन्ह–आँख के उपर कटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–238/23 2. आवेदक–विरेन्द्र कुमार , पिता–तेजु साव<br>3. ग्राम–बिसुझापा , पोस्ट–बचरा , थाना–पिपरवार , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–239/23 2. आवेदक–सुमन देवी , पति–चरवा उराँव<br>3. ग्राम–असनातरी , पोस्ट–राहम , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–240/23 2. आवेदक–लक्ष्मी राणा , पिता–रामा राणा<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–मायापुर , थाना–ईटखोरी , प्रखण्ड–मयुरहण्ड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–241/23 2. आवेदक–महेन्द्र प्रसाद यादव , पिता–राजनाथ यादव<br>3. ग्राम–कनौदी , पोस्ट–कमता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–242/23 2. आवेदक–ओम प्रकाश प्रजापति , पिता–रामचन्द्र राम<br>3. ग्राम–करेलीवार , पोस्ट–जोरी , थाना–जोरी , प्रखण्ड–हण्टरगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के आँगुली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–243/23 2. आवेदक–राजेन्द्र प्रजापति , पिता–दुलारचन्द्र प्रजापति<br>3. ग्राम–पत्थलगड़ा , पोस्ट–पत्थलगड़ा , थाना–पत्थलगड़ा , प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने कान के पास कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–244/23 2. आवेदक–बिशुन प्रजापति , पिता–स्व0 नान्हू प्रजापति<br>3. ग्राम–बकसपुरा , पोस्ट–पेलतौल , थाना–राजपुर , प्रखण्ड–कन्हाचटी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–245/23 2. आवेदक–डोमन राणा , पिता–स्व0 खिरोधर राणा<br>3. ग्राम–सिंघनी , पोस्ट–पत्थलगड़ा , थाना–पत्थलगड़ा , प्रखण्ड–पत्थलगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के सुपली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–246/23 2. आवेदक–देवन्ती देवी , पति–महेन्द्र प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–कनौदी , पोस्ट–कमता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आय–50 वर्ष पहचान चिन्ह–बांया हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–247/23 2. आवेदक–बद्री राणा , पिता–रामा राणा<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–मायापुर , थाना–ईटखोरी , प्रखण्ड–मयुरहण्ड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह–दाया हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–248/23 2. आवेदक–रेखा देवी (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 उमेश राणा (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–डहुरी , पोस्ट–कमता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–34 वर्ष पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–249/23 2. आवेदक–आलो देवी (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 वासो राम (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–डहुरी , पोस्ट–कमता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–80 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–250/23 2. आवेदक–आरती देवी , पति–वकील राणा<br>3. ग्राम–डहुरी , पोस्ट–कमता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–251/23 2. आवेदक–धनेश्वर राणा , पिता–देवलाल राणा<br>3. ग्राम–डहुरी , पोस्ट–कमता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–दाया पैर में कटे का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–252/23 2. आवेदक–रमजान मियाँ , पिता–बकी मूला<br>3. ग्राम–टण्डवा , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–253/23 2. आवेदक–केदारनाथ नायक , पिता–महरू नायक<br>3. ग्राम–टण्डवा , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–254/23 2. आवेदक–तारकेश्वर ठाकुर , पिता–कैला ठाकुर<br>3. ग्राम–टण्डवा , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–255/23 2. आवेदक–बिहारी नायक , पिता–सुखदेव नायक<br>3. ग्राम–टण्डवा , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–256/23 2. आवेदक–अनिल कुमार सोनी , पिता–स्व0 राम प्रताप साव<br>3. ग्राम–टण्डवा , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–257/23 2. आवेदक–आनंद कुमार नायक , पिता–महरू नायक<br>3. ग्राम–टण्डवा , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–258/23 2. आवेदक–सुखलाल नायक , पिता–स्व0 महरू नायक<br>3. ग्राम–टण्डवा , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–259/23 2. आवेदक–राम विलास सोनी , पिता–बनवारी सोनी<br>3. ग्राम–टण्डवा , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 24 | 1. आवेदन क्र0–260/23 2. आवेदक–अनिता देवी , पति–प्रभाष नायक<br>3. ग्राम–टण्डवा , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 25 | 1. आवेदन क्र0–261/23 2. आवेदक–बिलासी देवी , पति–कामेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–राहम , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–262/23 2. आवेदक–साबो मोसोमात , पति–स्व0 तुलसी राम<br>3. ग्राम–चट्टी गाडीलौंग , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री कैलाश सिंह एवं सोहन महतो द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा की गई अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–263/23 2. आवेदक–ममता देवी , पति–शत्रुघन कुमार सिंह<br>3. ग्राम–गोडरा , पोस्ट–कमता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–264/23 2. आवेदक–अनिल राणा (आश्रित पौत्र) , पिता–रामचन्द्र राणा , दादी–स्व0 मुलिया देवी (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–डहुरी , पोस्ट–कमता , थाना–चतरा , प्रखण्ड–चतरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–21 वर्ष पहचान चिन्ह–दायें हाथ के केहुनी के पास तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–265/23 2. आवेदक–रेशमी देवी , पति–बासुदेव राणा<br>3. ग्राम–डाडी , पोस्ट–सिमरिया , थाना–सिमरिया , प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–266/23 2. आवेदक–संतोष कुमार , पिता–स्व0 झमन महतो<br>3. ग्राम–गिद्धौर , पोस्ट–गिद्धौर , थाना–गिद्धौर , प्रखण्ड–गिद्धौर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के कलाई में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–267/23 2. आवेदक–सुखसागर राणा , पिता–स्व0 खिरोधर राणा<br>3. ग्राम–सिघांनी , पोस्ट–पथलगडा , थाना–पथलगडा , प्रखण्ड–पथलगडा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें पैर के जांघ में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–268/23 2. आवेदक–अर्जुन कुमार प्रजापति , पिता–स्व0 प्रमेश्वर प्रजापति<br>3. ग्राम–सिघांनी , पोस्ट–पथलगडा , थाना–पथलगडा , प्रखण्ड–पथलगडा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के सुपली में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–946/23 2. आवेदक–मसो0 सबिता देवी , पति–स्व0 अर्जुन सिंह<br>3. ग्राम–करली , पोस्ट–केरेडारी , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी (हजारीबाग)<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष पहचान चिन्ह–दायें तरफ गाल पर ऐला। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–सिमरिया थाना काण्ड संख्या–112/93 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री कैलाश सिंह द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अज्ञात 100–150 की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–237/24 2. आवेदक–रामदुलार महतो पिता–स्व0 मुसन महतो<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–पुण्डरा थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–73 वर्ष पहचान चिन्ह–माथा पर बाई ओर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–01/24 2. आवेदक–सुनील कुमार पिता–नेमधारी महतो<br>3. ग्राम–डाडी पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–02/24 2. आवेदक–दशरथ पासवान पिता–शिवधारी पासवान<br>3. ग्राम–डाडी पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–03/24 2. आवेदक–भुनेश्वर कुमार वर्मा पिता–सरजु महतो<br>3. ग्राम–डाडी पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–04/24 2. आवेदक–गोपाल साव पिता–युगल साव<br>3. ग्राम–एदला पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–47 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–05/24 2. आवेदक–पोखन साव पिता–स्व0 नान्दो साव<br>3. ग्राम–सबानी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–80 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–06/24 2. आवेदक–गणेश राणा पिता–स्व0 पेमा राणा<br>3. ग्राम–डाडी पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–07/24 2. आवेदक–मुखलाल राम पिता–स्व0 दिनेश राम<br>3. ग्राम–सिमरिया कलां पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–62 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–08/24 2. आवेदक–रामकुमार साव पिता–धनेश्वर साव<br>3. ग्राम–पुण्डरा पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–74 वर्ष पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–09/24 2. आवेदक–बलदेव साव पिता–स्व0 भिखारी साव<br>3. ग्राम–एदला पोस्ट–एदला थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–67 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–10/24 2. आवेदक–बालेश्वर महतो पिता–तुलसी महतो<br>3. ग्राम–तोरार पोस्ट–चोपे थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–47 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–11/24 2. आवेदक–जानकी प्रजापति पिता–सोमर प्रजापति<br>3. ग्राम–रोल पोस्ट–सिमरिया थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>4. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आ पत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 315632Home(23-24)#D

# वैश्विक बनती हिन्दी

**पहले** हिंदी की वैश्विक उपस्थिति के लिए सिर्फ और सिर्फ हिंदी सिनेमा को ही आधार माना जाता था। लेकिन संचार और तकनीकी क्रांति ने हिंदी का जितना वैश्विक प्रसार किया है, उतना शायद ही कभी हुआ हो। स्थिति यह है कि विश्व हिंदी दिवस करीब 180 देशों में मनाया जाता है। हिंदी प्रेमी, पाठक, श्रोता और दर्शक संचार और तकनीकी क्रांति के जरिये दुनिया के किसी भी कोने से न सिर्फ हिंदी पढ़, सीख और देख सकते हैं, पत्रकारिता और सृजन के जरिये हिंदी को दुनिया के किसी भी कोने से न सिर्फ समृद्ध कर सकते हैं, बल्कि उसे पाठकों, श्रोताओं और दर्शकों तक पहुंचा भी सकते हैं। हिंदी के वैश्विक प्रचार-प्रसार और पहुंच के चलते यह धारणा विकसित हो रही है कि हिंदी के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं रही। लेकिन ऐसा नहीं है। हिंदी की राह में अब भी कई बाधाएं हैं।

**हिंदी प्रेमी, पाठक, श्रोता और दर्शक संचार और तकनीकी क्रांति के जरिये दुनिया के किसी भी कोने से न सिर्फ हिंदी पढ़, सीख और देख सकते हैं, पत्रकारिता और सृजन के जरिये हिंदी को दुनिया के किसी भी कोने से न सिर्फ समृद्ध कर सकते हैं, बल्कि उसे पाठकों, श्रोताओं और दर्शकों तक पहुंचा भी सकते हैं। हिंदी के वैश्विक प्रचार-प्रसार और पहुंच के चलते यह धारणा विकसित हो रही है कि हिंदी के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं रही। लेकिन ऐसा नहीं है। हिंदी की राह में अब भी कई बाधाएं हैं।जर्मन समाजशास्त्री मैक्सवेबर ने जिस नौकरशाही को लोकतंत्र का स्टील फ्रेम कहा है, उसका मानस अब भी हिंदी को लेकर सहज नहीं हो पाया है।**

जर्मन समाजशास्त्री मैक्सवेबर ने जिस नौकरशाही को लोकतंत्र का स्टील फ्रेम कहा है, उसका मानस अब भी हिंदी को लेकर सहज नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के हिंदी प्रेम के बावजूद अब भी नौकरशाही का मानस विदेशी भाषा में ही सोचने और उसी भाषा में नीतियां बनाने पर केंद्रित है। पिछले करीब एक दशक में शासन-प्रशासन में हिंदी का प्रयोग बढ़ा है। लेकिन असलियत में हिंदी अब भी विश्व हिंदी दिवस और हिंदी दिवस पर सेलिब्रेट करने का ही एक जरिया है।

हिंदी के विस्तार में बाजार ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। भारत का विशाल मध्य वर्ग दुनिया की नजर में सबसे बड़ा बाजार है। इस मध्य वर्ग तक अपनी पहुंच बनाने के लिए उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ने हिंदी समेत भारतीय भाषाओं को अपना हथियार बनाया है, जिनके बारे में दशक भर पहले तक सोचा नहीं जा सकता था कि वे अंग्रेजी के इतर किसी भाषा को अपने कामकाज का जरिया बना सकती हैं। लेकिन जिस सहजता से उनका सामान महानगरों के घर-घर तक पहुंच रहा है, उसी सहजता के साथ उन्होंने उन सुदूर इलाकों तक अपना उत्पाद पहुंचा दिया है, जहां अब भी भारतीय प्रशासन तंत्र पहुंचने से कतराता है।

लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि बाजार या संचार किसी भाषा का प्रसार तो बढ़ा सकते हैं, लेकिन भाषा को प्रतिष्ठा नहीं दिला सकते। लेकिन हिंदी का मानकीकरण ना होने की वजह से हिंदी के व्याकरण के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। हिंदी दूसरी भाषाओं के शब्द ले रही है, यहां तक तो ठीक है। लेकिन उन शब्दों को अपने व्याकरण में ढाला जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।बतौर विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर हिंदी का जो सिंहनाद किया, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने भी जारी रखा। हिंदी में संयुक्त राष्ट्र का दफ्तर भी ट्वीट कर रहा है ।

इन दिनों

# आस्था और आध्यात्म


प्रदीप मिश्र

**अयोध्या** में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि ज्यों-ज्यों करीब आ रही है, वहां के अभ्युदय, आख्यान, आस्था और अध्यात्म के साथ-साथ आह्लाद और अर्थात पर चातुर्दिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। 2024 की जनवरी और विक्रम संवत 2080 का पुनीत पौष और फाल्गुन माह अयोध्या के दृष्टिकोण से सामाजिक चिंतन और राजनीतिक विचार-विमर्श का केंद्र बिंदु बन चुका है। अर्थव्यवस्था के अंकगणित के पैमाने पर भी समग्र आयोजन और प्रयोजन को परखा जा रहा है। देश में 20 लाख से अधिक मंदिर हैं लेकिन इस समय सब कुछ राममय है। सबसे ज्यादा मंदिर तमिलनाडु में हैं, जहां की सरकार की ओर से सनातन धर्म पर उठाये गये सवालों का सटीक जवाब देने का समय संभवतः सन्निकट है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। अयोध्या, काशी और प्रयागराज में विकास कार्यों के लिए अलग से व्यवस्था की गई। पर्यटन विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग क्रमशः 588 और 936 करोड़ रुपये से अकेले अयोध्या में ही कुंड, मठ और मंदिरों का जीर्णोद्धार करा रहा है। चित्रकूट, विंध्याचल, नैमिषारण्य, शुकताल, गोला गोकर्णनाथ, वृंदावन, बटेश्वर आदि में कॉरिडोर विकसित कर सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास है। परिणाम, प्रदेश में 2022 में जो पर्यटक 31.85 करोड़ थे, सितंबर 2023 तक उनकी संख्या 32 करोड़ से अधिक हो गई। 9.54 लाख सैलानी विदेशी रहे। इस दौरान सबसे ज्यादा 8.42 करोड़ पर्यटक और श्रद्धालु वाराणसी पहुंचे। दूसरी पसंद प्रयागराज रही और 4.50 करोड़ पर्यटकों ने शहर देखा। 2.39 करोड़ श्रद्धालुओं के साथ तीसरे स्थान पर अयोध्या रही। प्रयागराज के आंकड़े अगले साल और अयोध्या के आंकड़े जल्दी ही बदल जायेंगे। 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ होगा, जिसमें छह करोड़ श्रद्धालु पहुंचने की आशा है। इसी मंतव्य से वहां की साज-सज्जा और सुरक्षा के साथ ही सुगम मार्ग बनाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने का आह्वान किया है। माना जा रहा है कि इसके बाद अयोध्या देश का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल हो जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश सरकार को यहां हर महीने दो करोड़ श्रद्धालु आने का अनुमान है। रामनगरी में 26 जनवरी से 26 दिन तक प्रतिदिन प्रत्येक राज्य से पांच-पांच हजार श्रद्धालुओं को दर्शन कराने की योजना है। सामान्य तौर पर एक पर्यटक ढाई हजार रुपये से अधिक खर्च करता है। इस आधार पर प्रत्येक वर्ष 55 हजार करोड़ रुपये की आमदनी होगी। अर्थव्यवस्था इससे सशक्त होगी। वाराणसी और अयोध्या के बीच श्रद्धालुओं के लिए हेलिकॉप्टर सेवा फरवरी में शुरू होगी, जबकि आगरा-मथुरा के बीच यह शुरू हो चुकी है। अयोध्या का घटनाक्रम आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के क्षेत्र में भी सफलता का नया अध्याय लिख रहा है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेड (कैट) का कहना है कि इस आयोजन से 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होगा। इसके अंतर्गत श्रीराम मंदिर के मॉडल से लेकर मूर्तियां, पूजन सामग्री, घंटा-घड़ियाल, अगरबत्ती-धूपवत्ती, चंदन, चित्र, दीपक और गंगाजल की खरीदारी बढ़ेगी। अयोध्या की यात्रा इसमें सम्मिलित नहीं है। रेलवे ने आस्था स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं तो लाखों यात्री अपने या सार्वजनिक साधनों से रामलला के दर्शन-पूजन कर स्वयं को अनुग्रहीत करेंगे। यहां यह भी जानना उपयुक्त होगा कि 2021-22 में अयोध्या से विभिन्न क्षेत्रों में 110 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था। 2022-23 में यह बढ़कर 254 करोड़ रुपये हो गया है। यही नहीं, अयोध्या में 2018-19 तक 28 हजार से अधिक रजिस्ट्री होती थीं, जो 2023-24 में अब तक 46 हजार पार हो गई हैं। यही स्थिति वाराणसी की है। यहां इसी अवधि में 40 हजार का आंकड़ा 72 हजार पहुंच गया है। तीर्थाटन के आंकड़े मात्र आंकड़े नहीं है। इनमें आस्था और अध्यात्म का अहम आधार है। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की चारधाम यात्रा प्रसिद्ध है। घरेलू पर्यटकों में 44 फीसदी का उद्देश्य तीर्थयात्रा और धार्मिक यात्रा का होता है। 2022 में राज्य में पांच करोड़ लोग पहुंचे थे, जिसमें 3.8 करोड़ कांवड़िये और 45 लाख चारधाम के यात्री रहे। 2023 में वैष्णो देवी के दरबार में मत्था टेकने वालों की संख्या 97 लाख रही। 2022 में यह आंकड़ा 91.25 लाख था। 2012 में यहां पहली बार 1.04 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। बीते वर्ष 62 दिन चली अमरनाथ यात्रा में 4.45 लाख श्रद्धालु शामिल हुए थे,जबकि 2022 में यह संख्या 3.65 लाख थी। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में कॉरिडोर बनने के बाद पहली बार 8.10 लाख भक्तों ने दर्शन पूजन कर 2024 की शुरूआत की। एक दिन पहले यानी 32 दिसंबर को संख्या तीन लाख से अधिक थी। यही नहीं, तिरुपति बालाजी मंदिर में हर दिन 50 हजार से एक लाख के बीच श्रद्धालु पहुंचते हैं। एक कालखंड में बुजुर्ग ही तीर्थयात्रा के लिए उपयुक्त पात्र माने जाते थे। वह भी तब, जब उनकी मनौती पूरी होती थी या और मांगने की इच्छा होती थी। बाद में इसमें बदलाव आया। फिर भी देशाटन, तीर्थाटन और पर्यटन साधनों, संसाधनों और सुरक्षा की कमी के कारण अनियमित था। अब श्रद्धालुओं की श्रेणी में युवक-युवतियां और बच्चे भी आ गये हैं। आर्थिक सामर्थ्य बढ़ने के कारण एक बड़ा वर्ग वर्ष में कम से एक बार पौराणिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने वाले स्थानों पर जाता है। तीर्थयात्री आने-जाने से लेकर परिवहन, होटल, धर्मशाला, भोजनालय आदि पर खर्च करने के साथ स्थानीय महत्व की स्मृतियां संजोने के लिए खरीदारी भी करते हैं।



**अर्थव्यवस्था के अंकगणित के पैमाने पर भी समग्र आयोजन और प्रयोजन को परखा जा रहा है। देश में 20 लाख से अधिक मंदिर हैं लेकिन इस समय सब कुछ राममय है। सबसे ज्यादा मंदिर तमिलनाडु में हैं, जहां की सरकार की ओर से सनातन धर्म पर उठाये गये सवालों का सटीक जवाब देने का समय संभवतः सन्निकट है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। अयोध्या, काशी और प्रयागराज में विकास कार्यों के लिए अलग से व्यवस्था की गई।**

## आपकी बात

### झारखंड के कलाकारों में प्रतिभा है लेकिन मैदान नहीं


आशुतोष द्विवेदी

**रांची।** झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यहां अच्छे-अच्छे कलाकार हैं, लेकिन उनके लिए ना तो कोई प्लेटफार्म है और ना ही मैदान है। रांची के युवा भोजपुरी गायक आशुतोष द्विवेदी ने बातचीत में बताया कि राज्य सरकार की ओर से भी कलाकारों के विकास और प्रोत्साहन के लिए कोई योजना नहीं है। जिस कारण झारखंड के प्रतिभावान कलाकारों की कला को न तो राज्य के लोग देख पा रहे हैं और ना ही देश के लोग। अपनी करियर के प्रति चिंतित अच्छें कलाकार दुसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हर तरफ मनोरम दृश्य नजर आते है। यदि झारखंड में फिल्म सिटी का निर्माण हो जाता तो यहॉ के कलाकारों को एक अच्छा प्लेटफार्म मिल सकता था। इसके साथ ही झारखंड को प्राकृति जो मनोरम स्थल, पहाड़, झरना और घाटी दिया है। उसे देश और दुनिया के सामने लगाया जा सकता है। इससे झारखंड की प्रतिष्ठा और बढ़ेगी। कहा कि फिल्म सिटी के अभाव में झारखंड के कलाकार दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। इससे झारखंड की प्रतिभा का लाभ अन्य राज्यों को मिल रहा है। यहॉ के कलाकारों की प्रतिभा को संरक्षित करने के लिए सरकार के साथ सभी को आगे आना होगा। आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि झारखंड में कला और संस्कृति के संरक्षण और विकास के लिए बहुत कार्य करने की जरूरत है। कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राज्य में कला यूनिवर्सिटी, खेल यूनिवर्सिटी, झारखंड संगीत नाट्य अकादमी, झारखंड स्कूल आफ ड्रामा और झारखंड फिल्म सिटी का निर्माण करने की जरूरत है। जिससे कि यहॉ के युवा और कलाकारों को हर जरूरी संसाधन और सहायता मिलने से उनकी प्रतिभा में और निखार आएगी। इससे राज्य को अच्छे-अच्छे खिलाड़ी और कलाकार मिलेंगे, जो अपने प्रदर्शन के बल पर झारखंड का नाम देश और दुनिया में रौशन करेंगे। **(संयोजक भाजपा युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ)**

### अतिक्रमण से नालियां जाम

मेदिनीनगर में नालियों के ऊपर अतिक्रमण की वजह से शहर का मुख्य नाला जाम हो गया है। अतिक्रमण के कारण उसकी सफाई नहीं हो पा रही है। अतिक्रमण हटाते हुए पूरे नाली और नाला की सफाई किया जाए। नाला में कुछ लोग अपने अपने घरों के शौचालयों का पाईप भी गिराते हैं जो नियम के विरूद्ध है। नाला की सफाई नहीं रहने के वजह से नाले में शौच सड़ता है एवं बदबू फैलता है।

**- गंगेश्वर प्रसाद, डालटनगंज।**

आध्यात्म

# देश के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा गौरवशाली क्षण


आरके सिन्हा

**अयोध्या** या भारत ही नहीं, सारे संसार में राम की चर्चा है। भारत तो राममय हो ही चुका है। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। लगभग 500 वर्ष के दीर्घकालीन वनवास के पश्चात प्रभु श्री राम पुनः पूरे विधि-विधान के साथ अपने जन्म स्थान में पुनः विराजमान होने वाले हैं। भगवान राम फिर अयोध्या लौटे हैं लेकिन उनके उस जन्मस्थान पर आखिर सभी पंथ, सभी संप्रदाय के लोग समय-समय पर क्यों आते जाते रहे हैं? क्योंकि, राम किसी संकीर्ण विचारधारा से नहीं बंधे हैं। राम ही भारत की प्राणशक्ति हैं। राम ही धर्म हैं। मानव शरीर की श्रेष्ठता और उदात्तता का सीमांत राम से ही बनता है। हर व्यक्ति के जीवन में हर कदम पर जो भी अनुकरणीय हैं, वह राम ही हैं। इसीलिए तो यहां सिख गुरु नानकदेव भी आये और अयोध्या में जन्मे पांच जैन तीर्थंकरों ने भी अपने को राम की वंश-परंपरा से ही जोड़ा। बनारस से दलित संत रविदास भी रामदर्शन के लिए अयोध्या आये तो दक्षिण के आलावर संत भी। द्वैत सिद्धांत मानने वाले आचार्य भी। अद्वैत के प्रवर्तक शंकराचार्य और विशिष्टाद्वैत के बल्लभाचार्य भी अयोध्या आकर जन्मस्थान पर अपनी साधना में लीन रहे। निर्गुण कबीर भी राम को भजते हैं और सगुण तुलसी भी। भवभूति भी राम को जपते हैं। तुकाराम से तिरुवल्लुवर तक के लिए राम पीड़ित, शोषित और वंचित की अभिव्यक्ति हैं। श्रीराम की अयोध्या कैसी है? अयोध्या लोकतंत्र की जननी है। आराधिका है। संरक्षिका है। अयोध्या का लोकतंत्र संविधान या परंपरा से नहीं आचरण की श्रेष्ठता से चलता है। अयोध्या का लोकतंत्र लोकमंगल से चलता है। और वहां बना राम मंदिर? क्या जन्मस्थान पर बनी यह नई इमारत राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के पत्थरों और कंक्रीट का महज एक मंदिर है? नहीं। ये बदलते भारत का प्रतीक है, जिसमें किसी अन्याय के प्रतिकार की ताकत है। इस मंदिर से हमारी परंपरा, संस्कृति, धर्म, सभ्यता, मान -सम्मान का गर्भनाल का रिश्ता है। अयोध्या का मंदिर श्रीराम का है।

**राम ही भारत की प्राणशक्ति हैं। राम ही धर्म हैं। मानव शरीर की श्रेष्ठता और उदात्तता का सीमांत राम से ही बनता है। हर व्यक्ति के जीवन में हर कदम पर जो भी अनुकरणीय हैं, वह राम ही हैं।**

बोधि वृक्ष

## समुद्र मंथन की कथा

तब विष्णु भगवान बोले कि असुरों का अमृत पान करके अमरत्व प्राप्त करना सृष्टि के लिए भी हितकारी नहीं है। ये कहकर भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया जो सब प्रकार के स्त्रियोचित गुणों से परिपूर्ण थी। भगवान विष्णु के इस अवतार को मोहिनी अवतार भी कहते हैं। मोहिनी रूप धारण करके भगवान असुरों के बिच चले गये। असुरों ने ऐसा रूप लावण्य पहले नहीं देखा था तो सबके सब भगवान की माया से मोहित हो गये। तब मोहिनी ने कहा कि - आप सबलोग व्यर्थ ही झगड़ रहे हैं, मैं इस अमृत को देवताओं और दैत्यों में बराबर बाँट देती हूँ। इस प्रकार उन्होंने दो पंक्ति बनवायी पहली दैत्यों की और दूसरी देवताओं की और छल से अमृत सिर्फ देवताओं को ही पिलाने लगी। मोहिनी के आकर्षण में मोहित दैत्य इसे समझ नहीं पाए पर राहु नामक दैत्य इस चाल को समझ गया और वेश बदलकर देवताओं की पंक्ति में बैठ गया और अमृत पान कर लिया। वह अमृत उसके कंठ तक ही पहुँचा था कि देवताओं की कल्याण भावना से प्रेरित होकर चन्द्रमा और सूर्य ने उसके भेद को प्रकट कर दिया। जैसे ही भगवान विष्णु को इस बात का पता चला उन्होंने सुदर्शन चक्र से राहु का सिर धर से अलग कर दिया पर अमृत पान के कारण राहु के शरीर के दोनों ही भाग जीवित रह गये। सिर वाला भाग राहु और धर वाला भाग केतु कहलाया। ये दोनों छाया ग्रह हैं। ज्योतिष में इनका बहुत महत्व है और ये दोनों छाया ग्रह अन्य नव ग्रहों पर विशेष प्रभाव डालते हैं। तभी से राहु के उस मुख ने चन्द्रमा और सूर्य के साथ अटूट वैर निश्चित कर दिया, जो आज भी उन्हें पीड़ा पहुँचाता है। अमृत का पान करके देवताओं की शक्ति फिर से बढ़ गयी और उन्होंने दैत्यों पर आक्रमण करके उन्हें पराजित कर दिया और स्वर्ग का राज्य प्राप्त कर लिया। **(समाप्त)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत में श्रीराम बिराजें- 04

### ।।।। मनुष्य की मुक्ति का मंगलगान ।।।।


डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक


**हरेक** मनुष्य की इच्छा मुक्ति की होती है। लेकिन क्या वह अपने बंधनों को छोड़ना चाहता है। मुक्ति का मार्ग हृदय से होकर जाती है। हमारी चेतना लुप्त है। ऐसे में हृदय के स्पंदन की भाषा को हम समझ नहीं पाते है। हमारा जीवन आत्म विस्मरण में बीतता जाता है। हम बाहर की दुनिया में जागरूक है और भीतर अंधकार पसरता जाता है। इस अंधकार को हटाना ही मुक्ति है। राम का मनुष्य होने से ही उनके चरित्र की इतनी महिमा है। समूचे रामकथा में मनुष्य अपने कर्म, गुण और विचार के कारण देवत्व की उपमा धारण करते हैं। उनके कृतिव उनको देवत्व से सुशोभित करते हैं और देवता खुद मनुष्य रूप धारण करने में गौरव पाते हैं। रामकथा के इसी मंगलगान में मनुष्य की मुक्ति का मार्ग है। विपरीत परिस्थिति में गिरना, ठहरना और खड़ा हो जाना मनुष्य की मुक्ति का पहला सोपान है। अपनी लघुता की सीमा को समझना और विराट के लिए संघर्ष और सफलता राम के पथ की शोभा है। श्रीराम मनुष्य की परिपूर्णता का परिचय कराते हैं, जो जीवन के द्वंद्व, अंतर्यात्रा और विचारमंथन से होकर जाता है। मनुष्य कैसा हो? श्रीराम एक ऐसे पुरुष के प्रतीक है जो संसार के लिए भवसागर पार करने का नाम है। मनुष्य के लिए जीवन की अभीप्सा है, संघर्ष का एक साथी है और समाज के लिए आशा का केंद्र है। राम मनुष्य है, इसलिए सभी प्रेम करते हैं, वह मनुष्य की भांति दुख भोगते हैं, इसलिए समूचा समाज उनके दुख से द्रवित होता है। अयोध्या वहीं है, लेकिन जब राम उस नगर को छोड़ते हैं,तो लोग सड़क पर आ जाते हैं। राम के साथ चल देते हैं। यह भारतीय सभ्यता का पहला असहयोग है, जिसमें उनका नारा होता है- मैं नहीं जीऊं बिन राम ! वे लोग अयोध्या लौटते हैं, उस माया के साथ। जिसमें हरेक व्यक्ति के साथ राम चलता प्रतीत होता है। व्यक्ति कैसे मुक्त होता है? रामकथा में एक दृष्टांत है कि हनुमान जब माता सीता का पता लगाकर आने पर श्रीराम उपकार की बात करते हैं। पुनः वह अपने को संभालते हैं और कहते हैं कि- तुमने जो यह उपकार किया है, वह मेरे ही शरीर में जीर्ण हो जाय। यानी पच जाए। आखिर उपकार को कोई प्रति उपकार कैसे हो सकता है ? यह मानवीय जीवन की मुक्ति का मंगलगान है। वन जा रहे हैं, लेकिन माता कैकेयी के लिए दुखी है। भरत की चिंता है।

**श्रीराम मनुष्य की परिपूर्णता का परिचय कराते हैं, जो जीवन के द्वंद्व, अंतर्यात्रा और विचारमंथन से होकर जाता है। मनुष्य कैसा हो? श्रीराम एक ऐसे पुरुष के प्रतीक है जो संसार के लिए भवसागर पार करने का नाम है।**

टेक वर्ल्ड

## 10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

**7. एक डिस्ट्रबिंग ईमेल थ्रेड को म्यूट करें**
ईमेल थ्रेड्स निराशाजनक हो सकते हैं, खासकर यदि कई सहकर्मी एक ही मेल पथ पर प्रतिक्रियाएँ भेजते रहते हैं। सौभाग्य से, जीमेल उपयोगकर्ताओं को अनावश्यक सूचनाओं को रोकने के लिए ईमेल थ्रेड्स को म्यूट करने का विकल्प देता है। ईमेल थ्रेड खोलें, इंटरफेस के शीर्ष पर तीन बिंदुओं पर टैप करें, और इसे पूरा करने के लिए विकल्पों की सूची से 'म्यूट' चुनें। संवाद देखने के लिए उपयोगकर्ता बाईं ओर साइडबार से 'ऑल मेल' विकल्प चुन सकते हैं।



**8. अपने कंप्यूटर पर नाइट लाइट सुविधा इनेबल करें**
रात में अपने कंप्यूटर का उपयोग करने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए विंडोज और मैकओएस में एक अंतर्निहित नाइट लाइट विकल्प है जो रंग तापमान को नियंत्रित करता है और नीली रोशनी को कम करता है, जो आंखों के लिए खराब हो सकता है। विंडोज पर, खोज बार में 'नाइट लाइट' दर्ज करें, शीर्ष परिणाम पर क्लिक करें, फिर सुविधा को सक्षम करने के लिए 'अभी चालू करें' चुनें। टूं के उपयोगकर्ताओं को शीर्ष मेनू बार में Apple मेनू से 'सिस्टम सेटिंग्स' चुनना होगा। 'डिस्प्ले' पर जाएं और 'नाइट शिफ्ट' चुनें। इस बिंदु से, उपयोगकर्ता नाइट शिफ्ट को सक्रिय कर सकते हैं, इसे शुरू करने के लिए एक समय चुन सकते हैं और रंग तापमान को संशोधित कर सकते हैं। **9. दूसरों को क्यूआर कोड के जरिये वाई-फाई साझा करें**
ये सलाह एंड्रॉइड यूजर्स के लिए ज्यादा कारगर है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# विटामिन ई से दें बालों को पोषण



विटामिन ई वो जरूरी विटामिन है, जो खाने के साथ साथ बालों में लगाने से हेयरफॉल और फ्रिजी हेयर की समस्या से बचा जा सकता है। इसके इस्तेमाल से बालों से जुड़ी समस्याओं को आसानी से कम किया जा सकता है। हेयर फॉलिकल्स को मजबूती प्रदान करने वाले विटामिन ई को लोग सप्लीमेंट के तौर पर भी खाते हैं। सर्दी के मौसम में

एनआईएच के अनुसार बालों में विटामिन ई के प्रयोग से स्कैल्प को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाया जा सकता है। इससे बालों का टैक्सचर इंप्रूव होने लगता है और मजबूती बढ़ती है।

उनके टूटने की प्रक्रिया

रूखे और बेजान बालों को हेल्दी बनाने के लिए विटामिन ई को बालों पर अप्लाई करने के लिए इन टिप्स को फॉलो करें। जानते हैं विटामिन ई कैसे है बालों के लिए फायदेमंद। विटामिन ई बालों और त्वचा दोनों के लिए फायदेमंद साबित होता है। इसके इस्तेमाल से बालों में फ्रिजिनेस और डलनेस को दूर कर फॉलिकल्स को मजबेती प्रदान की जा सकती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंटस से बालों का टैक्सचर इंप्रूव होता है। इसमें पाए जाने वाले फैट सॉल्यूबल एंटीऑक्सीडेंट बालों को यूवी किरणों के प्रभाव से बचाती है। विटामिन ई को एवोकाडो, शहद, ऑलिव ऑयल और केले में मिलाकर बालों में लगा सकते हैं।

## कई समस्याओं का समाधान हो सकता है विटामिन ई

**बाल झड़ने की समस्या होगी हल :** एंटीआक्सीडेंटस से भरपूर विटामिन ई स्कैल्प के पीएच लेवल को मेंटेन रखने में मदद करते हैं।

**स्कैल्प को रखे मॉइश्चराइज :** रूखी त्वचा को हेल्दी बनाए रखने के लिए विटामिन ई का प्रयोग फायदेमंद साबित होता है। बालों में इसके इस्तेमाल से स्किन इरिटेशन से बचा जा सकता है। इसके अलावा स्कैल्प पर ऑयल बैलेंस मेंटेन रहता है। विटामिन ई की मदद से स्कैल्प पर ऑयल को लॉक करने में मदद मिलती है।

**बालों को बनाए चमकदार :** सर्दी के मौसम में बालों का झड़ना और टूटना सामान्य समस्या है। इस समस्या से निपटने के लिए विटामिन ई बेहद कारगर है। अकेडमी ऑफ डमार्टोलॉजी के अनुसार बालों की बाहरी परत के डैमेज होने के बाद बालों की शाइन कम होने लगती है। ऐसे में विटामिन ई त्वचा को पोषण प्रदान करता है। इसकी मदद से बालों में नमी को सील करने को रोकता है और उन्हें हेल्दी बनाता है।

**ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ाए :** बालों में विटामिन ई को अप्लाई करने से ब्लड सर्कुलेशन नियमित तौर पर होने लगता है, जो हेयरग्रोथ को बढ़ावा देता है। इससे हेयर फॉलिकल्स भी बढ़ते हैं। इसे बालों में शैम्पू, मास्क, कंडीश्नर और ऑयल में मिलाकर अप्लाई कर सकते हैं।

**विटामिन ई कैसे करें अप्लाई**


**ऑलिव ऑयल के साथ :** एंटीऑक्सीडेंटस से भरपूर ऑलिव ऑयल में विटामिन ई कैप्सूल को मिलाकर एक मिश्रण बना लें। अब इसे हल्का गुनगुना करके बालों में लगाएं। 30 मिनट से 1 घण्टे तक बालों में लगे रहने के बाद माइल्ड शैम्पू से हेयरवॉश करें। इससे बालों का रूखापन दूर होने लगता है।

**एलोवेरा जेल में मिक्स करके :** बालों को टूटने से बचाने और उन्हें लंबा व घना बनाए रखने के लिए एलोवेरा जेल को विटामिन ई के साथ मिक्स करें और मास्क के तौर पर बालों में अप्लाई करें। 20 से 25 मिनट तक बालों में लगाए रखने के बाद बालों को धो लें। इससे बालों का टूटना कम हो जाता है।

**अलसी का पानी :** अगर आपके बाल घुंघराले है और वो जल्दी उलझ जाते हैं, तो उससे बचने के लिए बालों को धोने से पहले अलसी के पानी में विटामिन ई मिलाकर बालों पर लगाएं। इससे बाल मुलायम और सीधे हो जाते हैं। 1 चम्मच अलसी को 2 गिलास पानी में डालकर उबालें और फिर ठण्डा करके उसमें विटामिन ई कैप्सूल को मिलाएं। इससे बाल उलझने से बच सकते हैं।

**शैम्पू में मिलाकर लगाएं :** बालों को हेल्दी बनाने के लिए शैम्पू में विटामिन ई मिलाकर बालों में लगाने से बालों को पोषण मिलता है। इसके लिए शैम्पू को बालों में लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर बालों को सामान्य पानी से धोएं। इससे बालों का रूखापन कम होने लगता है।

# पहली डेट पर लड़कियों की कौन-सी हरकतें पुरुषों को पसंद नहीं आती?



एकता

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हाल ही में एक पोस्ट के जरिये लड़कों से उन चीजों के बारे में पूछा गया, जो वो किसी भी डेट पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मुद्दे पर उन्होंने क्या जवाब दिया। आज मैं आपको एक कहानी सुनाती हूं, मेरा एक दोस्त एक लड़की के साथ डेट पर गया था। अगले दिन जब हम मिले तो उसने अपनी डेट के बारे में मुझे बताया। उसने कहा कि जिस लड़की के साथ मैं डेट पर गया था, मुझे उसका व्यवहार पसंद नहीं आया और मैं फिर कभी भी उसके साथ डेट पर नहीं जाऊंगा। मैंने उससे पूछा कि ऐसा क्या कर दिया उस लड़की ने? इसपर मेरे दोस्त ने जवाब दिया वो लड़की बात कम और खा ज्यादा रही थी। मुझे मेरे दोस्त का जवाब शुरू में थोड़ा अजीब लगा। लेकिन बाद में थोड़ा सोचने के बाद एहसास हुआ कि अगर कोई मेरे साथ डेट पर आया है और मुझसे ज्यादा दूसरी चीजों पर ध्यान दें तो क्या मैं फिर उसके साथ डेट पर जाउंगी? जवाब सीधा सा है- नहीं। लेकिन क्यों? हम डेट पर किसी के साथ क्यों जाते हैं? उन्हें परखने, सही कहा ना। ऐसे में इस दौरान सामने वाला व्यक्ति कोई ऐसी हरकत कर दें, जो हमारे बर्दास्त के बाहर है तो क्यों ही हम उसके साथ दोबारा डेट पर आएंगे। हम सबकी अपनी सीमाएं हैं, जिन्हें हम नहीं चाहते कोई भी व्यक्ति पार करें। ऐसे में अगर कोई पहली ही डेट पर इन सीमाओं को पार कर दें तो शायद ही कोई चीजों को आगे बढ़ाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हाल ही में एक पोस्ट के जरिये लड़कों से उन चीजों के बारे में पूछा गया, जो वो किसी भी डेट पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मुद्दे पर उन्होंने क्या जवाब दिया।

**एक यूजर ने कमेंट किया, 'यह मूर्खतापूर्ण लगता है, लेकिन अगर वह मुझमें दिलचस्पी नहीं रखती है, तो मुझे कोई दिलचस्पी नहीं है। अगर उसे पाना मुश्किल है तो मैं ये खेल नहीं खेल रहा।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सहानुभूति या करुणा की कमी ने मेरी 23 साल की शादी को खत्म कर दिया। अपने अलावा किसी और के प्रति उसकी करुणा और सहानुभूति की कमी चौंकाने वाली और हृदयविदारक थी। यह हमेशा ऐसा नहीं था, यह समय के साथ धीरे-धीरे विकसित हुआ।'**

एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा, 'अगर मैं किसी लड़की के साथ डेट पर जा रहा हूं और वो सर्विस इंडस्ट्री के लोगों की इज्जत नहीं करती है तो उसके साथ मेरी कोई दूसरी डेट नहीं होगी। वह चीज मुझे बताती है कि आप वास्तव में कौन हैं।' एक अन्य ने लिखा, 'बेईमानी मेरा मुख्य कारण है। यदि आप उन पर भरोसा नहीं कर सकते हैं, तो उन्हें डेट करने का भी कोई कारण नहीं है क्योंकि आप हमेशा इस बात को लेकर चिंतित रहेंगे कि जब वे आपके साथ नहीं होंगे तो वे क्या कर रहे होंगे।'

एक व्यक्ति ने लिखा, 'यह दोस्तों, गर्लफ्रेंड्स, सहकर्मियों, हर किसी के लिए सच है। मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता जब लोग ज़िम्मेदारी से बचते हैं, कभी सॉरी नहीं कहते, या धन्यवाद भी नहीं कहते।' एक ने कमेंट में लिखा, 'मौज-मस्ती के अलावा कोई लक्ष्य नहीं होना। मेरी पूर्व प्रेमिका हर रात अपने दोस्तों के साथ 'बाहर घूमने' के लिए ही रहती थी। वहां कोई भविष्य नहीं था, और उसका शराब के साथ एक अस्वास्थ्यकर रिश्ता था (और एक रात कुछ शराब पीने के बाद उसका पूर्व प्रेमी) वह अराजकता का एक समूह था जिससे मुक्त होने पर मुझे खुशी है।'

# उड़ गए तोते



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

**'पत्नी के बार-बार पति के मन की बात पूछने की चेष्टा ने इस बार गजानन को झकझोर दिया था। बहुत दिनों तक सत्ता से बेदखल विपक्ष की कुबुलाहट उनके भीतर दिखी। एकदम से उठे और बोले- देखो भाग्यवान! प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं, तो उनके पास मन भी होता है। मैं तो अपना मन कब का मार चुका हूं। शेक्सपियर ने कहा था कि एक अच्छा जोड़ा वही होता है जिसमें पत्नी अंधी और पति बहरा हो। न पत्नी कुछ देखेगी, न कुछ बोलेगी। यदि बोल भी देती है तो पति तो पहले से बहरा है।'**

पत्नी की बातें सुन गजानन कुछ देर के लिए चुप रहा। वह कहे तो भी क्या कहे। शादी के शुरूआती दिनों में थोड़ा-बहुत मुंह खुलता था। लेकिन पत्नी के परिजनों की बहुमत के सामने इनके तोते विपक्षी दल की तरह उड़ जाते थे। पहले पहल बहुत सी शिकायतें की। कोई लाभ नहीं हुआ। उल्टे लोगों के ताने-उलाहने सुनने पड़े। किसी ने कहा इतने दिनों तक कुंवारे बैठे रहे। जैसे-तैसे शादी हुई तो मीनमेख निकालने लगे। नई सरकार को सत्ता संभालने के लिए भी जनता पांच साल देती है। क्या तुम कुछ दिन अडजस्ट नहीं कर सकते। तुम बड़े किस्मत वाले हो जो तुम्हारी शादी हो गई। वरना आज के दिनों में अच्छी लड़की और सरकार भला किसी को मिलती है? यही सब कुछ कह-कहकर गजानन को लोगों ने पत्नी पुराण महिमा के नीचे ऐसा धर दबोचा कि किसी के सामने उनकी बोलती खुलना तो दूर सोचने से भी उनके रोंगटे खड़े हो उठते हैं।

पत्नी के बार-बार पति के मन की बात पूछने की चेष्टा ने इस बार गजानन को झकझोर दिया था। बहुत दिनों तक सत्ता से बेदखल विपक्ष की कुबुलाहट उनके भीतर दिखी। एकदम से उठे और बोले- देखो भाग्यवान! प्रधानमंत्री मन की बात करते हैं, तो उनके पास मन भी होता है। मैं तो अपना मन कब का मार चुका हूं। शेक्सपियर ने कहा था कि एक अच्छा जोड़ा वही होता है जिसमें पत्नी अंधी और पति बहरा हो। न पत्नी कुछ देखेगी, न कुछ बोलेगी। यदि बोल भी देती है तो पति तो पहले से बहरा है। वह खाक सुनेगा। मैं भी कुछ उसी तरह का हूं। तुम कुछ भी बोल देती हो उसे मैं ऐसे सुनता हूं जैसे मैंने कुछ सुना ही नहीं। प्रधानमंत्री अपनी मन की बातें मनवाने के लिए सीबीआई, ईडी, सेना, जांच अधिकारियों की बड़ी खेप रखते हैं। मेरे पास क्या है? मन की बात मनवाने के लिए ताकत होनी चाहिए, जो कि मेरे पास नहीं है। दुनिया में जीने के दो ही तरीके हैं। एक जो गलत हो रहा है उसके खिलाफ आवाज उठाओ। उसके लिए हाथ में सत्ता होनी चाहिए। जो कि मेरे पास नहीं है। दूसरा तरीका है जो कुछ गलत हो रहा है उसे होने दो। चुपचाप पड़े रहने दो। इससे खुद का भला होता ही है और सामने वाले का मन भी शांत रहता है। मैं इस उम्र में भगत सिंह नहीं बनना चाहता। भगत सिंह और बुलंद आवाजों की आयु दो पल की होती है। मैं दो पल से अधिक जीवन काट चुका हूं, इसलिए अब मुझमें क्रांति करने की कोई इच्छा नहीं है। तुम जैसी हो, बहुत अच्छी हो। मेरे इस हार्डवेयर वाले बदन में तुम्हारी व्यवस्थाओं का सॉफ्टवेयर बहुत फबता है। इसलिए मुझे मेरे मन की बात करने की कोई इच्छा नहीं है।

## सूडोकु नवताल- 6941

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6940 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## दैनिक पंचांग

**11 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.02 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कुंभ | 08.49 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.22 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.52 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 13.32 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 15.30 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 17.44 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.00 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 22.12 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | तुला | 00.23 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.37 ब.से |
| | | धनु | 04.53 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 11 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** पौष(दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 17.27 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 17.39 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 17.49 बजे को समाप्त। **करण** चतुष्पद 06.53 बजे, नाग 17.27 बजे तदनन्तर किस्तुघ्न 03.57 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 55' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871855 **जूलियन दिन** 2460320.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 28 **विशेष** दर्श अमावस्या, पौष अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 8003



**बाएँ से दाएँ**

1. ईश वंदना-3
3. हाथ की तीसरी अंगुली-4
5. आगमन-2
6. स्वादिष्ट-3
7. हरसिंगार, पारिजात-2
8. क्रिकेट में बनते हैं-2
10. खौलना, उबलना-5
12. धनवान-3
15. खोदना-3
17. चुनाव, चयन-5
20. नसीब(अंग्रेजी-2)
22. कलर-2
23. रक्षक, संकटमोचक-3
24. कार्य, काज-2
25. सुंघनी, नस-4
26. पुराना जुकाम-3

**ऊपर से नीचे**

1. रुपए का सोलहवां भाग-2
2. कुलबुलाना, तड़पना-5
3. जो कभी बूढ़ा न हो-3
4. बंदूक की गोली-4
5. अभिलेख, लेख-3
7. रात, रात्रि (उर्दू-2)
9. मादा का विलोम-2
11. धुन, लगाव-3
13. चरित्र, नीयत-3
14. तफरीह-5
15. अनाज रखने की जगह-4
16. टोंटी, नलका-2
18. बहुमूल्य रत्न-2
19. अनाथ, बेसहारा-3
21. डोली उठाने वाले-3
24. सफेद का विलोम -2

**शब्द पहेली -8002 का हल**



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**वृष राशि :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मिथुन राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क राशि :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**सिंह राशि :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या राशि :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**तुला राशि :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक राशि :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**धनु राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मकर राशि :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभ राशि :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मीन राशि :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।




## एक नजर

### ईडी ने रविंद्र वायकर को पूछताछ के लिए 17 को बुलाया



**मुंबई।** ईडी की टीम ने शिवसेना (यूबीटी) के विधायक रविंद्र वायकर को समन भेजकर 17 को पेश होने का आदेश दिया है। ईडी की ओर से यह समन जोगेश्वरी में कथित 500 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले के संबंध में जारी किया गया है। मंगलवार को ईडी के 12 अधिकारियों की टीम ने विधायक रविंद्र वायकर और उनके पार्टनर के घर और दफ्तरों पर छापेमारी की थी। हालांकि अभी तक ईडी की टीम की ओर से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन बताया जा रहा है कि कई महत्वपूर्ण कागज और दस्तावेज ईडी के हाथ लगे हैं। इन्हीं कागजपत्रों के आधार पर ईडी की टीम रविंद्र वायकर से पूछताछ करने वाली है।

### चंद्रबाबू नायडू को तीनों मामलों में मिली अग्रिम जमानत

**अमरावती।** टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें हाई कोर्ट ने तीन मामलों में अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस टी. मल्लिकार्जुन राव की बेंच ने बुधवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने चंद्रबाबू को हिदायत दी है कि वे इस दौरान जांच को प्रभावित करने वाली टिप्पणियां नहीं करेंगे। एक सप्ताह के भीतर एक-एक लाख रुपये के दो बेल बांड दाखिल करने होंगे। कोर्ट ने पूछताछ के लिए सीआईडी को 48 घंटे पहले नोटिस देकर याचिकाकर्ताओं की जांच करने का निर्देश दिया है।

### उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई 24 तक टली



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित करने की मांग अपनी आपत्ति व्यक्त की, जिसमें पूर्व जेएनयू छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद द्वारा दायर जमानत याचिका भी शामिल है। सबसे पहले खालिद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ से निर्धारित सुनवाई को अगले सप्ताह के लिए टालने का अनुरोध किया। इस पीठ में न्यायमूर्ति पंकज मिथल भी शामिल हैं।

# एफिल टावर से लेकर टाइम्स स्क्वायर तक राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की धूम

**एजेंसी। लखनऊ**

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के भव्य शुभारंभ और श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सिर्फ उत्तर प्रदेश और देश में ही नहीं, बल्कि यूरोप से लेकर अमेरिका तक धूम है। ये उत्सव अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक देखने को मिलेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे यूरोप से एक हजार लोग एकत्रित होंगे। साथ ही एफिल टावर के पास उत्सव मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन व दीपोत्सव के आयोजन का फैसला लिया गया है। यही नहीं, अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैली का आयोजन किया जा रहा है।

प्राण प्रतिष्ठा भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 12.30 बजे होगी। उस समय पेरिस में सुबह और अमेरिका में देर रात का समय होगा। इसी क्रम में 21 जनवरी 2024 को पेरिस में राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर पेरिस में रहने वाले अविनाश मिश्रा नाम के यूजर ने राम रथ यात्रा के बारे में डिटेल साझा की है।




उन्होंने लिखा है, "फ्रांस में रहने वाले हम भारतीय पूरे पेरिस में राम रथ यात्रा और एफिल टावर पर बड़े पैमाने पर उत्सव का आयोजन करके अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होंगे।"

अविनाश ने अपनी पोस्ट में राम रथ यात्रा का पूरा मैप भी शेयर किया है। पेरिस में रहने वाले राम भक्तों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का अनुरोध भी किया है। उनकी पोस्ट को राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ने भी रीपोस्ट किया और लिखा कि अयोध्या में जन्मस्थान पर भगवान श्री रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना सभी रामभक्तों के लिए एक आशीर्वाद है।

अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन व दीपोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया है। कई हफ्तों में वाशिंगटन, शिकागो और दूसरे अमेरिकी शहरों में राम मंदिर के जश्न में कार रैलियां निकाली गई हैं। आयोजकों ने अब कैलिफोर्निया में कार रैली निकालने की योजना बनाई है। उनका कहना है कि वे अयोध्या नहीं आ सकते हैं, लेकिन, भगवान राम उनके दिलों में हैं और उनकी घर वापसी में उनकी अटूट श्रद्धा है।

यही नहीं, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर पर भी किया जाएगा।

इससे पहले 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर के भूमि पूजन को चिन्हित करते हुए टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर का एक डिजिटल बिलबोर्ड चलाया गया था।

अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम ने कहा, "अगर हम न्यूयॉर्क शहर में हिंदू समुदाय को देखें तो यह कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण है। यह उन्हें जश्न मनाने और अपनी आध्यात्मिकता को ऊपर उठाने का मौका देता है।"

विश्व हिंदू परिषद ने भी कई देशों में आयोजन की रूपरेखा तैयार की है। इसके अनुसार दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी जैसे 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया गया है। वहीं, मुस्लिम बाहुल्य देश इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। विहिप के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं, जहां हिंदू धर्म के लोग रहते हैं, वहां विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ और मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाने की तैयारी है।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में जयपुर के सभी बाजार सजेंगे, होगी रोशनी

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर हेरिटेज नगर निगम ने जयपुर में महा दीपोत्सव की तैयारी तेज हो गई है। इसके तहत परकोटे के सभी बाजार सजेंगे, वहीं प्रमुख दरवाजे, छोटी व बड़ी चौपड़ के साथ रामगंज चौपड़ पर आकर्षक रोशनी व शहनाई वादन होगा। इसके अलावा गलता तीर्थ और गोविंददेवजी मंदिर में महाआरती होगी और साथ ही गलता तीर्थ में दीपदान का आयोजन होगा।

### राम मंदिर के लिए सौंपा गया 2,400 किलो का घंटा



अयोध्या। यूपी के एटा के जलेसरवासियों की तरफ से बुधवार को राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट को 2,400 किलो का घंटा सौंपा गया। दावा किया जा रहा है कि एक ही ढलाई में बने इस घंटे की आवाज दस किलोमीटर तक जाएगी। इसके साथ ही 51 किलो के सात और घंटे भी सौंपे गए। पांच सौ रामभक्तों के साथ आदित्य मित्तल, मनोज, रिशांक, प्रशांत मित्तल आदि अयोध्या पहुंचे। इन लोगों ने कारसेवकपुरम पहुंचकर मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र, राजेन्द्र सिंह पंकज आदि को सभी घंटे मंदिर के निमित्त सौंपे। दरअसल, अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके लेकर देशभर में उल्लास है। श्रीराम के भव्य मंदिर में उत्तर प्रदेश के एटा की पहचान भी दिखेगी। घंटा अष्टधातु का है, जिसमें पीतल, कांस्य, तांबा, एल्युमिनियम, लोहा, स्वर्ण, चांदी और जस्ता शामिल हैं। एक निश्चित मात्रा में इन अष्टधातुओं का उपयोग किया गया है। 2,400 किलो का घंटा बनने में 21 दिन लगे। पीतल पिघलाकर सांचे में डालने का काम एक दिन में हुआ।

# तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्व मित्र के रूप में बढ़ रहा : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्व मित्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ और वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकास के इंजन के रूप में देखती है।

गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के 10वें संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख रेटिंग एजेंसियों की राय है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जबकि 10 साल पहले भारत 11वें स्थान पर था। आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि



भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमी में जाएगा। एक ऐसे समय में जब विश्व अनेक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। तब भारत दुनिया में विश्वास की एक नई किरण बनकर उभरा है। उन्होंने आगे कहा, आज तेजी से बदलते हुए वर्ल्ड आर्डर में भारत विश्वमित्र की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। आज भारत ने विश्व को ये भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट ने निवेश आकर्षित करने और राज्य के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात समिट आर्थिक विकास और निवेश का एक वैश्विक मंच बन गया है। उन्होंने कहा, हाल ही में भारत ने आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया। अब भारत अगले 25 साल की तैयारी कर रहा है। हमारा लक्ष्य आजादी के 100 साल पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

अगले 25 साल भारत के लिए 'अमृतकाल' होने वाले हैं। यह नये संकल्पों का समय है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-यूएई संबंधों में तेज वृद्धि के लिए यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई ने फूड पार्क के विकास, नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग और नवीन स्वास्थ्य देखभाल में निवेश के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के बंदरगाह बुनियादी ढांचे के लिए यूएई की कंपनियां अरबों डॉलर के निवेश पर सहमत हुई हैं। भारत और यूएई अपने रिश्ते को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखती है।

एक मित्र जिस पर भरोसा किया जा सकता है, एक भागीदार जो लोगों के केंद्रित विकास में विश्वास करता है, एक आवाज जो वैश्विक भलाई में विश्वास करती है, और वैश्विक दक्षिण की एक आवाज के रूप में देखती है। भारत की अध्यक्षता में गत वर्ष सितंबर माह में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का क्षण था, क्योंकि भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ जी-20 का स्थायी सदस्य बन गया। इससे पहले वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में हिस्सा लेने वाले वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं ने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की सराहना की।

### देश में आए कोरोना के 605 नए मामले चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामले आने का सिलसिला जारी है। बुधवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना के 605 नए मामले सामने आए हैं और इससे 04 मरीजों की मौत हुई है। इसके साथ 877 मरीज स्वस्थ हुए हैं। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3,643 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कोरोना के ज्यादातर मामले केरल और कर्नाटक में सामने आ रहे हैं। इन्हीं दोनों राज्यों में पिछले 24 घंटे में 2-2 मरीजों की मौत हुई है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं।

### जनता का भरोसा जीतना कांग्रेस के लिए जरूरी : खरगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जनता के बीच रहना, उनके मुद्दों को उठाना व उनका भरोसा जीतना कांग्रेस के लिए जरूरी है। खड़गे ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विभिन्न विभागों व अग्रिम संगठनों से चर्चा के दौरान कहा कि आम चुनाव में हम वहां सफल रहे, जहां हमने जनता के बीच काम किया। हालांकि हम वहां फेल रहे, जहां हमने केवल जनसभाएं कीं। अगर हम जनता के साथ नहीं घुले मिले, उनके बीच काम न करें तो हम उसका भरोसा जीत लेने की आशा नहीं कर सकते हैं। ऐसे में कांग्रेस को जनता के बीच रहना ही होगा। खरगे ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत



जोड़ो यात्रा के बाद अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकलने वाले हैं। यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। राहुल गांधी लगातार देश की जनता से जुड़ रहे हैं। उनसे संवाद कर रहे हैं और हमें मिलकर जनता के मुद्दों का समाधान निकालना है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के नेतृत्व में 2004 और 2009 में लगातार दो बार हम सब मिल कर भाजपा को पराजित कर चुके हैं।

### शेख हसीना ने चौथे कार्यकाल के लिए ली शपथ

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश में 7 जनवरी 2024 को हुए आम चुनावों में सत्तारूढ़ अवामी लीग (एएल) ने जीत दर्ज की। इसके बाद निवर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना ने लगातार चौथे कार्यकाल के लिए बुधवार को



पद की शपथ ली। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, संसद अध्यक्ष शिरीन शर्मिन चौधरी ने शेख हसीना और अन्य नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई। इसके अलावा समारोह में निर्वाचित निर्दलीय सांसदों और नवनिर्वाचित विधायकों को भी शपथ दिलाई गई।

### लिटिल बुद्धा के नाम से चर्चित बम्जन चार वर्षों बाद पुलिस हिरासत में

#### घर से 26 देशों की करेंसी बरामद



**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल में लिटिल बुद्धा के नाम से चर्चित रहे रामहादुर बम्जन को पुलिस ने चार वर्षों बाद बीती रात काठमांडू से गिरफ्तार किया है। उस पर एक युवती से बलात्कार और तीन अन्य को लापता करने का आरोप था। चार वर्षों से फरार रहे बम्जन को बुधवार को जिला अदालत सलार्ही में पेश किया जाएगा। नेपाल की जांच एजेंसी केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) पिछले चार वर्षों से बम्जन को ढूंढ रही थी। बम्जन अपनी पत्नी और बेटे से मिलने काठमांडू स्थित अपने घर में आने वाला था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने बीती रात काठमांडू से गिरफ्तार कर लिया। सीआईबी की प्रमुख एआईजी किरण बज्राचार्य ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से हम उस पर लगातार निगरानी रख रहे थे। उन्होंने बताया कि सन 2019 में बम्जन पर सलार्ही जिले की एक युवती ने कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। उस युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने का प्रयास किया था, लेकिन उन दिनों जंगल में तपस्वी के रूप में रह रहे बम्जन पुलिस की गिरफ्त से बच निकला था। इसी बीच सलार्ही जिले में तीन अलग अलग परिवारों ने बम्जन पर उनकी बच्चियों को लापता करने का आरोप लगाया।

### नौसेना को मिला पहला स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी

# जल्द ही नौसेना-सेना में शामिल होगा

#### अडानी डिफेंस ने हैदराबाद के यूएवी कॉम्प्लेक्स में किया है विकसित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने बुधवार को पहला स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी नौसेना को सौंप दिया। इसे अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने हैदराबाद स्थित यूएवी कॉम्प्लेक्स में निर्मित किया है। हर्मीस यूएवी पर आधारित स्टारलाइनर दृष्टि-10 यूएवी जल्द ही नौसेना और सेना में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद यह यूएवी विकसित करके नौसेना को सौंपा जाना महत्वपूर्ण है।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि



अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज में पहले स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी की प्रगति का जायजा लेने और समीक्षा करने के लिए आपके बीच आना वास्तव में सम्मान और गर्व की बात है। दृष्टि-10 अनुबंध के बाद केवल 10 महीनों में अपने नाम के अनुरूप यह यूएवी दिन की रोशनी 'देख' चुका है। उन्होंने कहा कि समसामयिक दुनिया के तेजी से विकसित हो रहे और गतिशील तकनीक से जुड़े युद्धों में स्वायत्त प्रणालियों के महत्व पर जोर देने की कोई आवश्यकता नहीं है। हम अपने घरों में बैठे-बैठे यूरोप और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्षों में उनके प्रभाव को देखते रहते हैं। इसके अलावा उत्तरी अरब सागर में हाल की घटनाएं इस तरह की प्रणालियों के आतंकवादियों के हाथों में पड़ने पर उत्पन्न होने वाली चुनौतियां दर्शाती हैं।

एडमिरल कुमार ने कहा कि आज दुनिया भर के देशों के लिए युद्ध के क्रम में स्वायत्त प्रणालियां पसंदीदा विकल्प बनती जा रही हैं। हमारे दोनों निकटतम पड़ोसियों के पास सामूहिक रूप से यूएवी की एक बहुत बड़ी सूची है। इसलिए एक राष्ट्र के रूप में और सशस्त्र बलों के रूप में हमें चुस्त और सतर्क रहकर इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करना जारी रखें। भारतीय नौसेना पिछले दो दशकों से यूएवी का संचालन कर रही है, जो नौसेना के आत्मनिर्भर और 'फ्यूचर-प्रूफ' बल होने के 'विजन' का प्रतीक है। ऐसे परिष्कृत और विशिष्ट प्लेटफार्मों के स्वदेशीकरण को अपनाने और एकीकृत करने में सशस्त्र बलों के बीच अग्रणी के रूप में हमारे कद को भी मजबूत करती है।

## फिल्म जगत

### अभिनेत्री नयनतारा समेत फिल्म अन्नपूर्णी की स्टार कास्ट के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज



**जबलपुर।** नेटफ्लिक्स पर हाल ही में रिलीज हुई साउथ की प्रसिद्ध अभिनेत्री नयनतारा अभिनीत फिल्म 'अन्नपूर्णी' की स्टार कास्ट के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। अभिनेत्री नयनतारा के साथ फिल्म के निर्देशक निर्माता एवं अन्य कलाकारों के खिलाफ लव जिहाद और भगवान राम के अपमान करने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। 'अन्नपूर्णी' एक तमिल फिल्म है, जिसमें नयनतारा के साथ ही अभिनेता जय और सत्यराज भी अहम भूमिकाओं में हैं। हिन्दू सेवा परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार को ओमती थाने पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने फिल्म में धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जसवानी समेत अन्य ने ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुई फिल्म अन्नपूर्णी के निर्देशक निमार्ता एवं कलाकारों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। उसके बाद ओमती थाने की पुलिस ने जांच के बाद फिल्म के निमार्ता-निर्देशक के साथ स्टार कास्ट के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 और 34 के तहत केस दर्ज किया है। यह एफआईआर फिल्म निर्देशक नीलेश कृष्णा, अभिनेत्री नयनतारा, निमार्ता जतिन सेठी, आर रविन्द्रन और पुनीत गोईका के अलावा सारिक पटेल और मोनिका शेरगिल के खिलाफ दर्ज की गई है।

# मकर संक्रांति 15 जनवरी को, 16 से शुरू होंगे मांगलिक कार्य

### दक्षिण भारत में पोंगल, पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व के रूप में मनाया जाता है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मकर संक्रांति का त्योहार 15 जनवरी को मनाया जायेगा। साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे। एक माह के बाद सूर्य देव के उत्तरायण होते ही शहनाई गूंजने लगेगी। सनातनी दही-चूड़ा और खिचड़ी ग्रहण कर विभिन्न संस्कार के साथ नये कार्यों का शुभारंभ भी करेंगे। इस संबंध में पंडित रामदेव पाण्डेय ने बताया कि सोमवार को सूर्य देव तड़के दो बजकर 54 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। अतः उदया तिथि के अनुसार, मकर संक्रांति का मान सोमवार को होगा। इसका पुण्यकाल सुबह 07:15 मिनट से शाम 06: 21 मिनट तक और महा पुण्यकाल प्रातः 07:15 मिनट से पूर्वाह्न 09: 06 मिनट तक रहेगा। उन्होंने बताया कि महा पुण्यकाल में गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। जीवन में सुख-सौभाग्य बना रहता है। उन्होंने बताया कि गंगा स्नान न कर पाने की स्थिति में जल में तिल डालकर स्नान करना भी श्रेयष्कर होगा। वैसे तो मकर संक्रांति का पर्व देशभर में विभिन्न नामों से मनाया जायेगा। दक्षिण भारत में पोंगल, पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व के रूप में मनाया जाता है लेकिन झारखंड में यह त्योहार टुसू पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है।

इस दिन कई ग्रामीण इलाकों में टुसू मेला लगता है। इसमें बड़ी संख्या में लोगबाग इसमें भाग लेकर खुशियां मनाते हैं। फसल काटने के बाद मनाया जाने वाला यह पर्व सबके लिए अलग महत्व रखता है।

### झारखंड में मनेगा टुसू पर्व



### विवाह के शुभ मुहूर्त

**जनवरी** 16, 17, 20, 21, 22, 27, 28, 30 और 31
**फरवरी** 04, 06, 07, 08, 12, 13, 17, 24, 25, 26 और 29
**मार्च** 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 10, 11, 12

## एबीवीपी ने युवा दिवस पर खेल महोत्सव का किया आयोजन

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में युवा दिवस पर दो दिवसीय खेल महोत्सव का बुधवार को आयोजन किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विश्वविद्यालय के स्पोर्ट डायरेक्टर अभय सागर मिंज एवं परीक्षा नियंत्रक आशीष गुप्ता ने किया। इस महोत्सव के प्रथम दिन रस्सा-कस्सी, वॉलीबॉल का आयोजन किया गया। इसमें कई विभागों के छात्र-छात्राओं की टीमों नें भाग लिया। वॉलीबॉल और रस्सा-कस्सी का फाइनल मैच का आयोजन प्रो तपन शांडिल्य सर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। रस्सा-कस्सी में अनिल कुमार की टीम विजयी हुई, भोला का फौज टीम उपविजेता हुई और बालकिशुन महतो की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं वॉलीबॉल में "वॉली क्लब" की टीम विजेता और डीएसपीएमयू स्पाइकर" की टीम उपविजेता रही। मौके पर उपस्थित कुलपति डॉ. तपन शांडिल्य ने कहा कि युवा महोत्सव के उपलक्ष्य मं परिसर में विद्यार्थी परिषद ने इस प्रकार के खेल-कूद का आयोजन करवाया जो काफी सराहनीय है।

## धोनी के पूर्व बिजनेस पार्टनर के खिलाफ गुजरात व तमिलनाडु में भी मुकदमा दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के पूर्व बिजनेस पार्टनर आरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मिहिर दिवाकर और सौम्या दास की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। उनके खिलाफ गुजरात और तमिलनाडु में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हुए हैं। उन पर आरोप है कि धोनी की ओर से करार रद्द कर दिए जाने के बावजूद उन्होंने कई जगहों पर उनके नाम पर एकेडमी खोलना जारी रखा और गलत तरीके से पैसों की उगाही की। मिहिर दिवाकर रणजी खिलाड़ी रहे हैं और धोनी के साथ भी खेल चुके हैं। अहमदाबाद के वस्त्रापुर पुलिस स्टेशन में एमआर इंटरप्राइजेज नामक कंपनी की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि वर्ष 2020 में मिहिर दिवाकर और सौम्या दास ने उनसे संपर्क किया और बताया कि महेंद्र सिंह धोनी देश के विभिन्न हिस्सों में क्रिकेट अकादमी शुरू करना चाहते हैं और इसे चलाने का 10 साल का अधिकार उन्हें दिया गया है। शिकायत में कहा गया है कि अब तक कुल 2 करोड़ 11 लाख 75 हजार रुपये ठग लिए गए। बाद में पता चला कि मिहिर दिवाकर और सौम्या दास को क्रिकेट अकादमी खोलने का दिया गया अधिकार धोनी ने 15 अगस्त 2021 को रद्द कर दिया है। इसी तरह एक अन्य एफआईआर तमिलनाडु के हुडको पुलिस स्टेशन में होसुर के श्री श्रद्धा एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव चंद्रशेखर ने दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने धोनी के नाम का सहारा लेकर 35 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया है।

# शहरी मजदूरों को गांववालों से ज्यादा मजदूरी मिलेगी

### शहरी क्षेत्रों में अधिक होगी न्यूनतम मजदूरी, ग्रामीण क्षेत्रों में कम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड सरकार ने अब अलग-अलग न्यूनतम मजदूरी लागू करने का निर्णय लिया है। नगर निकाय क्षेत्रों में न्यूनतम मजदूरी अधिक होगी। अन्य क्षेत्रों में इससे कम मजदूरी लागू होगी। इसे लेकर विभिन्न क्षेत्रों को शहरीकरण के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। साथ ही न्यूनतम मजदूरी में संशोधन करते हुए इसकी राशि भी बढ़ाई गई है। फिलहाल इसपर लोगों से आपत्तियां मांगी गई हैं। आपत्तियों पर विचार करने तथा दो माह बाद इसे लागू किया जाएगा। क्षेत्रों के आधार पर न्यूनतम मजदूरी तय करने का निर्णय झारखंड न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद की सहमति के आलोक में लिया गया है। पर्षद ने ही न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की अनुशंसा की थी।

### न्यूनतम मजदूरी में भी होगा संशोधन सूची में नए नियोजन भी जुड़े



पर्षद की सहमति पर ही नियोजनों की सूची में नए नियोजन भी जोड़े गए हैं। इसमें कोचिंग संस्थानों तथा सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को भी सम्मिलित किया गया है। कुल 90 नियोजनों को दो श्रेणियों में बांटा गया है।

पहली श्रेणी में 49 तथा दूसरी श्रेणी में 41 नियोजनों को सम्मिलित किया गया है। दोनों श्रेणियों की अलग-अलग न्यूनतम मजदूरी तय की गई है। पहली बार न्यूनतम मजदूरी को पूर्णांक में तय किया गया है।

### किस श्रेणी में आएगा कौन सा क्षेत्र

**ए श्रेणी :** रांची नगर निगम, चास नगर निगम, धनबाद नगर निगम, देवघर नगर निगम, हजारीबाग नगर निगम, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र, मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद, आदित्यपुर नगर निगम
**बी श्रेणी :** ए श्रेणी के क्षेत्र को छोड़कर अन्य सभी जिलों के नगर निकाय
**सी श्रेणी :** राज्य के अन्य क्षेत्र।

## मंत्री हफीजुल हसन से मिला डोरंडा नागरिक समिति का प्रतिनिधि मंडल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डोरंडा नागरिक समिति उपाध्यक्ष अरशद कुरैशी के नेतृत्व में डोरंडा नागरिक समिति का एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात की और उन्हें फूल, माला ,बुके, शॉल, चुनरी दे कर डोरंडा नागरिक समिति के तरफ से सम्मानित किया गया, साथ ही डोरंडा नागरिक समिति के द्वारा एक ज्ञापन दिया गया ,जिसमे जिला राँची अरगोड़ा अंचल अंतर्गत डोरंडा छेत्र भूमि का मालगुजारी राशिद काटने एवं भूमि को लीज मुक्त कराने के लिए दिया। जिस पर माननीय मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि सबसे पहले आप लोगों का शुक्रिया सम्मान देने के लिए ।

मैं माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी तक आप की आवाज पहुँचा दूँगा और पूरी कोसिस करूँगा डोरंडा छेत्र की भूमि को लीज मुक्त कराने के लिए। आप लोग काम करें जहां मेरी जरूरत पड़ेगी हम वहां पर आपको खड़े मिलेंगे।

## रांची विवि में मतदाता जागरूकता शिविर

**रांची।** यूनिवर्सिटी के इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट में दिनांक- 10 जनवरी 2024 को भावी मतदाताओं के लिए किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन । जहाँ विद्यार्थियों ने जाना कि अब घर बैठे भी वोटर आईडी कार्ड के लिए कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन। उन्हेंने राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल voterportal.eci.gov.in वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप जो मतदाताओं की सुविधा के लिए लॉन्च किया गया है इसकी भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं ने सारी जरूरी जानकारियों को सिख सकारात्मक सोच के साथ निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने का निश्चय किया। साथ ही साथ अधिक से अधिक लोगों को जागरूक बनाने का संकल्प भी लिया।

## कांग्रेस मुक्त भारत की परिकल्पना के सबसे बड़े सूत्रधार हैं राहुल गांधी : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सूचना भवन कांके के पास जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर बुधवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कहा कि वास्तव में कांग्रेस की यह यात्रा न्याय यात्रा नहीं, बल्कि अन्याय यात्रा है। राहुल गांधी ने जब पिछली बार भारत जोड़ो यात्रा की थी तो उसका लगभग 90 प्रतिशत का लाभ भाजपा को हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कांग्रेस मुक्त भारत की परिकल्पना के सबसे बड़े सूत्रधार राहुल गांधी ही हैं। असल में कांग्रेस की न्याय यात्रा अपने अन्याय को छिपाने के लिए है। यदि कांग्रेस चाहती तो वर्षों पहले झारखंड राज्य अलग हो गया होता लेकिन कांग्रेस ने ऐसा होने नहीं दिया। कांग्रेस अपने अन्याय, करतूतों को छिपाने के लिए ही यह न्याय यात्रा कर रही है।

### जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर नेता प्रतिपक्ष ने दी श्रद्धांजलि



बाउरी ने झारखंड के पुत्र और झारखंड आंदोलन में अपनी अग्रिम भूमिका निभाने वाले जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव झारखंड आंदोलन को बौद्धिक पहचान देने और बौद्धिक रूप से जनमानस को प्यार करने वालों में से थे।

माटी के पुत्र का इतने बड़े ओहदे तक जाना हम सबको प्रोत्साहित करता है। इस मौके पर विधायक सीपी सिंह, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव समेत अन्य भी उपस्थित थे।

## खूंटी के बिरसा कॉलेज में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

**खूंटी।** विश्व हिंदी दिवस पर बिरसा कॉलेज खूंटी में गुरुवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जे किड़ो ने विश्व पटल पर हिंदी की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से जल्द ही हिंदी भी यूएन की भाषा बनेगी। सीके भगत ने हिंदी को बोलियों का समुच्चय बताया और कहा कि हिंदी कैसे विविधताओं से भरी है। राजकुमार गुप्ता ने हिंदी को संवेदना से जोड़कर इसके महत्व को बताया। डॉ अभिषेक ने हिंदी को महत्व दिलाने में पत्रिकाओं की भूमिका की चर्चा की। डॉ परेशांति सांगा ने रोजमर्रा में हिंदी के प्रयोग का उदाहरण देते हुए इसका महत्व

## 14 को अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे मंत्री

**पाकुड़।** 13434 डाउन मालदा टाउन-बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव पर मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रेल राज्य मंत्री राव साहब दानवे पाटिल एवं पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पूर्व रेलवे के सहायक अभियंता विश्वनाथ मंडल, क्षेत्र पदाधिकारी रामपुरहाट दिलीप कुमार चौहान, यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा, सहायक यांत्रिक अभियंता अभिषेक रंजन, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(कार्य) रामपुरहाट मुकेश कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष-सह-ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन हावड़ा मंडल के अध्यक्ष हिसाबी राय, सचिव राणा शुक्ला ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल पाकुड़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

# वीर गाथा में राज्य को तीन आयु वर्ग में मिले पांच पुरस्कार

### प्रत्येक विजेता को रक्षा मंत्रालय की ओर से 10,000 रुपये कैश प्राइज और सर्टिफिकेट मिलेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वीर गाथा परियोजना के तहत वीरता पुरस्कारों की घोषणा कर दी गयी है। राज्य को तीन आयु वर्ग में पांच पुरस्कार मिले हैं। कक्षा 6 से 8 वर्ग में अमन महतो और रौनक राज को पेंटिंग में, कक्षा 9 और 10 वर्ग में प्रतिवा सेन को पेंटिंग, कक्षा 11 और 12 वर्ग में हर्ष द्विवेदी और सुशांत कुमार ने पेंटिंग में पुरस्कार हासिल किया है। झारखंड ने वीर गाथा परियोजना 3.0 पुरस्कारों के लिए 72 प्रविष्टियां भेजी थी। छात्रों ने वीरता पुरस्कार विजेताओं पर कला, कविता, निबंध और मल्टीमीडिया जैसे विभिन्न मीडिया के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं को तैयार किया था, जिसे रक्षा मंत्रालय को भेजा गया था। जिला व राज्य स्तर पर मूल्यांकन के बाद इन परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्तर के लिए भेजा गया था। राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर की समिति ने किया, जिसका गठन शिक्षा मंत्रालय ने किया था।

**वीर गाथा परियोजना के तीसरे संस्करण में आयी 4098 प्रविष्टियां :** वीर गाथा परियोजना के तीसरे संस्करण में सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1.36 करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों ने भाग लिया था। छात्रों ने सशस्त्र बलों के अधिकारियों, कर्मियों की बहादुरी और बलिदान को सम्मान देने के लिए कवितायें, पेंटिंग, निबंध, वीडियो आदि के रूप में 4098 प्रविष्टियां भेजी। इनमें सर्वाधिक 720 प्रविष्टियां यूपी ने भेजी थी।

### झारखंड ने पुरस्कारों के लिए 72 प्रविष्टियां भेजी थी




### राष्ट्रीय स्तर पर सुपर 100 का चयन

राज्यों से भेजी गयी प्रविष्टियों में टॉप 100 का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। इन्हें सुपर 100 कहा जाता है। वीर गाथा परियोजना 3.0 के 100 विजेताओं (राष्ट्रीय स्तर पर) को चार अलग अलग कक्षा वर्ग श्रेणियों में पुरस्कार दिया जाता है। इनमें कक्षा 3 से 5, 6 से 8, 9 व 10, 11 व 12 के लिए शीर्ष 25 बच्चों का चयन होता है। प्रत्येक विजेता को रक्षा मंत्रालय की ओर से 10,000 रुपये कैश प्राइज और सर्टिफिकेट दिया जाता है।

## दिनेश गोप के सहयोगी निवेश से पांच दिनों की ईडी ने मांगी रिमांड

**रांची।** मनी लांड्रिंग के आरोप में पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार से पूछताछ के लिए ईडी ने बुधवार को पांच दिनों की रिमांड ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय से मांगी है। बुधवार को ईडी की रिमांड पिटीशन पर आंशिक सुनवाई हुई। इस दौरान निवेश की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने पांच दिनों की रिमांड मांगे जाने का विरोध किया जबकि ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कहा कि निवेश से पूछताछ जरूरी है। इसलिए पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी जानी चाहिए। इससे पूर्व गत आठ जनवरी को ईडी ने कोर्ट के माध्यम से ईडी ने निवेश को मेमो ऑफ अरेस्टिंग दिया था। इसके बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया था। एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में 15 दिसंबर को छापेमारी की थी। इस दौरान एनआईए ने दो आरोपितों निवेश कुमार और सोनू पंडित उर्फ रमण को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली थी। इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं। एनआईए ने जिन आरोपितों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की, वे सभी झारखंड में पीएलएफआई के कैडर और समर्थक थे। वे हिंसक वारदातों और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। छापेमारी के दौरान दो पिस्तौल, कारतूस (7.86 मिमी) तीन लाख रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया गये थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**स्वाति के राम, सरस्वती के राम...**
**नंद की धेनु मँझारन।**
**पाहन हौं तो वही गिरि को जो धर्यों कर छत्र पुरंदर कारन।**
**जो खग हौं तौ बसेरो करौं मिलि कालिंदी-कूल-कदंब की डारन॥**
मतलब मुझे आगामी जन्म में मनुष्य-योनि मिले तो मैं वही मनुष्य बनूं जिसे ब्रज और गोकुल गांव के ग्वालों के साथ रहने का अवसर मिले। आगामी जन्म पर मेरा कोई वश नहीं है, ईश्वर जैसी योनि चाहेगा, दे देगा, इसलिए यदि मुझे पशु-योनि मिले तो मेरा जन्म ब्रज या गोकुल में ही हो, ताकि मुझे नित्य नंद की गायों के मध्य विचरण करने का सौभाग्य प्राप्त हो सके। यदि मुझे पत्थर-योनि मिले तो मैं उसी पर्वत का एक भाग बनूं जिसे श्रीकृष्ण ने इंद्र का गर्व नष्ट करने के लिए अपने हाथ पर छाते की भांति उठा लिया था। यदि मुझे पक्षी-योनि मिले, तो मैं ब्रज में ही जन्म पाऊं ताकि मैं यमुना के तट पर खड़े हुए कदम्ब वृक्ष की डालियों में निवास कर सकूं।
**मध्यकाल की प्रसिद्ध कृष्ण भक्त कवायित्री ताज बीबी कहती हैं....**
**सुनो दिल जानी मेरे दिल की कहानी तुम,**
**हुस्न की बिकानी बदनामी भी सहूंगी मैं।**
**देव पूजा ठानी हौं निवाज हूं भुलानी तजे,**
**कलमा कुरान सारे गुनन गहूंगी मैं॥**
**श्यामला सलोना सिरताज सिर कुल्ले दिये,**
**तेरे नेह दाग में निदाग ह्वै दहूंगी मैं।**
**नन्द के कुमार कुरवान ताणी सूरत पै,**
**हौं तो मुगलानी हिन्दुआनी ह्वै रहूँगी मैं॥**
**जितना हम नबी को रिस्पेक्ट करते हैं...**
शबनम शेख अभी फर्स्ट ईयर की छात्रा है। उनके दो साथी विनीत पांडे और रामराज शर्मा उनके साथ कदम से कदम मिलाते हुए मुंबई से अयोध्या जा रहे हैं। जगह-जगह पर उनका लोगों ने स्वागत किया। शबनम ने कहा कि जितना हम नबी को रिस्पेक्ट करते हैं उतना ही राम जी की रिस्पेक्ट करते हैं।

**56 कैदियों की होगी...**
457 कैदियों के घर का जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों द्वारा सर्वे कराया जा चुका है। इनमें से 378 कैदियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है जबकि अन्य कैदियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, विधि विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार, पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक, जेल महानिरीक्षक उमाशंकर सिंह, न्यायिक आयुक्त रांची अरुण कुमार राय, जेल एआईजी हामिद अख्तर और प्रोबेशनर ऑफिसर चंद्रमौली सिंह उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने सूखा प्रभावित किसानों को...**
मंजूरी के लिए रखा जा सके। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र सरकार को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव भेजें ताकि उसे राशि से सूखा प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता दी जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सुखाड़ से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए समुचित कदम उठाये जायें। उन्होंने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुखाड़ से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत के तौर पर 35 सौ रुपये प्रति किसान अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया। इसके अलावा वैसे किसान जिनकी फसल कम बारिश की वजह से 33 प्रतिशत तक क्षतिग्रस्त हुई है, उन्हें इनपुट अनुदान राशि का भुगतान किया जायेगा। बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता और बादल, मुख्य सचिव एल खियांगते, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबू बकर सिद्दीक और कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी मौजूद थे।

**भूमिगत पाइप लाईन से भरे...**
नहीं हो पाता है। नतीजा जलाशयों में जल का भंडारण कम होने से सिंचाई क्षमता में काफी कमी आयी है। वहीं इन क्षेत्रों में जनसंख्या में वृद्धि एवं क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के कारण जल की मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जल की उपलब्धता का श्रोत सरकार विगत कई वर्षों से तलाश रही है। इनमें उतरी कोयल व सोन नदी महत्वपूर्ण है। जिसमें जल का अपेक्षाकृत उपलब्धता कम हो पा रहा है। वर्षा के समय अधिकांश जल बिना उपयोग के ही बह जाते हैं। वैसे जल को भूमिगत पाईप लाईन से लिफ्ट कर जिले के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में स्थित सिंचाई के जलाशयों में पानी भरा जायेगा। जिससे सिंचाई के साथ पेयजल की भी उपलब्धता होगी।

**पलामू में धीरेंद्र शास्त्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को...**
आयोजन समिति से कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही पूर्व में समिति के द्वारा दी गयी रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, टेंट व्यवस्था, बिजली,पानी, वाहन पार्किंग,भोजन व्यवस्था,उपचार समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके अलावे धीरेंद्र शास्त्री के आने जाने एवं ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रशासन की ओर से कई अन्य बिंदुओं पर लिखित जानकारी मांगी गई। जिसे समिति द्वारा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में डीडीसी रवि प्रकाश, एसपी रिष्मा रमेशन, एसी सुरजीत कुमार सिंह, एसडीएम अनुराग तिवारी, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, चैनपुर के अंचल अधिकारी संजय बाखला,थाना प्रभारी रुपेश कुमार दुबे समेत हनुमंत कथा समिति के नितेश कुमार सिंह,सचिव दीनानाथ राम, विनोद पाठक, रविंद्र प्रसाद,मुकेश विश्वकर्मा, कमलेश सिंह, दामोदर मिश्र व मंटू सिन्हा उपस्थित थे।

**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण...**
रूप से आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है।' जयराम रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी को 22 जनवरी को आयोजित होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि राम देश में लाखों लोगों की आस्था हैं। धर्म व्यक्तिगत विषय है। रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने राम मंदिर निर्माण को सालों से राजनीतिक परियोजना बनाया हुआ है। एक अधूरे निर्मित मंदिर का उद्घाटन स्पष्ट तौर पर राजनीति लाभ के लिए किया जा रहा है।

**बंध्याकरण के पांच दिन बाद महिला...**
शकुंतला के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। चिकित्सा प्रभारी डॉ जयकांत लकड़ा ने कहा कि अस्पताल में 100 से अधिक महिलाओं का बंध्याकरण किया जा चुका है। बंध्याकरण से मौत की यह पहली घटना है। पूरे मामले की गहनता से जांच की जाएगी। डॉक्टर ने कहा कि परिजनों ने महिला का पोस्टमार्टम भी नहीं कराया है। इस कारण मौत की असल वजह पता कर पाना संभव नहीं है। घटना से अस्पताल प्रबंधन भी दुखी है।

**पीटीआर में लकड़ी की सिल्ली के साथ...**
तुरी और रमेश उरांव पिता बालेशर उरांव सभी निवासी ग्राम अमवाटीकर को भागने के दौरान वनकर्मियों ने पीछा कर धर दबोचा। इस दौरान एक व्यक्ति फरार होने में सफल रहा। घटनास्थल से शाल पेड़ की तीन सिल्ली, तीन टांगी व तीन सायकिल जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत जेल हाजत लातेहार भेज दिया गया है। टीम में प्रभारी वनपाल राजेश कुमार,वनरक्षी रविकांत रवि, रोहित कुमार, जितेंद्र कच्छप और जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

# ग्रीन ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में रेनशॉ की वापसी




**एजेंसी। मेलबर्न**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 17 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 13 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे। मैट रेनशॉ, जिन्हें वार्नर ने संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा है, को मार्कस हैरिस और कैमरून बैनक्रॉफ्ट के साथ टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने ऑस्ट्रेलिया की शुरूआती एकादश में ऑलराउंडर ग्रीन की वापसी की पुष्टि की है। बेली ने कहा, एडिलेड में टेस्ट के लिए कैमरून ग्रीन अंतिम एकादश में आएंगे, जिसमें स्कॉट बोलैंड और मैथ्यू रेनशॉ भी शामिल होंगे। इसमें देश के सर्वश्रेष्ठ छह बल्लेबाज शामिल हैं।

**ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम इस प्रकार है :** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड (उपकप्तान), उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क।

# हॉकी इंडिया ने द. अफ्रीका दौरे के लिए की 26 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने बुधवार को 22 जनवरी 2024 से केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए 26 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की है। टूर्नामेंट में फ्रांस, नीदरलैंड, भारत और मेजबान दक्षिण अफ्रीका भाग लेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व हरमनप्रीत सिंह करेंगे और एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर विजेता हार्दिक सिंह उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। जूनियर भारतीय टीम के साथ शानदार प्रदर्शन के बाद युवा अरजीत सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी को टीम में शामिल किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका दौरे को लेकर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम ओलंपिक वर्ष में दक्षिण अफ्रीका दौरे के साथ सीजन शुरू करने के लिए काफी उत्साहित हैं, जहां हम गुणवत्तापूर्ण टीमों के खिलाफ खेलेंगे और इससे मुझे एफआईएच हॉकी प्रो लीग से पहले कुछ खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा मोड में देखने का मौका भी मिलेगा। टूर के लिए रवाना होने से पहले हमने साई, बेंगलुरु में एक छोटा शिविर लगाया है। हमने दो युवा खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया है, और यह देखना दिलचस्प होगा कि हम जिस स्तर पर खेलते हैं उसके अनुसार वे खुद को ढालते हैं।



### द अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम

**गोलकीपर :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, पवन।
**डिफेंडर्स :** जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह **(कप्तान)**, वरुण कुमार, सुमित, संजय, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम।
**मिडफील्डर :** विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह (उप-कप्तान), मनप्रीत सिंह।
**फारवर्ड :** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, बॉबी सिंह धामी।

**खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग**

# ओडिशा नेवल, प्रीतम सिवाच और साई शक्ति ने दर्ज की जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के 10वें दिन-चरण 2 में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर, प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी और साई शक्ति टीम ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।


**ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने दर्ज की शानदार जीत:** दिन के पहले मैच में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने जय भारत हॉकी अकादमी को 12-1 से हराया। प्रज्ञा पटेल (10', 12', 45', 58') ने चार गोल किए, कप्तान डोली भोई (8', 15', 57') ने हैट्रिक बनाई जबकि केसर भाबर (3'), शीतल यादव (14'), नेहारिका टोप्पो (24'), सानिया सैयद (36') और चंचल यादव (38') ने एक-एक गोल किया। जय भारत हॉकी अकादमी के लिए एकमात्र गोल अनीता देवी (19') द्वारा पेनल्टी कॉर्नर पर किया गया।



**प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने करीबी मुकाबला जीता :** दिन के दूसरे मैच में प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता को 1-0 से हराया। खेल लगभग गोल-रहित बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसमें दोनों टीमों ने जबरदस्त डिफेंस का प्रदर्शन किया, लेकिन प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी की कप्तान दीक्षा (60') ने खेल के अंतिम मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर गतिरोध तोड़ा और अपनी टीम को जीत दिलाई।

**साई शक्ति टीम ने दर्ज की व्यापक जीत :** दिन के तीसरे मैच में साई शक्ति टीम ने साई बाल टीम को 5-1 से हराया। साई शक्ति टीम के लिए पूर्णिमा यादव (3', 23') ने दो गोल किए, जबकि रवीना (36'), कैप्टन काजल (40') और प्रियंका (56') ने एक-एक गोल किया। साई बाल टीम के लिए एकमात्र गोल एक फील्ड गोल था जो श्री विद्या थिरुमालासेट्टी (21') ने किया।

# भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हुए राशिद खान



**एजेंसी। मोहाली**

अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि उनकी पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी से रिकवरी जारी है जिसके कारण उन्हें बीबीएल और एसए20 से बाहर होना पड़ा। अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जादरान ने पुष्टि की है कि राशिद टीम के साथ चंडीगढ़ गए थे लेकिन अभी तक मैच के लिए फिट नहीं हैं। इब्राहिम ने कहा, वह पूरी तरह से फिट नहीं हैं, लेकिन टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द फिट हो जाएगा जैसा हम उम्मीद करते हैं।

# न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच नियुक्त हुए आंद्रे एडम्स



**एजेंसी। वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड क्रिकेट [एनजेडसी] ने पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे एडम्स को घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए पुरुष राष्ट्रीय टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। 48 वर्षीय एडम्स मुख्य कोच गैरी स्टीड के समूह का हिस्सा होंगे जिसमें बल्लेबाजी कोच के रूप में न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ल्यूक रोंची भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड पुरुष टीम के साथ भूमिका में एडम्स का पहला दिन बुधवार को ऑकलैंड में होगा। एडम्स ने अपने पांच साल के करियर में न्यूजीलैंड के लिए एक टेस्ट, 42 वनडे और चार टी20 मैच खेले। 2015 में संन्यास लेने से पहले उन्होंने नॉटिंघमशायर, हैम्पशायर और एसेक्स के साथ इंग्लिश काउंटी सर्किट में भी काम किया है। इसके बाद एडम्स ने ऑस्ट्रेलिया की घरेलू टीम न्यू साउथ वेल्स के साथ गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाई।

## व्यापार

# आखिरी घंटे की खरीदारी से शेयर बाजार में आई तेजी

### सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिन के आखिरी घंटे में हुई जोरदार खरीदारी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा लेकिन आखिरी सत्र में जबरदस्त खरीदारी होने से शेयर बाजार ने बढ़त बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज बाजार में आखिरी सत्र के दौरान हुई ताबड़तोड़ खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.39 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 368.86 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 367.48 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.39 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,935 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,092 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,742 शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

**निवेशकों ने एक दिन में कमाए 1.39 लाख करोड़ रुपये**



# इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी के प्रोटोटाइप का किया अनावरण



**सियोल।** हुंडई मोटर ग्रुप ने विश्व प्रौद्योगिकी शो 'सीईएस 2024' में अपने नए एयर टैक्सी मॉडल के प्रोटोटाइप का अनावरण किया है। कंपनी के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि यह विश्व इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सी बाजार में पैठ बनाने के प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है। हुंडई की अमेरिका स्थित एयर टैक्सी इकाई सुपरनल ने लास वेगास में व्यापार शो में एस-ए2, इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग की प्रोडक्ट कॉन्सेप्ट का प्रदर्शन किया। शिन ने कहा कि एस-ए2 का अनावरण समूह की एक सुरक्षित, कुशल वाहन डिजाइन के साथ उस मिशन को पूरा करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो बाजार में प्रवेश के लिए एक स्पष्ट मार्ग प्रदान करता है।

# 2027-28 तक हमारी जीडीपी पांच लाख करोड़ डालर होगी: वित्त मंत्री

**एजेंसी। गांधीनगर/नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण ने बुधवार को कहा कि भारत वित्त वर्ष 2027-28 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सीतारमण ने कहा कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) उस समय तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक हो जाएगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने यहां 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि संभव है कि हम वित्त वर्ष 2027-28 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे, हमारी जीडीपी उस समय तक 5 लाख करोड़ डॉलर से अधिक हो जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि रुढ़िवादी अनुमानों के हिसाब से भी भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। इससे पहले सीतारमण ने विजन डॉक्यूमेंट 'विकसित गुजरात@2047' भी जारी किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, गिफ्ट सिटी के अध्यक्ष हसमुख आधिया, केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि भारत को वर्ष 2023 तक 919 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। इसमें 65 फीसदी यानी 595 अरब डॉलर का एफडीआई मोदी सरकार के आठ-नौ वर्षों के कार्यकाल के दौरान आया है। देश में बैंक खाता रखने वाले लोगों की संख्या 50 करोड़ हो गई है, जबकि 2014 में 15 करोड़ लोगों के पास ही बैंक खाते थे।



इस समय भारत करीब 3.4 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। फिलहाल अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की अर्थव्यवस्था उससे आगे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी।

# अडाणी समूह गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये का करेगा निवेश

**एजेंसी। गांधीनगर/नई दिल्ली**

देश के सबसे अमीर शख्स एवं अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने बुधवार को गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का ऐलान किया है। इसमें एक हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण शामिल है, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। इससे एक लाख नौकरियों का सृजन होगा। गौतम अडाणी ने यहां 10वें वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि उनका समूह ग्रीन एनर्जी और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अगले पांच साल में 2 लाख करोड़ रुपये (24 अरब डॉलर) का निवेश करेगा। अडाणी ने कहा कि इसमें मुख्य रूप से एक हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण शामिल है, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 को संबोधित करते हुए अडाणी ने कहा कि पिछले शिखर सम्मेलन में 55 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई गई थी, जिसमें से 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश समूह कर चुका है। उन्होंने कहा कि समूह अब कच्छ में 25 वर्ग किलोमीटर में फैला 30 गीगावॉट क्षमता वाला एक ग्रीन एनर्जी पार्क बना रहा है, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। अडाणी ने कहा कि इस निवेश से एक लाख नौकरियों का सृजन होगा।




उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद सहित दुनिया के कई अन्य प्रमुख राजनेता और इंडस्ट्री के प्रमुख चीफ गेस्ट के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल रहे। इसके अलावा मुकेश अंबानी, पंकज पटेल, गौतम अडाणी और लक्ष्मी मित्तल समेत देश-विदेश के दिग्गज कारोबारी भी मौजूद रहे।

# सर्राफा बाजार पर दबाव, सोना और चांदी में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज 24 और 22 कैरेट सोने की कीमत में 100 से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। चांदी में भी आज गिरावट का रुख बना हुआ है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी 76,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज भी 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# मुकेश अंबानी बोले मोदी है तो मुमकिन है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के इतिहास में सबसे सफल प्रधानमंत्री हैं। मुकेश अंबानी ने वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी है तो मुमकिन है।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर में 10वें वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 के 10वें एडिशन का उद्घाटन किया। इस दौरान मुकेश अंबानी ने अपने संबोधन में कहा कि गुजरात और वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन में आपका स्वागत है, जो आज दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित निवेशक शिखर सम्मेलन है। रिलायंस इंडस्ट्रीज एक गुजराती कंपनी थी, है और हमेशा रहेगी। इसका उद्देश्य 7 करोड़ गुजरातियों के सपनों को पूरा करना है। वर्ष 2047 तक अकेले गुजरात तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत को 2047 तक 35 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकता है।



# डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में अनिकेत सर्राफ ने जीता सिल्वर मेडल




**रांची :** डीएवी गांधीनगर के आठवीं कक्षा का छात्र अनिकेत सर्राफ ने दिल्ली में 7- 8 जनवरी 24 को आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता- 23 में अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता मे रजत पदक जीतकर झारखंड के मान को बढ़ाया है। अनिकेत ने नवंबर में जमशेदपुर में आयोजित क्लस्टर जोन के प्रतियोगिता मे अंडर- 14 में गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। तथा दिसंबर माह में धनबाद में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल गेम्स मे खेलने के लिए चयनित हुआ। दिल्ली में आयोजित नेशनल गेम्स मे बैडमिंटन प्रतियोगिता मे डीएवी गांधीनगर उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में अनिकेत सर्राफ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल तक पहुंचा। फाइनल में हरियाणा को कड़ी प्रतिस्पर्धा दी। एवं बहुत कम अंकों के साथ हारकर सिल्वर मेडल जीता। अनिकेत सर्राफ सामाजिक कार्यकर्ता सह व्यवसायी संजय सर्राफ के पुत्र हैं।

# राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का उदघाटन



**रांची।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में बुधवार से तीन दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू हो गई। 12 जनवरी तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विभागीय सचिव मनोज कुमार ने किया। स्वागत भाषण विभागीय निदेशक सुशांत गौरव ने दिया जबकि मंच का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। स्वागत प्रतियोगिता का आयोजन सचिव सह जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने किया। मौके पर कई जिलों के जिला खेल पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के चार जोन यानि धनबाद जोन, दुमका जोन, चाईबासा जोन एवं रांची जोन की विजेता एवं उपविजेता पुरुष-महिला टीम भाग ले रही हैं। पुरुष वर्ग के पहले मैच में रांची विजेता टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में सरायकेला खरसावां को तीन-दो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरे मैच में पाकुड़ विजेता बनाम धनबाद विजेता के बीच मैच ड्रा रहा।

# राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महिला वर्ग से गोड्डा एवं वेस्ट सिंहभूम, पुरुष से रांची



**पलामू।** डालटनगंज के जिला स्कूल के मैदान में चल रही 23वां जेसी बोस (पुरुष) और महावीर उरांव सीनियर राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता (महिला) में चौथे दिन बुधवार को हुए मुकाबले के बाद महिला वर्ग में गोड्डा फाइनल में प्रवेश कर गया। गोड्डा और धनबाद सेमीफाइनल मुकाबला हुआ। महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले के बीच गोड्डा ने धनबाद को 5 सेट में 26-24, 10-25, 23-25, 25-12, 25-8 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबले में वेस्ट सिंहभूम ने ईस्ट सिंहभूम को 25-12, 25-17, 25-20 से हराया और फाइनल में प्रवेश किया।

# स्टूडेंट क्लब ने जीएंडएस क्लब जामदा को पराजित किया



**आठवीं अशोक जैन नाक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता 2023-24**

पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आज से शुरू हुए 8वीं अशोक कुमार जैन जिला नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में स्टूडेंट क्लब चाईबासा ने गोप एवं सिंह क्लब बड़ा जामदा को 59 रनों से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टूडेंट क्लब की टीम ने निर्धारित तीस ओवर में सात विकेट खोकर 216 रनों का स्कोर खड़ा किया। मनीष कुमार ने बारह चौकों एवं एक छक्का की मदद से 75 रनों की बेहतरीन पारी खेली जबकि कैफ जमील ने पाँच चौकों की सहायता से 52 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर छठे विकेट के लिए 82 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया। अन्य बल्लेबाजों में मोईब० साकिब एवं सोएब अहमद ने 19-19 रनों का योगदान दिया। जामदा की ओर से सरोज महतो ने 23 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

जीत के लिए निर्धारित तीस ओवर में 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोप एंड सिंह क्लब बड़ा जामदा की पूरी टीम 52.4 ओवर में 157 रन बनाकर आल आउट हो गई। गेंदबाजी में अपना दम दिखाने वाले सरोज महतो ने बल्लेबाजी में भी जौहर दिखाया और सात चौकों एवं तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली पर अन्य बल्लेबाजों की असफलता ने टीम की लुटिया डुबो दी। एन एम राहुल ने 29 तथा करण ने 18 रन बनाए। स्टूडेंट क्लब चाईबासा की ओर से कैफ जमील, मनीष कुमार, फरदीन आलम एवं कप्तान मो० वसीम ने दो-दो विकेट हासिल किए।